राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 164, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 29 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट में देरी : जल मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को लिखी चिट्ठी .... पेज 03

मिट्टी में मिल गये माफिया, 60 हजार पुलिस पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू .... पेज 05

पहले टेस्ट में भारत को दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 32 रनों से हराया .... पेज 07


## अयोध्या के श्रीराम एयरपोर्ट का नाम बदलकर महर्षि वाल्मीकि किया

### प्राण प्रतिष्ठा में गर्भगृह में मोदी-योगी समेत 5 लोग रहेंगे

अयोध्या। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। सूत्रों के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत और मंदिर के आचार्य (मुख्य पुजारी) मौजूद रहेंगे।

सबसे पहले पीएम मोदी प्रभु श्रीराम की प्रतिमा से पर्दा हटाएंगे, फिर उनकी आंखों में काजल लगाएंगे। इसके बाद आईने में उनका चेहरा दिखाएंगे। यह प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान निभाई जाने वाली एक रस्म है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 23 दिन पहले यानी 30 दिसंबर को मोदी अयोध्या आ रहे हैं। उनके दौरे से पहले अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम बदला गया है। श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अब महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम के नाम से जाना जाएगा। इससे पहले 27 दिसंबर को अयोध्या के रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अयोध्या धाम किया गया था।

30 दिसंबर को मोदी एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का उद्घाटन कर रोड शो करेंगे। इससे पहले मंदिर ट्रस्ट रामलला की बन रही 3 मूर्तियों में से एक का चयन कर लेगा। 29 दिसंबर को मूर्ति का चयन हो जाएगा। रामलला की इसी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### 1 मिनट 24 सेकेंड में पूरी होगी प्राण-प्रतिष्ठा



प्राण-प्रतिष्ठा महज 1 मिनट 24 सेकेंड में होगी। काशी के पंडितों ने यह मुहूर्त तय किया है। द्रविड़ बंधु पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पं. विश्वेश्वर शास्त्री ने बताया कि 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से मूल मुहूर्त होगा, जो 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक चलेगा यानी प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त कुल 1 मिनट 24 सेकेंड का ही होगा। इस मुहूर्त की शुद्धि भी की जाएगी। मुहूर्त शुद्धि का समय 20 मिनट का होगा। यह 19 जनवरी की शाम 6 बजे से शुरू होगा, जो 6 बजकर 20 मिनट तक चलेगा। इसके बाद 20 जनवरी को सूर्योदय से पहले मुहूर्त शुद्धि का संकल्प होगा। पंडित गणेश्वर शास्त्री ने ही काशी कॉरिडोर के लोकार्पण और राम मंदिर शिलान्यास का मुहूर्त तय किया था।

## ललन सिंह के इस्तीफे की अटकलें खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार में गठबंधन सरकार चला रही जनता दल - यू ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के इस्तीफे की अटकलों को खारिज करते हुए कहा है कि पार्टी में सब कुछ सामान्य है और शुक्रवार को राष्ट्रीय कार्यारिणी की बैठक में भविष्य की रणनीतियों पर मंथन किया जायेगा।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले गुरूवार को यहां पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई । बैठक के बाद पार्टी नेता के सी त्यागी ने संवाददाताओं से कहा कि कल सुबह साढे ग्यारह बजे राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी ।

उन्होंने कहा कि बैठक में देश की राजनीतिक , सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों पर विस्तार से विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर बैठक में प्रस्ताव भी लाये जायेंगे।

विरोध प्रदर्शन




नई दिल्ली में दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाओं के इस्तेमाल के आरोपों को लेकर भाजपा पार्षदों ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सदन के अंदर विरोध प्रदर्शन किया।

## मुरैना में सड़क दुर्घटना में चार युवकों की मौत

एजेंसी

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में चार युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिहोनिया थाना क्षेत्र में भिंड जिले के निवासी आधा दर्जन युवक मोटर साइकिलों से मुरैना के लिये निकले थे।

कल उनकी मोटर साइकिलें अंधेरा होने के कारण खड़ियाहर गांव के समीप आपस में भीड़ गईं। इस घटना में मजबूत सिंह और अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि अन्य दो घायलों युवकों को चिकित्सकों ने ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था।

उपचार के दौरान दोनों युवकों की ग्वालियर में मौत होने की खबर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिल्ली-एनसीआर में कोहरे का रेड अलर्ट, 134 फ्लाइट्स लेट

### एमपी के 6 शहरों में ओले गिरने की संभावना, यूपी के 5 जिलों में स्कूल बंद

नई दिल्ली। दिल्ली-एमसीआर में कोहरे को लेकर रेड अलर्ट है। घनी धुंध के कारण रेलवे, सड़क और एयर रूट प्रभावित हुए हैं। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में विजिबिलिटी 0-50 मीटर तक रह गई है। 28 दिसंबर की सुबह 5: 30 बजे सफदरजंग में 50 मीटर और पालम में 25 मीटर विजिबिलिटी दर्ज की गई। दिल्ली एयरपोर्ट पर 134 फ्लाइट्स लेट हो गईं। इसके अलावा 22 ट्रेनें 8 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं।

उधर, यूपी के 32 जिलों में फॉग का रेड अलर्ट है। इन शहरों में विजिबिलिटी कहीं जीरो तो कहीं 5-10 मीटर तक पहुंच गई। 5 जिलों में स्कूल बंद कर दिए हैं। वहीं, एमपी के 6 शहरों में ओले गिरने की संभावना है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीते 2 दिन में यूपी, राजस्थान और पंजाब में कोहरे की वजह से हुए सड़क हादसे में 17 लोगों की जान चली गई और 46 लोग घायल हो गए।



### एमपी-राजस्थान समेत 14 राज्यों में अलर्ट

आईएमडी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत 14 राज्यों में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के अलावा पंजाब और हरियाणा में भी रेड अलर्ट है। पंजाब से सटे हरियाणा के अंबाला, पेहोवा, कैथल, शाहाबाद और गुहला में सुबह 8 बजे विजिबिलिटी 10 से 50 मीटर तक रही। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा में 28 दिसंबर तक घने कोहरे का अनुमान है। 29 दिसंबर से 30 दिसंबर तक हल्का कोहरा छाया रहेगा। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन में भी धुंध छाई रही। आईएमडी के मुताबिक, एमपी में 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक बारिश के साथ ओले गिरने के आसार हैं।

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, उत्तराखंड, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 दिसंबर तक घना कोहरा छाया रहेगा। यहां विजिबिलिटी रेंज 50 मीटर तक रहने का अनुमान है।

## साइन बोर्डों पर कन्नड़ भाषा को लेकर गर्मायी कर्नाटक की सियासत

### सिद्दरमैया बोले- सरकार शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के खिलाफ नहीं

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने गुरुवार को साइन बोर्डों पर कन्नड़ भाषा में जानकारी प्रदर्शित करने पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी विरोध कर सकता है, लेकिन किसी को भी सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कानून को हाथ में न लेने की हिदायत दी।

टीए नारायण गौड़ा गुट वाले कन्नड़ संगठन कर्नाटक रक्षणा वेदिके ने बुधवार को उन दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जिन पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड, विज्ञापन और नेम प्लेट नहीं लगे हुए थे। कर्नाटक रक्षणा वेदिके कन्नड़ डिस्प्ले के लिए साइनबोर्ड पर 60 फीसद जगह मांग रहा है।

बर्बरता की निंदा करते हुए सिद्दरमैया ने कहा, हम विरोध प्रदर्शन के विरोधी नहीं हैं। हम अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले या न्याय की मांग करने वाले किसी भी व्यक्ति का विरोध नहीं करेंगे, लेकिन कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।



पत्रकारों के साथ बातचीत में सिद्दरमैया

ने कहा कि उन्होंने कन्नड़ साइनबोर्ड के संबंध में नियमों के कार्यान्वयन पर चर्चा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इस बैठक में राज्य के गृह मंत्री सहित अन्य आला अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा,

कन्नड़ बोर्ड जरूरी है। यह कन्नड़ नाडु है और यहां बोर्ड कन्नड़ में होने चाहिए। हम अन्य भाषाओं के विरोधी नहीं, लेकिन कन्नड़ की प्रधानता होनी चाहिए।

## देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 692 नए मामले

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 692 नए मामले दर्ज किए गए हैं और इसी अवधि में छह लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय डाटा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, सक्रिय कोविड-19 मामलों की कुल संख्या 4,097 तक पहुंच गई है, जो देश में कुल सक्रिय मामलों का 0.01 प्रतिशत है। इस संक्रमण से छह मरीजों की मृत्यु हुई। इनमें से दो मरीजों की मृत्यु महाराष्ट्र में हुई, जबकि दिल्ली, कर्नाटक, केरल और पश्चिम बंगाल में एक-एक मौत हुई, जिससे मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,33,346 हो गई। स्वास्थ्य



मंत्रालय ने बताया कि इस मामले में मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है। स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,73,448 हो गयी है, जिससे रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के अनुसार, राजधानी में बुधवार को कोविड-19 सब-वैरिएंट जेएन 1 का पहला मामला दर्ज किया गया। कुल तीन संदिग्धों के नमूनों का परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया था। इनमें से एक की पहचान जेएन1 के रूप में की गयी जबकि अन्य दो की पुष्टि ओमिक्रॉन के रूप में की गई। दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर दिशानिर्देश जारी किए हैं। एम्स निदेशक ने आकस्मिक उपायों पर चर्चा के लिए विभाग प्रमुखों के साथ बैठक की। इस बैठक में कोविड-19 परीक्षण, संक्रमण से संक्रमित मरीजों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्रों और अस्पताल में भर्ती होने के प्रोटोकॉल पर नीतियों पर चर्चा की गई।

## कांग्रेस में हर आदमी की बात सुनी जाती है : राहुल

### राहुल बोले- इंडिया और एनडीए में विचारधारा की लड़ाई

एजेंसी

नागपुर। कांग्रेस के स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी ने कहा- इंडिया और एनडीए में विचारधारा की लड़ाई है। कुछ दिन पर भाजपा के एक सांसद मुझे लोकसभा में मिले। उन्होंने मुझसे कहा- बीजेपी में गुलामी चलती है... जो ऊपर कहा जाता है, वो बिना सोचे समझे करना पड़ता है। बीजेपी में रहकर सहा नहीं जाता। मैं हूं बीजेपी में, मगर दिल मेरा कांग्रेस में है। मैंने कहा- भाई दिल तेरा कांग्रेस में शरीर बीजेपी में। मतलब, दिल शरीर को कांग्रेस में लाने से डर रहा है, यही हो सकता है। मैंने कहा मन क्यों नहीं बन पा रहा है। आप एमपी हो। आप मुझे हिंट दे रहे हो। मन क्यों नहीं बन पा रहा है।



### भाजपा की विचारधारा राजाओं वाली

हमारे महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पीएम से सवाल पूछा- जीएसटी में किसानों का क्या हिस्सा होगा। मोदी जी को सवाल अच्छा नहीं लगा, पटोले जी आउट हो गए। उनकी विचारधारा राजाओं की विचारधारा है। किसी की सुनना ही नहीं। ऑर्डर आएगा, आपको उसका पालन करना पड़ेगा।

हमारे कार्यकर्ता मेरे सामने आते हैं और कहते हैं कि राहुल जी आपने जो ये किया अच्छा नहीं किया। मैं बताता हूं कि देखिए ये मैंने इस कारण से किया। मैं उनकी सुनता हूं। उनकी जो आवाज है उसका आदर करता हूं, रिस्पेक्ट करता हूं।

### कांग्रेस की लड़ाई अंग्रेजों के साथ राजा-महाराजाओं के खिलाफ भी थी

गांधी-नेहरू जेल गए। अंबेडकर ने सालों संघर्ष किया। हमारी विचारधारा कहती है कि देश की लगाम जनता के हाथ में होनी चाहिए। देश को जैसे पहले राजा चलाते थे। वैसे नहीं चलाया जाना चाहिए। हम जनशक्ति, लोकशक्ति की बात करते हैं। आप हमारे सारे के सारे कानून देखिए। आजादी की लड़ाई जनता ने लड़ी थी। राजाओं ने नहीं लड़ी थी। उनकी पार्टनरशिप थी अंग्रेजों के साथ। लोग भूल जाते हैं कि आजादी की लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ थी। नहीं, अंग्रेजों के साथ राजाओं के खिलाफ थी।

कांग्रेस ने गरीब जनता के लिए ये लड़ाई लड़ी थी। अगर आप आजादी से पहले यहां आते तो हिंदुस्तान की जनता को, महिलाओं को कोई अधिकार नहीं थे।

### नागपुर से जन्मी आरएसएस ने देश को बर्बाद कर दिया- खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- हमारे पीछे आरएसएस का बंगला है। आरएसएस भी यहीं (नागपुर) से पैदा हुई और यहीं आरएसएस आज देश को बर्बाद कर रही है। मोदी आरएसएस का झंडा लेकर आगे चल रहे हैं और उनके पीछे आरएसएस है। इसलिए आपको सोचना चाहिए जब तक आप नहीं उठेंगे तब तक समानता का झंडा नहीं फहरा सकते। मैं सबसे विनती करूंगा कि पिछले 10 साल में बीजेपी और आरएसएस देश को तंग किए हैं। संघ की सरकार को नहीं रोका तो देश बर्बाद की ओर जाएगा और लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। कांग्रेस का आज 139वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर पार्टी ने नागपुर में मेगा रैली का आयोजन किया है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल के मुख्यमंत्री समेत पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे हैं।

रेप-हत्या

### गर्दन पर कट के निशान, पास में मिले 2 चाकू

## महिला की रेप के बाद हत्या, नाले में पड़ी मिली अर्धनग्न बॉडी

एजेंसी

रोहतक। हरियाणा के रोहतक में बड़ी वारदात सामने आई है। यहां सांपला थाना एरिया में नेशनल हाईवे-9 पर बने नाले में एक महिला की अर्धनग्न बॉडी पड़ी मिली।

पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि महिला से रेप करने के बाद उसकी गला काटकर निर्ममता से हत्या कर दी गई। कत्ल के बाद हत्यारे लाश को नाले में फेंककर फरार हो गए।

पुलिस को इन्वेस्टिगेशन के दौरान महिला की डेडबॉडी के पास दो चाकू भी पड़े मिले। संभवत-इन्हीं चाकुओं



से महिला का गला काटा गया। पुलिस मरने वाली महिला की पहचान की कोशिश कर रही है। एफएसएल की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं ताकि जरूरी साक्ष्य जुटाए जा सकें।

### मौके से 2 चाकू बरामद

उन्होंने बताया कि एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। घटनास्थल पर शव के पास से सब्जी काटने के 2 चाकू बरामद हुए है। सूट का आगे का हिस्स काटा हुआ है। जिससे लग रहा है कि महिला की गला रेतकर हत्या की गई है। डीएसपी राकेश ने बताया कि प्राथमिक दृष्टि से लग रहा है कि महिला का दुष्कर्म करके हत्या की गई है।

### 4-5 दिन पुराना है शव

सांपला के डीएसपी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बहादुरगढ़ से रोहतक रोड एनएच-9 पर बेरी चौक के समीप एक महिला का शव पड़ा हुआ है। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष प्रतीत हो रही है और उसके दाएं हाथ पर रोशन गुदा हुआ है। महिला ने हरे रंग की पजामी व सूट पहना हुआ है। शव की हालत को देखकर लग रहा है कि यह चार-पांच दिन पुराना है। प्रतीत हो रहा है कि किसी ने हत्या करके यहां डाल दिया।

## गुना हादसा : दो अधिकारी निलंबित, मामले से जुड़े अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

भोपाल, गुना। मध्यप्रदेश के गुना जिले में हुए भीषण बस हादसे में 13 लोगों की मौत के मामले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज गुना पहुंच कर घायलों की हालत का जायजा लेने के बाद लापरवाही पाए जाने पर दो अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही उन्होंने मुख्य सचिव को इस मामले से जुड़े संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

आज गुना में स्थितियों का जायजा लेने के बाद डॉ यादव ने वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा, गुना बस हादसा मामले की जांच के लिए 4 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जो



गंभीरता से जांच कर घटना की रिपोर्ट सौंपेगी। मैंने मुख्य सचिव को इस मामले से जुड़े संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

साथ ही परिवहन विभाग को दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को कहा है। सभी कलेक्टर्स और एसपी को भी बगैर परमिट चलने वाले वाहनों पर सतर्कता बरतने और दोषियों के विरुद्ध कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

गुना हादसा मामले को लेकर मेरे मन में अत्यंत पीड़ा है। मध्यप्रदेश की संवेदनशील सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

इसके पहले डॉ यादव ने हादसे को हृदय विदारक बताते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी और हादसे के लिए दोषी आरटीओ और सीएमओ गुना के निलंबन के निर्देश दिए।

गुना हादसे के बाद समय पर फायर ब्रिगेड सेवा उपलब्ध न करवाए जाने के कारण नगर पालिका अधिकारी के निलंबन का कदम भी उठाया है।

## शार्ट न्यूज

### शिमला में उमड़ी सैलानियों की भीड़

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में नया साल (न्यू ईयर) का जश्न मनाने के लिए सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। पहले जहां क्रिसमस पर राजधानी शिमला में लाखों पर्यटक पहुंचे थे तो वहीं अब न्यू ईयर पर भी भारी संख्या में सैलानियों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। नया साल मनाने के लिए सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला अभी से ही शुरू हो चुका है। न केवल देश बल्कि विदेशी सैलानी भी बड़ी तादाद में हिमाचल प्रदेश पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि कि शिमला के प्रवेशद्वार शोघी बैरियर से पिछले 10 दिन में करीब 1.60 लाख गाड़ियों ने शहर में प्रवेश किया जिसमे लाखों पर्यटक यहाँ पहुंचे है। शिमला के होटलों में शत-प्रतिशत बुकिंग हो गयी है जिससे पर्यटन कारोबार बेहद अच्छा चला हुआ है। होटल कारोबारियों की माने तो दिसंबर के बाद जनवरी माह में भी प्रदेश के तमाम पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भीड़ उमड़ी रहेगी। वही इस बार नये साल पर बर्फबारी के भी आसार जताए गए हैं जिसके चलते बड़ी संख्या में पर्यटक बर्फ के दीदार को हिमाचल पहुंचेगे।

### पंजाब में लॉरेस बिश्नोई गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब में संगठित अपराध को बड़ा झटका देते हुए एजीटीएफ पंजाब ने विदेश स्थित गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गैंग के संचालक विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। विक्रमजीत को ड्रग्स और हथियारों की तस्करी में विदेश स्थित संचालकों के माध्यम से पाक एजेंसियों द्वारा समर्थित किया गया था। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा, एक बड़ी सफलता में, एजीटीएफ पंजाब ने लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गैंग के एक सदस्य विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया है। उसे विदेश के हैंडलर द्वारा प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्य को खत्म करने का काम सौंपा गया था। वह सीमा पार से हथियारों/ड्रग्स की तस्करी में भी शामिल था। डीजीपी ने बताया कि विक्रमजीत का आपराधिक इतिहास है, उसके खिलाफ पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में यूएपीए समेत 20 मामले दर्ज हैं। वह 2018 में राजस्थान के गंगानगर में एक जिम में अपने प्रतिद्वंद्वी जॉर्डन की सनसनीखेज हत्या में मृत गैंगस्टर अंकित भादू के शूटर/सह-अभियुक्तों में से एक था।

### शीत लहर संबंधित प्रशासनिक तैयारीयां की

देहरादून। उत्तराखंड में पर्वतारोहण के लिए आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा को गम्भीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में ट्रैकिंग एजेंसियों तथा कम्पनियों के पंजीकरण की व्यवस्था को पुख्ता करने, प्रदेश में एक प्रभावी पर्वातारोहण नीति या मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने के साथ ही प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) को ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की जानकारी जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के साथ अनिवार्यत: सांझा करने के निर्देश दिए हैं। सुश्री रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को भी इस सम्बन्ध में डीएफओ, पर्यटन विभाग तथा ईको टूरिज्म से समन्वय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि समय पर ट्रैकिंग एसओपी प्रभावी न होने की दशा में प्रदेश में आने वाले पर्वतारोहियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही की घटना के लिए वन विभाग को सीधे तौर पर उत्तरदायी ठहराया जाएगा तथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वन विभाग को सख्त हिदायत दी है कि ट्रैकिंग एजेंसियों के लिए भी एक ठोस एसओपी के साथ ही ट्रैकर्स के लिए पुख्ता सुरक्षा मापदण्ड, बीमा, प्रशिक्षित गाइड्स, स्नो इक्वपमेन्ट्स, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, बेसिक मेडिसिन की तत्काल व्यवस्था को लागू किया जाए।

### घोटालों की जांच को बनी एसआईटी

देहरादून। उत्तराखंड में भूलेख एवं भूमि विक्रय के मामलों में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने को वित्त मंत्री डॉ प्रेमचन्द अग्रवाल ने संस्तुति प्रदान की है। यह कमेटी मामले दर मामले जाँच करेगी। साथ ही मामले का निस्तारण भी करेगी। इससे पूर्व, गठित समिति को सिर्फ जांच का अधिकार था, जबकि नई टीम को आवश्यक कार्यवाही जैसे प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) की भी शक्ति प्रदान की गई है। डॉ अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अंतर्गत, जनपद देहरादून में भूमि संबंधी विक्रय विलेखों में की गई जालसाजी के प्रकरणों को ध्यान में रखते हुए तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा भूमि अथवा संपत्ति के विलेख पत्रों के पंजीकरण में हुई जालसाजी अथवा कूट रचना के मामलों, किसी अन्य व्यक्ति को भूस्वामी अथवा संपत्ति स्वामी दिखाकर अथवा स्वयं भूस्वामी व संपत्ति स्वामी बनकर किसी अन्य व्यक्ति की संपत्ति का अंतरण करने के लिए विलेख पत्र लिखकर धोखाधड़ी से प्रतिफल की राशि प्राप्त करने आदि के प्रकरणों की जांच की जाएगी।

### बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही के पहले दिन करीब उन्नतीस सौ बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान में नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने प्रदेश में अपराध के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है और अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध शुरु किए किए तीन दिवसीय विशेष अभियान के पहले दिन बुधवार को लगभग उन्नतीस सौ बदमाश गिरफ्तार किए गए। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि सक्रिय अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए यह अभियान आज अलसुबह शुरु किया गया। अभियान के पहले दिन 8578 पुलिसकर्मियों की 2250 टीमों ने अपराधियों के 6843 ठिकानों पर दबिश देकर समग्र रूप से 2872 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मिश्रा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन की निगरानी में प्रदेश भर में यह कार्रवाई संचालित की गई। उन्होंने बताया कि सभी रेंज आईजी ने समस्त कार्रवाई की मॉनिटरिंग की एवं स्थानीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फील्ड में पुलिस टीमों द्वारा कार्रवाई की गई।

### हेंमत सोरेन सरकार फाईल, फोल्डर और बॉस वाली सरकार है: बाबूलाल मरांडी

रांची। झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के भ्रष्टाचार की चर्चा केवल प्रदेश तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसकी गूंज पूरे देश में है। मरांडी ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में राज्य सरकार के 4 वर्षो की विफलताओं को उजागर करते हुए आरोप-पत्र के विमोचन के बाद हेमंत सोरेन सरकार पर आरोपों की बौछार की। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने इन 4 वर्षो में कोई लीगल काम किया ही नहीं किया, बल्कि सारा इलीगल काम किया है। उन्होंने कहा कि इडी की छापेमारी और आईटी रेड में कांग्रेस के सांसद के यहां से करोड़ों की नगदी बरामद होती है। यह मोदी जी की सरकार है, जनता से लूटी गई पाई-पाई भ्रष्टाचारियों को लौटानी होगी। मरांडी ने इस दौरान जहां हेमंत सरकार की विफलताओं पर जमकर हमला बोला वहीं झारखंड में अब तक भाजपा की रही तीनों सरकारों और पिछले 9 सालों में केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा देश और झारखंड के संदर्भ में किए उल्लेखनीय कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया।

### तालबेहट स्टेशन पर रूकेगी झेलम एक्सप्रेस

भोपाल। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल-खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस और डॉ.अम्बेडकर नगर-प्रयागराज जं.-डॉ.अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस को दुरियागंज स्टेशन पर तथा पुणे-जम्मूतवी-पुणे झेलम एक्सप्रेस को तालबेहट स्टेशन पर दोनों दिशाओं में ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 22163 भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस 28 दिसंबर को दुरियागंज स्टेशन पर 11.39 बजे पहुँचकर 11.41 बजे तथा गाड़ी संख्या 22164 खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस 28 दिसंबर को दुरियागंज स्टेशन पर 16.44 बजे पहुँचकर 16.46 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14116 प्रयागराज जं.-डॉ.अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 28 दिसंबर को दुरियागंज स्टेशन पर 21.34 बजे पहुँचकर 21.36 बजे गन्तव्य को जाएगी।

# विदेशी-कंपनी के गेट पर ताला डाल किसानों ने किया प्रदर्शन

**आरोप लगा कर बोले- काम करने वाले लोगों का लाखों बकाया, नहीं दिया जा रहा पेमेंट**



जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक निर्माणाधीन विदेशी कंपनी पर विभिन्न आरोप लगाते हुए गुरुवार को किसानों ने मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। करीब दो घंटे तक कंपनी के गेट पर ताला लगा रहा और निर्माण कार्य रोक दिया गया। सूचना के बाद दनकौर और रबूपुरा पुलिस भारी संख्या में पहुंची और किसानों को समझाने का प्रयास किया गया। काफी देर की मशक्कत के बाद किसान सहमत हुए। किसानों को आश्वासन दिया गया है कि 7 दिन में समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

दनकौर क्षेत्र में कुछ वर्षों से एक कंपनी का निर्माण कार्य चल रहा है। जो लगभग पूरा होने वाला है। कंपनी में कार्य कर रहे कुछ कामगार और ठेकेदारों का आरोप है कि कार्य के बदले उन्हें पेमेंट नहीं की जा रही है। पेमेंट की मांग को लेकर पहले भी कई बार धरना प्रदर्शन कर कार्य का बहिष्कार किया जा चुका है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में निर्माणाधीन कंपनी पर पहुंचे और मुख्य गेट की तालाबंदी कर दी गई।

दोपहर एक बजे से शाम तीन बजे तक कंपनी में निर्माण कार्य बंद रहा। इस दौरान कनारसा गांव के रहने वाले अनिल ने बताया कि कंपनी पर उनके करीब 39 लाख रुपये बकाया हैं। कानपुर के रहने वाले वीके बोस ने बताया कि उनके 18 लाख रुपये नहीं दिये जा रहे हैं। साथ ही खेरली भाव के रहने वाले इमरान का कहना है कि कंपनी में उनके करीब 6 लाख रुपये नहीं दिए हैं।

अन्य कामगारों और ठेकेदारों ने भी अपनी समस्या से अवगत कराया। संगठन के जिलाध्यक्ष राजकुमार नागर का कहना है कि कंपनी ने क्षेत्रीय लोगों को ठगा है।

किसानों के धरना दिये जाने की सूचना के बाद दनकौर और रबूपुरा पुलिस भारी संख्या में मौके पर पहुंची। किसानों को समझा बुझाकर शांत किया गया। किसानों का कहना है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दोबारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## ग्रेटर नोएडा में दो और विश्व विद्यालय के खुलने के आसार

ग्रेटर नोएडा। (पीएमए) ग्रेटर नोएडा में दो और नामी विश्वविद्यालय खुलने के आसार बन गए हैं। राजस्थान के माधव गोविंद विश्वविद्यालय और नोएडा के जेएसएस विश्वविद्यालय ने ग्रेटर नोएडा में विश्वविद्यालय खोलने के प्रति रुचि दिखाई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दोनों विश्वविद्यालयों को जमीन चिन्हित कर दिखाया है। उनको जमीन पसंद भी आ गई है।

अगर दोनों विश्वविद्यालयों को जमीन आवंटित हुई तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को लगभग 550 करोड़ रुपये से अधिक की आमदनी होगी। औद्योगिक निवेश के प्रमुख केंद्र के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा की पहचान शिक्षा के हब के रूप में भी है। देश-विदेश से छात्र-छात्राएं यहां शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य बना रहे हैं। यहां कई नामी विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान चल रहे हैं।

इसी कड़ी में दो और विश्वविद्यालयों के नाम भी जल्द जुड़ने जा रहे हैं। नोएडा के जेएसएस विश्वविद्यालय और राजस्थान के माधव गोविंद विश्वविद्यालय ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से विश्वविद्यालय बनाने के लिए जमीन की मांग की है। दोनों शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से मिले।

सीईओ ने उन्हें जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। सीईओ के निर्देश पर संस्थागत विभाग के विभागाध्यक्ष संतोष कुमार ने दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों को टेकजोन टू में 28 एकड़ और टेकजोन में स्टेलर आईटी पार्क के पास 33 एकड़ के भूखंड दिखा दिए हैं।

ओएसडी संतोष कुमार ने बताया कि दोनों संस्थानों के प्रबंधन को भूखंड पसंद भी आए हैं। दोनों विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने शीघ्र ही औपचारिक प्रस्ताव के साथ प्राधिकरण आने की बात कही है।

अगर दोनों संस्थाएं ग्रेटर नोएडा में विश्वविद्यालय बनाने के लिए जमीन खरीदती हैं तो प्राधिकरण को इससे 550 करोड़ रुपये से अधिक की आमदनी होगी।

## आठ सहायक पुलिस आयुक्तों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

नोएडा। (पीएमए) कानून व प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने आठ अपर पुलिस आयुक्त/सहायक पुलिस आयुक्तों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। अब नए कार्यक्षेत्र के अनुसार ही अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में पुलिस कमिश्नर कार्यालय से सूची जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि आदेश के अनुसार आईपीएस शैव्या गोयल को सहायक पुलिस आयुक्त तृतीय नोएडा की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि अपर पुलिस आयुक्त/सहायक पुलिस आयुक्त पीपीएस पवन कुमार को स्टॉफ आफिसर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर बनाया गया है।

सहायक पुलिस आयुक्त दीक्षा सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम सेंट्रल नोएडा, प्रवीण कुमार सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त चतुर्थ ग्रेटर नोएडा की जिम्मेदारी दी गई है।

हेमंत उपाध्याय को सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय सेंट्रल नोएडा, सहायक पुलिस आयुक्त रमेश चंद पांडेय को सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस लाइन, सहायक पुलिस आयुक्त सौम्या सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त महिला सुरक्षा तथा सहायक पुलिस आयुक्त सौरभ श्रीवास्तव को सहायक पुलिस आयुक्त साइबर सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

## किसानों ने सीईओ से चर्चा का प्रस्ताव ठुकराया

**शासन स्तर से मंजूरी के बाद ही धरना होगा समाप्त, अब वोट की चोट का दिया नारा**



नोएडा। नोएडा प्राधिकरण पर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे किसानों ने सीईओ से चर्चा का प्रस्ताव ठुकरा दिया। किसानों का कहना है कि मांगों पर शासन की मंजूरी के बाद ही चर्चा की जाएगी। किसानों का नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ 11 दिसंबर और एनटीपीसी पर 18 दिसंबर से किसानों का अनिश्चित कालीन धरना चल रहा है। दोनों आंदोलन का नेतृत्व भारतीय किसान परिषद कर रही है।

गुरुवार को दोनों ही स्थानों पर सुबह के समय हवन किया गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफ़ा ने कहा कि किसान इस बार आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। मांगें पूरी होने के बाद ही धरना खत्म किया जाएगा। किसान लोकसभा चुनाव में वोट की चोट देने के लिए भी तैयार हैं। इसके लिए वो इस बार संसद भवन तक जाने को तैयार है।

### शासन से मंजूरी के बाद होगी वार्ता

दोपहर को प्राधिकरण सीईओ की ओर से एसीपी वार्ता का प्रस्ताव लेकर आए। सुखवीर ख़लीफ़ा ने कहा कि मांगों के संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इस प्रस्ताव पर मंजूरी के बाद ही वार्ता होगी। उन्होंने कहा कि किसान बड़े आंदोलन के लिए तैयारी कर चुके हैं। नोएडा प्राधिकरण में दो जनवरी और एनटीपीसी में पांच जनवरी को तालाबंदी की जाएगी।

### किसानों की ये है मांग

- 10 प्रतिशत भूखंड या उसके समतुल्य धनराशि दी जाए
- आबादी विनियमितीकरण के तहत प्रति बालिग सदस्य 450 से बढ़ाकर एक हजार मीटर जमीन छोड़ी जाए
- पांच प्रतिशत भूखंड में व्यवसायिक गतिविधि चलाने के लिए शुल्क तय नहीं
- एनटीपीसी से प्रभावित 2200 किसान परिवारों को मुआवजा मिले
- एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांवों के किसानों को मिले समान दर से मुआवजा
- क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण

## नए साल से गरीबों को मिलेगा 450 रुपए में सिलेंडर



जयपुर। (पीएमए) राजस्थान में उज्ज्वला और बीपीएल गैस कनेक्शनधारियों के लिए अच्छी खबर है. भजनलाल सरकार 1 जनवरी से इन कनेक्शनधारियों को एलपीजी सिलेंडर 450 रुपए में देना शुरू कर सकती है. इसके लिए फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट ने प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री को भिजवाया है. विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था, जिसे बाद में सरकार ने अपने 100 दिवस के संकल्प पत्र में भी शामिल किया है.

सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जल्द ही इस फाइल को मंजूरी दे सकते हैं. इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार ने इन कनेक्शनधारियों को 500 रुपए में सिलेंडर देने की शुरुआत की थी, जो 1 अप्रैल से लागू हुई थी. लेकिन अब भजनलाल सरकार इस सिलेंडर को 50 रुपए और सस्ता करने जा रही है. इसकी शुरुआत एक जनवरी से की जा सकती है.

### 52 करोड़ रुपए का आएगा अतिरिक्त भार

सरकार के इस निर्णय के बाद राज्य के वित्तीय कोष पर हर महीने 52 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा. वर्तमान में तेल-गैस कंपनियां 14.2 किलोग्राम का रसोई गैस सिलेंडर 906 रुपए में उपलब्ध करवा रही है. केंद्र सरकार की ओर से उज्ज्वला कनेक्शनधारियों को 300 रुपए की सब्सिडी दी जाती है.

### हर महीने 30 लाख रिफिलिंग

राज्य में वर्तमान में 70 लाख उज्ज्वला और बीपीएल कनेक्शनधारी हैं. इसमें करीब 66 लाख उज्जवला के हैं, जबकि 4 लाख बीपीएल कनेक्शनधारी. केंद्र सरकार की ओर से उज्ज्वला कनेक्शनधारियों को 300 रुपए सब्सिडी देने के बाद राज्य सरकार को 156 रुपए सब्सिडी अलग से देनी पड़ेगी. राज्य में वर्तमान में इन कनेक्शनधारियों की तरफ से 30 लाख सिलेंडर हर महीने रिफिल करवाए जा रहे हैं.

### स्कीम का नाम बदलेगी सरकार

भजनलाल सरकार इस योजना को लागू करने के साथ ही इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना का नाम भी बदलेगी. गहलोत सरकार ने इस योजना को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम से शुरू किया था।

## लोकसभा चुनावों में भाजपा चारों सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगी

शिमला। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चारों सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगी।

ठाकुर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर जोश है और हम 2014, 2019 की तरह 2024 में भी एक बड़ी जीत हासिल करेंगे। एक बार पुन: देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनेंगे और जिस प्रकार से पूरे देश को प्रधानमंत्री पर विश्वास है, उसी विश्वास की अटूट नीव 2024 में रखी जाएगी।

इससे पहले भाजपा किसान मोर्चा की पदाधिकारी बैठक का आयोजन दीप कमल चक्कर शिमला में हुआ, बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा के अध्यक्ष संजीव देष्टा की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बैठक दिल्ली में चल रही है पर चर्चा और चिंता केवल मात्र हिमाचल में जमीनी हकीकत की हो रही है, दिल्ली को भी आज हिमाचल में दी गई गारंटीयों की चिंता सताने लगी है।

कांग्रेस ने प्रदेश में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया पर केवल मात्र केंद्र सरकार को पहुंचाने का काम किया है।

## जम्मू में ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी के मामले में दायर किया आरोप पत्र

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने गुरुवार को 60 लाख रुपये के भव्य गोल्ड कंपनी धोखाधड़ी मामले में छह आरोपियों के खिलाफ 1,266 पृष्ठ का आरोप पत्र दायर किया। एक प्रवक्ता ने कहा, स्वर्ण भव्य गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हरियाणा के कैथल निवासी बलविंदर कुमार और अन्य लोगों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने एक आपराधिक साजिश रचने के बाद शिकायतकर्ता और अन्य लोगों को उनकी जमा राशि पर हर 15 दिनों के बाद बोनस आय प्रदान करने और जमाकर्ताओं का एक नेटवर्क बनाने पर अधिक बोनस आय प्रदान करने का वादा करके कंपनी में पैसा निवेश करने के लिए प्रेरित किया, अंतत: उन्हें धोखा दिया। प्रवक्ता के मुताबिक इस अपराध में शामिल अन्य आरोपी हरियाणा के निवासी सुशील कुमार, संदीप कुमार और दीपक सिंह, नयी दिल्ली की सफली सिंह और पंजाब निवासी मनवीर सिंह हैं। इस संबंध में श्रीनगर के नौगाम निवासी मोहम्मद यूनिस, असरार अहमद, पुंछ के अयाज अहमद और राजल, राजौरी के नौशेरा निवासी मुश्ताक डार ने शिकायत दर्ज करायी थी।

## तमिल सिनेमा के सुपरस्टार विजयकांत की कोरोना से मौत

नई दिल्ली। (पी एम ए) नेता विजयकांत का निधन हो गया है। उन्हें पहले निमोनिया हुआ था और बाद में उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजीटिव आई। दक्षिण भारत के प्रसिद्ध तमिल फिल्म अभिनेता विजयकांत का निधन हो गया है। वह राजनीतिक पार्टी देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम के संस्थापक भी थे। सांस में दिक्कत के कारण विजयकांत को चेन्नई स्थिति एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया था। अस्पताल से जारी बयान के मुताबिक उन्हें निमोनिया था वहीं पार्टी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक वह कोरोना से पीड़ित थे। 71 वर्षीय अभिनेता



विजयकांत अपने प्रशंसकों के बीच कैप्टन नाम से जाने जाते थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीएमडीके प्रमुख विजयकांत के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट शोक संदेश में लिखा है कि 'विजयकांत के निधन से बेहद दुखी हूं। तमिल फिल्म जगत के एक दिग्गज, उनके करिश्माई प्रदर्शन ने लाखों लोगों का दिल जीत लिया। एक राजनीतिक नेता के रूप में, वह सार्वजनिक सेवा के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध थे और उन्होंने तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। उनका निधन एक ऐसा शून्य छोड़ गया है जिसे भरना मुश्किल होगा'

### कुछ दिन पहले ही अस्पताल से लौटे थे घर

विजयकांत इलाज के बाद 11 दिसंबर को ही घर वापस आए थे। उन्हें सर्दी और खांसी की काफी दिक्कत थी। एमआईओटी अस्पताल ने उनकी सेहत को लेकर एक बुलेटिन भी जारी किया था। इसमें कहा था कि वह अब पूरी तरह से ठीक हैं और घर लौट गए हैं।

### 2006 में ली राजनीतिक एंट्री

दक्षिण भारत में अभिनेता से नेता बनने का क्रम नया नहीं है। इसी क्रम में 2006 में विजयकांत ने देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम पार्टी लांच की थी। 8 प्रतिशत वोट शेयर के साथ विधायक भी बन गए थे। 2011 से 2016 तक वह तमिलनाडु विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता भी रहे। स्वास्थ्य के कारण पार्टी को नुकसान हुआ और फिर सत्ता खो दी। आखिरी बार 18 दिसंबर को डीएमडीके की सामान्य परिषद की बैठक में शमिल हुए थे। इसमें पत्नी वी प्रेमलता को पार्टी प्रमुख के रूप में चुना गया था।

## पार्टी स्थापना दिवस पर खड़गे ने कहा : कांग्रेस का मकसद है लोक कल्याण

नई दिल्ली। (पी एम ए) कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को 139वें स्थापना दिवस पर पार्टी मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया और कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण है। स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सांसद राजीव शुक्ला, महासचिव के.सी. वेणुगोपाल समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। खड़गे ने एक्स पर लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण है और भारत के लोगों की प्रगति है। हम संसदीय लोकतंत्र पर आधारित भारत में विश्वास करते हैं जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समानता, अवसर और राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकार निहित हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें गर्व है कि पिछले 139 वर्षों से हम ऐसे भारत के निर्माण के लिए पूरी ईमानदारी से संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक भारतीय को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिंद, जय कांग्रेस। पार्टी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए राहुल गांधी ने भी लिखा, सत्य और अहिंसा जिसकी बुनियाद है। मोहब्बत, भाईचारा, सम्मान और समानता जिसके स्तंभ हैं और देशप्रेम जिसकी छत है। मुझे फक्र है कि मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूं। कांग्रेस स्थापना दिवस की सभी नेतागणों, पदाधिकारियों, समर्थकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। प्रियंका गांधी ने लिखा, स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की गतिविधियों के संचालन के लिए 'तिलक स्वराज कोष' की शुरुआत की थी। इसका मकसद असहयोग आंदोलन के लिए पैसा जुटाना था ताकि 'स्वराज' की स्थापना हो सके। उन्होंने कहा, आज करीब 100 साल बाद कांग्रेस ने 'डोनेट फॉर देश' अभियान शुरू किया है ताकि लोकतंत्र को बचाया जा सके, चंद अरबपतियों के लिए काम करने वाली तानाशाही सरकार के खिलाफ एक मजबूत विपक्ष का गठन किया जा सके।

## सुरक्षा बलों ने बारामूला में एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने बुधवार को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया।

पुलिस ने कहा कि क्रीरी क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधि के एक विशिष्ट सूचना पर, बारामूला पुलिस और सेना 52 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) द्वारा बस स्टैंड के पास श्रकवाड़ा क्रीरी में एक संयुक्त जांच चौकी स्थापित की थी।

जांच के दौरान चेक प्वाइंट की ओर पैदल आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध हरकत देखी गई। संदिग्ध व्यक्ति ने सुरक्षा बलों को देखकर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क बलों ने उसे पकड़ लिया।

## शार्ट न्यूज

### संसद सुरक्षा सेंध : दिल्ली पुलिस ने आरोपियों की पॉलीग्राफ़ जांच के लिए अदालत से लगाई गुहार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोप में गिरफ्तार सभी छह लोगों की पॉलीग्राफ़ जांच की अनुमति के लिए गुरुवार को अदालत से गुहार लगाई। पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर की अदालत ने दिल्ली पुलिस की दलीलें सुनने के बाद कहा की वह इस मामले में दो जनवरी को विचार करेगी। अदालत ने कहा कि मामले के सभी अभियुक्तों के वकील के उपस्थित नहीं होने के कारण इस मामले में वह दो जनवरी को सुनवाई करेगी। तेरह दिसंबर को हुई घटना के मामले में गिरफ्तार सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत अदालती आदेश पर पांच जनवरी 2024 तक दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की हिरासत में हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था।

### सुनहरी बाग मस्जिद को हटाने के प्रस्ताव के विरोध में दानिश अली ने लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली के लुटियन जोन में बने सुनहरी बाग मस्जिद को हटाने के प्रस्ताव के विरोध में दानिश अली ने पत्र लिखा है। हेरिटेज कंजर्वेशन कमेटी के चेयरमैन को लिखे पत्र में कहा गया है कि तकनीक के युग में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक उपाय किए जा सकते हैं, और इसके लिए मस्जिद को हटाना अंतिम विकल्प नहीं है। यह पत्र उस प्रस्ताव के बाद आया है, जिसमें लुटियन क्षेत्र के इस अति महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रास्ते के बीच बनी मस्जिद को हटाने के संदर्भ में लोगों से राय मांगी गई है। बसपा से निष्कासित सांसद दानिश अली ने कहा है कि हेरिटेज कमेटी का उद्देश्य स्तिहासिक इमारतों के संरक्षण का है, और मस्जिद को हटाने के प्रस्ताव से उसके गठन का मूल उद्देश्य प्रभावित होता है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में यह कह दिया है कि यातायात के लिए महत्त्वपूर्ण मुख्य मार्गों के बीच में बने किसी भी धर्म की इमारतों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। इसके लिए प्रशासन से उचित सहयोग करने की बात भी कही गई है। इस आदेश के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों से इस तरह की धार्मिक इमारतें हटाई जा रही हैं, जिनके कारण यातायात में परेशानी हो रही है। माना जा रहा है कि प्रशासन ने सुनहरी बाग मस्जिद को भी सर्वोच्च न्यायालय के इसी आदेश के बाद हटाने का निर्णय लिया है।

### बंद कमरे में ठंड से बचने के लिए जलाई थी अंगीठी, जिंदा जल गया शख्स; दर्दनाक मौत

नई दिल्ली। दिल्ली में एक शख्स की घर के अंदर आग लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आग घर में जल रही अंगीठी की वजह से लगी थी जिसे शख्स ने ठंड से बचने के लिए जलाया था। बाद में इसी अंगीठी से आग भड़क गई और धीरे-धीरे पूरे कमरे में फैल गई जिसमें जलकर शख्स की मौत हो गई। शख्स की पहचान विनय अरोरा के तौर पर हुई है जो दिल्ली में बाउंसर की नौकरी करता था। घटना नए मंगलापुरी इलाके की बताई जा रही है। विनय का शव उसके घर से जली हुई हालत में बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम को फतेपुर बेरी पुलिस को पीसीआर कॉल मिली जिसमें मामले की सूचना दी गई। इसके पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि कमरे में रखे कुर्सी कपड़े और अंगीठी पूरी तरीके से जल गए थे। विनय भी वहीं जली हुई हालत में पाया गया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। हालांकि जब पुलिस कमरे में पहुंची तो दरवाजा टूटा हुआ था। बताया जा रहा है कि विनय ने ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाई थी और फिर उसे जला हुआ छोड़ सोने चला गया। घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली फायर स्टेशन की एक टीम और एक फोरेंसिक टीम को भी मौके पर भेजा गया। पुलिस ने कहा कि सेंट्रलाइज्ड एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सर्विसेज एम्बुलेंस को बुलाया गया और उनके कर्मचारियों ने पीड़ित को मृत घोषित कर दिया।

### गाजियाबाद में हाउस टैक्स जमा न करने पर एक्शन

गाजियाबाद। गाजियाबाद नगर निगम जोनल प्रभारियों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सीलिंग की कार्यवाही को तेज कर दिया है। बुधवार को शहर में कई प्रतिष्ठान तथा कई मकानों पर सीलिंग की कार्यवाही हुई। कई वर्षों का बकाया ना जमा करने पर नगर निगम ये कारवाई कर रहा है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग सभी जोनों में कार्य कर रहा है। जिसमें वसुंधरा ज़ोन के अंतर्गत विंडसर क्लब को सील किया गया। इस पर 85 लाख का बकाया है। कौशांबी तथा वैशाली में भी वृहद स्तर पर अभियान चलाया गया तथा कई स्टोर सील किए गए। मोहननगर जोन के अंतर्गत शालीमार गार्डन में एक गोदाम को सील किया गया, जिस पर 1 लाख 53 हजार बकाया है। विजयनगर ज़ोन के अंतर्गत राहुल विहार में गैस एजेंसी को सील किया गया, जिस पर 12 लाख बकाया है। इसी प्रकार कविनगर जोन के अंतर्गत भी स्वदेशी कंपाउंड तथा कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया में सीलिंग की कार्यवाही की गई। सीलिंग के उपरांत हाउस टैक्स जमा किया गया। केला भट्टा, प्रेम नगर में भी सीलिंग की कार्यवाही कई मकानों पर की गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया, हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने का प्रयास चल रहा है।

### जमानत के लिए पुलिस की फर्जी-मोहर का इस्तेमाल

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पुलिस की फर्जी मोहर और फर्जी जांच आख्या लगाकर जमानत लेने का मामला सामने आया है। जिस पुलिसकर्मी की फर्जी मोहर और साइन है उसने थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने साल 2014 में जमानत ली थी और अब इस मामले का खुलासा हुआ है। गाजियाबाद के थाना मसूरी में तैनात इंस्पेक्टर हरेंद्र राणा ने सिंह ने थाना कविनगर में एक मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा के अनुसार थाना साहिबाबाद के अर्थला में रहने वाला वसीम 2014 में पॉस्को केस में जेल गया था। इसकी जमानत जिला हापुड़ के थाना धौलाना के बझेड़ा गांव के दो लोगों ने दी थी। वसीम जमानत के बाद जब कोर्ट में केस के ट्रायल के दौरान पेश नहीं हुआ तो दोनों जमानत देने वालों के नाम वारंट जारी हुए। वारंट जारी होने के बाद जब दोनों जमानती कोर्ट पहुंचे तो उन्होंने बताया कि उन्होंने तो वसीम की जमानत दी ही नहीं है। कोर्ट ने इस मामले की जांच हापुड़ एसपी को सौंपी। क्योंकि दोनों जमानती जिला हापुड़ के थाना धौलाना के बझेड़ा गांव के रहने वाले थे। जांच में पाया गया कि उस दौरान थाना धौलाना में तैनात सब इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह के नाम से फर्जी आख्या और उनकी फर्जी मोहर से जमानत मिली है। इतना ही नहीं तत्कालीन थाना धौलाना के थानाध्यक्ष की फर्जी मोहर भी लगाई गई थी।

### पुलिस चौकी से वायरलेस सेट हुआ चोरी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के ग्रामीण कमिश्नरेट के थाना लोनी की चौकी लोनी तिराहे से पुलिस का हैंड वायरलेस सेट चोरी चल गया। सेट 2023 के अप्रैल महीने में चोरी हुआ और दिसंबर में रिपोर्ट लिखी गई। वायरलेस सेट चौकी इंचार्ज के ऑफिस से चोरी हुआ है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच चल रही है। गाजियाबाद के थाना लोनी में तैनात कॉन्स्टेबल तौहिद अली ने तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक 28 फरवरी को चौकी लोनी तिराहा के अंतर्गत चलने वाली चीता (पुलिसकर्मियों को दी गई मोटर साइकिल) 48 को एक हैंडसेट दिया गया था। चौकी क्षेत्र में एक और चीता 47 भी चलती है। तौहिद अली की दी गई तहरीर के मुताबिक चीता पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी तो बदलती रहती है। लेकिन हैंडसेट उसी चीता पर रहता है। जिसके लिए वह इशू होता है। तौहीद के मुताबिक वह अप्रैल महीने में 2 दिन की छुट्टी पर गया था। जब उसने 25 अप्रैल को जॉइन किया तो हैंड सेट नहीं था। पता करने पर पता चला कि हैंड सेट चौकी इंचार्ज के कमरे में था। जहां से कोई ले गया है। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य के मुताबिक अप्रैल माह में हैंड सेट गुमशुदगी दर्ज की गई थी। उसकी जांच चल रही थी। जब सेट नहीं मिला तो फिर 22 दिसंबर को इसका मुकदमा थाना लोनी क्षेत्र में दर्ज कराया गया है। मामले की जांच चल रही है। जल्द ही हैंड सेट बरामद की जाएगी।

# अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट में देरी : जल मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने वजीराबाद रिजर्वायर में इन-सीटू अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ने पर भी पानी का उत्पादन न रुके ऐसे में ये प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें हो रही देरी से लाखों दिल्लीवासियों को समस्या होती है। इस बाबत जलमंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को लिखित निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य सचिव एक जनवरी तक रिपोर्ट दें।

मुख्य सचिव को लिखी चिट्ठी में पूछा है कि वजीराबाद रिजर्वायर में इन-सीटू अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने में इतनी देरी क्यों हुई है? मुख्य सचिव एक टाइमलाइन के साथ बताए कि वजीराबाद में इन-सीटू अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट कब तक तैयार होगा और वे स्वयं व्यक्तिगत रूप से इस प्रोजेक्ट को मॉनिटर करें। मुख्य सचिव सुनिश्चित करें कि इन-सीटू अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट के लिए टेंडर 15 जनवरी तक जारी हो जाए।

जल मंत्री ने सवाल करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री, मिनिस्टर इंचार्ज की अध्यक्षता में मार्च में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद भी प्रोजेक्ट शुरू क्यों नहीं हुआ? जो प्रोजेक्ट 4-6 महीने के भीतर पूरा होना था, 9 महीने बीतने के बाद भी उसपर जमीनी स्तर पर कोई काम क्यों शुरू नहीं हुआ।

जल मंत्री आतिशी ने कहा कि बुधवार को यमुना नदी में अमोनिया का स्तर 2.8 पीपीएम तक पहुंच गया। यमुना में अमोनिया के बढ़े हुए स्तर ने चंद्रावल और वज़ीराबाद में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया। इस कारण वज़ीराबाद और चंद्रावल



प्लांट की उत्पादन क्षमता उनकी कुल क्षमता से लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो गई। इस कारण पानी का उत्पादन भी औसतन लगभग 35-40 प्रतिशत कम हो गया।

उन्होंने कहा कि इस बड़ी समस्या के कारण दिल्ली के लगभग एक चौथाई हिस्से पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ है, जिससे सदर बाजार, सिविल लाइन्स, पुरानी दिल्ली, मुखर्जी नगर, बुराड़ी, पटेल नगर, राजिंदर नगर, करोल बाग, मजनू का टीला, आईएसबीटी, बरफखाना, बारा हिंदू राव, कमला नगर, रूप नगर जैसे घनी आबादी वाले इलाके प्रभावित हुए।

आगे कहा कि यमुना नदी में अमोनिया का बढ़ता स्तर अब बार-बार होने वाली ऐसी समस्या बन गई है जो हर साल दिल्ली में रहने वाले लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि, हरियाणा द्वारा नदी में छोड़ा गया अपशिष्ट पदार्थ और हरियाणा द्वारा नदी के प्रवाह का मेंटेनेंस न करना दिल्ली में यमुना में अमोनिया के बढ़ने का प्रमुख कारण हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 15 मार्च 2023 को डीजेबी की एक बैठक की अध्यक्षता की थी, जहां इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस संकट का तत्काल समाधान वजीराबाद

#### जल मंत्री ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश

- मुख्य सचिव एक जनवरी तक रिपोर्ट दे कि, वज़ीराबाद रिज़र्वायर में इन-सीटू अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने में इतनी देरी क्यों हुई है?
- मुख्य सचिव एक टाइमलाइन के साथ बताए कि, वज़ीराबाद में इन-सीटू अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट कब तक तैयार होगा और वे स्वयं व्यक्तिगत रूप से इस प्रोजेक्ट को मॉनिटर करें।
- मुख्य सचिव सुनिश्चित करें कि इन-सीटू अमोनिया ट्रीटमेंट प्लांट के लिए टेंडर 15 जनवरी तक जारी हो जाए।

रिर्सवायर के अंदर अमोनिया का इन-सीटू ट्रीटमेंट है। इस प्रोजेक्ट को 4-6 महीने के अंदर लागू किया जाना था। लेकिन इतना समय बीत जाने में बावजूद, यह प्रोजेक्ट अभी तक शुरू नहीं हुआ है, जिस कारण दिल्ली का एक बड़ा हिस्सा एक बार फिर जल संकट में फंस गया है। जलमंत्री ने कहा कि, मुझे यह कहते हुए निराशा हो रही है कि इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए ज़मीनी स्तर पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है जो दिल्ली जल बोर्ड की ओर से एक गंभीर चूक है। यदि मुख्यमंत्री, मिनिस्टर इंचार्ज और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इन उच्च स्तरीय बैठकों में लिए गए निर्णयों का भी कार्यान्वयन नहीं किया जाता तो ये बेहद गंभीर मुद्दा है।

## एमफिल के वर्ष 2024-25 में नहीं होंगे एडमिशन, डिग्री की मान्यता हुई रद्द

नई दिल्ली। यदि आप एमफिल पाठ्यक्रम में दाखिला लेने जा रहे हैं या ऐसी कोई योजना बना रहे हैं तो आपको सतर्क होने की आवश्यकता है. ऐसा इसलिए है क्योंकि अब एमफिल की डिग्री की मान्यता समाप्त कर दी गई है. अब कोई भी भारतीय विश्वविद्यालय एमफिल की डिग्री या पाठ्यक्रम छात्रों को ऑफर नहीं कर सकेगा.

यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एम जगदीश कुमार के मुताबिक यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को 2024-25 सेशन के लिए एडमिशन रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए कहा है. हालांकि पहले से एमफिल कर रहे छात्रों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा. यूजीसी ने देशभर के सभी छात्रों को भी इस संबंध में सतर्क रहने को कहा है.

यूजीसी का कहना है कि छात्र किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित एमफिल प्रोग्राम में दाखिला न लें. यूजीसी के मुताबिक एमफिल की



डिग्री को मान्यता नहीं है. यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि विश्वविद्यालयों या फिर उनसे संबंधित कॉलेज एम. फिल न कराएं. हालांकि यूजीसी द्वारा जारी किए गए निर्देशों के बावजूद भी कुछ विश्वविद्यालय एमफिल जैसे प्रोग्राम उपलब्ध करा रहे हैं. इसी को देखते हुए यूजीसी ने अब छात्रों को भी सतर्क रहने को कहा है.

छात्रों के बीच अभी भी असमंजस की स्थिति है और एमफिल पर यूजीसी की अधिसूचना के बाद, मौजूदा छात्रों के लिए इसकी वैधता पर प्रश्न आ रहे हैं. इस पर यूजीसी चेयरमैन का कहना है कि उच्च शिक्षा संस्थान केवल यूजीसी द्वारा निर्दिष्ट डिग्रियां ही प्रदान कर सकते हैं. यूजीसी (पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया) विनियम 7 नवंबर 2022 को अधिसूचित किए गए थे.

यूजीसी चेयरमैन ने बताया कि उपरोक्त अधिसूचना के नियम 14 में कहा गया है कि पीएचडी नियमों की अधिसूचना से पहले शुरू हुआ एम.फिल कार्यक्रम प्रभावित नहीं होगा. यानी अधिसूचना जारी किए जाने से पहले दाखिला ले चुके छात्रों को एम.फिल. की उपाधि के लिए पूरा करने की अनुमति दी जाएगी. लेकिन, इसमें यह भी स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि उपरोक्त नियमों की अधिसूचना के बाद अब देशभर का कोई भी उच्च शिक्षण संस्थान एम.फिल की पेशकश नहीं कर सकता हैं।

### छात्र पर पहुंचा 61 लाख के जुर्माने का नोटिस

गाजियाबाद। यूपी पुलिस की तैयारी कर रहे मेरठ के एक छात्र पर केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर जोधपुर से 61 लाख रुपए जुर्माना लगाने का 23 पेज का नोटिस पहुंच गया। कंपनी में टैक्स चोरी के मामले में ये कार्रवाई की गई। छात्र को बाद में पता चला कि नौकरी के लिए एप्लाई किए डॉक्यूमेंट्स का दुरुपयोग करके राजस्थान में उसके नाम की फर्म खोल ली गई है। इस मामले में पीड़ित ने गाजियाबाद पुलिस में एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मेरठ में मवाना क्षेत्र के गांव एत्मादपुर निवासी सद्दाम हुसैन ग्रेजुएट करके अब यूपी पुलिस की तैयारी कर रहे हैं। सद्दाम ने बताया, 30 नंबवर को मेरे घर पर केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर संभाग-बी, जोधपुर राजस्थान से एक नोटिस प्राप्त हुआ। इसमें मुझे पता चला कि मेरे नाम से बाड़मेर में मोमीन ट्रेडर्स फर्म खुली हुई है। जीएसटी में भी इसी नाम से फर्म पंजीकृत है। सेंट्रल जीएसटी के सहायक आयुक्त हरदीप कौर भाटिया द्वारा इस फर्म के विरुद्ध 61 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

## नोएडा में हीरा स्वीट पर लगा 5 लाख का जुर्माना



नोएडा। डीएमआरसी के सेक्टर-52 और एनएमआरसी के सेक्टर-51 मेट्रो को जोड़ने वाले एफओबी का कार्य जल्द पूरा किया जाए। यहां ऐस्कलेटर और ट्रैवलेटर लगाने का काम जल्द पूरा करे। ये निर्देश नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने निरीक्षण के समय दिए। अचानक निरीक्षण के समय उन्हें सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन के नीचे सीवर ओवर फ्लोर की शिकायत मिली।

इस पर एक्शन लेते हुए फील्ड सुपरवाइजर की छह माह की और अवर अभियंता की 3 माह सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा प्रबंधक प्रभांषू प्रसाद सिंह और वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

दरअसल सीईओ गुरुवार को सेक्टर-51-52 मेट्रो स्टेशन का अचानक निरीक्षण किया। यहां दोनों मेट्रो स्टेशन को जोड़ने के लिए एफओबी/ स्काई वॉक का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें सिविल कार्य की लागत करीब 10.54 करोड़ है। निरीक्षण में वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत यांत्रिकी ने बताया कि ऐस्कलेटर और ट्रेवलेटर लगाने का काम मार्च 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। सीईओ ने कार्य धीमा होने पर नाराजगी व्यक्त की।

## विधायक ने फीता काटकर रैन बसेरे का किया शुभारंभ

गौतम बुद्ध नगर। ठंड लगातार बढ़ती हुई जा रही है और पारा गिर रहा है। ठंड बढ़ने के साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के निर्देश पर प्राधिकरण द्वारा रैन बसेरे बनाए जा रहे हैं। जिससे कि बेसहारा लोग रैन बसेरों में अपनी रात गुजार सके।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल- 4 के अधिकारियो द्वारा ग्रेटर नोएडा के परी चौक के पास एक रैन बसेरा स्थापित करवाया है। जिसका शुभारंभ दादरी विधायक तेजपाल नागर ने रिबन काटकर व नारियल फोड़कर किया। विधायक तेजपाल नागर ने आश्वासन दिया है कि शहर में कोई भी असहाय गरीब व्यक्ति रोड पर ठंड में नहीं रहना रहेगा।

इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शासन प्रशासन प्राधिकरण लगातार रैन बसेरे तैयार कर रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा अब तक करीब सात जगह रैन बसेरे बनाए जा चुके हैं।जिनमे जिम्स हॉस्पिटल कासना, पी 3 बारात घर ,परी चौक पिंक टॉयलेट के पास, इकोटेक 3 हबीबपुर गांव के पास, गाँव तिलपता मैन सूरजपुर दादरी रोड पर , सादोपुर के मंदिर पर, सेक्टर डेल्टा टू के बारात घर मे यह रहा रैन बसेरे तैयार किए गए हैं।

#### असहाय, परेशान व्यक्ति के लिए रैन बसेरे तैयार

इन दौरान एक्टिव सिटीजन टीम के सदस्य हरेंद्र भाटी, मौनू गुर्जर तुगलपुर ने सभी से अपील करते हुए कहा कि ग्रेटर नोएडा शहर में किसी भी व्यक्ति को कोई भी असहाय, परेशान व्यक्ति मिलता है उसको रैन बसेरों में पहुंचाने का कष्ट करें ।

## यातायात पुलिस ने लोगों के लिए जारी किए सुझाव

नई दिल्ली। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आने वाले सप्ताह के लिए सुबह अधिकांश स्थानों पर घने से बहुत घने कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। दिल्ली को पहले ही रेड अलर्ट दिया जा चुका है।

दृश्यता सीमा 199 मीटर से 50 मीटर तक या 50 मीटर से भी कम हो सकती है। इस समय घने से बहुत घने कोहरे के पूर्वानुमान के कारण सजग रहने की चेतावनी है। आने वाले दिनों में घने कोहरे के कारण, सभी राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं से बचने के लिए कुछ सावधानियां रखना जरूरी है। यातायात पुलिस ने लोगों को कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

#### सड़क पर निकलने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

-अपने गंतव्य को जानें और अपने मार्ग की योजना निर्धारित करें।

- वाहन को अच्छी स्थिति में रखें। सुनिश्चित करें कि सब कुछ काम करने के क्रम में है, विशेष रूप से लाइट, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, रेडिएटर, बैटरी और कार हीटिंग सिस्टम।
- अपनी खिड़कियों और दर्पणों को साफ रखें। अपनी दृष्टि को अधिकतम करने के लिए अपने डीफ्रॉस्टर और वाइपर का उपयोग करें।
- यदि संभव हो तो कार में एक रिफ्लेक्टर जैकेट और टॉर्च रखें ताकि आप कार से बाहर निकलने की स्थिति में देख सकें और देखे जा सकें।
- कम बीम वाली हेडलाइट्स का उपयोग करके अपने वाहन को अपने आगे और पीछे दोनों तरफ दूसरों को दृश्यमान बनाए रखें क्योंकि उच्च बीम कोहरे में प्रतिबिंबित होती है और दृश्यता को कम करती है।
- यदि दृश्यता कम हो जाती है, फॉग लाइट चालू करें, गति कम करें और धीमा करें, स्पीडोमीटर देखें, हेडलाइट की रोशनी से आगे ड्राइव न करें।
- सुरक्षित दूरी रखें और अचानक रुकने या यातायात पैटर्न में बदलाव के लिए टेल-गेटिंग से बचें।
- वाहन चलते समय सड़क के चिह्नों को देखते हुए आगे बढ़ें। गाइड के रूप में सड़क के दाहिने किनारे या चित्रित सड़क चिह्नों/केंद्रीय डिवाइडर का उपयोग करें और धैर्य रखें।
- कोहरे और कभी-कभी बारिश के दौरान, सड़क पर फिसलन हो सकती है। फिसलन भरी सड़कों पर सावधानी बरतनी चाहिए।
- अन्य ड्राइवरों को आपकी उपस्थिति बताने के लिए समय-समय पर हॉर्न का प्रयोग करें ।
- अन्य वाहनों से आगे निकलने का प्रयास न करें।
- सड़क पर नज़र रखें और यातायात का अनुमान लगाने के लिए अपने कानों का अधिक सावधानी से उपयोग करें ।
- अपने वाहन में ध्यान भंग करने वालों चीजों को न करें जैसे की ड्राइविंग करते समय संगीत, खाने, पीने, धूम्रपान आदी।
- बेहद घने कोहरे में, जहां दृश्यता शून्य के करीब है, सबसे पहले अपनी पार्किंग लाइट्स को चालू करें , फिर एक सुरक्षित स्थान जैसे स्थानीय व्यवसाय का पार्किंग स्थल और स्टॉप पर जाएं।
- यदि कोई पार्किंग स्थल या ड्राइव वे नहीं है, तो अपने वाहन को जहां तक संभव हो सड़क के किनारे ले जाकर जाएं। एक बार जब आप स्टॉप पर आते हैं, तो अपनी पार्किंग लाइट्स को जलाएं, आपातकालीन ब्रेक सेट करें, और यह सुनिश्चित करने के लिए ब्रेक पेडल से अपना पैर हटा लें कि टेल लाइट रोशन न हों ताकि अन्य ड्राइवर गलती से आपके पास न जाएं।

## ग्रेनो प्राधिकरण को सर्वे में मिली खामियां

### बल्क वेस्ट जनरेट करने वाली 96 सोसाइटियों को जारी किया नोटिस

गौतम बुद्ध नगर। कूड़े को सही ढंग से निस्तारित न करने वाली 96 सोसाइटियों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नोटिस जारी की गई है। इनसे तत्काल जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ बनाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सोसाइटियों में कूड़े का निस्तारण कराने के लिए नियमित अभियान चलाया जा रहा है। बल्क वेस्ट जनरेट करने वालों के यहां कूड़े के निस्तारण की स्थिति जानने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से सर्वे कराया गया, जिसमें 96 सोसाइटियों में कूड़े का निस्तारण उचित ढंग से नहीं हो रहा था। रिपोर्ट के आधार पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से नोटिस जारी की गई है।

इन सोसाइटियों से शीघ्र जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, जिन बल्क वेस्ट जनरेटरों को नोटिस



जारी की गई है उनमें समृद्धि ग्रांड एवेन्यू, एलीगेंट विला, ग्रीन आर्क, मेफेयर रेजीडेंस, चेरी काउंटी, निराला एस्टेट, नियो टाउन, हिमालय प्राइड, फ्यूजन होम्स, स्प्रिंग मिडोस, ला रेसीडेंसिया, पूर्वांचल हाइट्स, स्टेलर एमआई, एवीजे हाइट्स, अंसल एपीआई, मॉडर्न स्कूल, वनस्थली स्कूल, बेथानी कॉन्वेंट स्कूल, हिलवुड स्कूल आदि शामिल हैं।

#### लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने चेतावनी दी है कि सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को कूड़े का निस्तारण खुद से करना होगा। इसमें लापरवाही करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कूड़े के प्रबंधन में लापरवाही करने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने एटीएस डोल्से पर 20400 रुपए और ऐस प्लेटिनम पर 800 रुपए का जुर्माना लगाया है। इन सोसाइटियों प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य विभाग की टीम कूड़े के निस्तारण का जायजा लेने गई थी, लेकिन उचित प्रबंधन न मिलने पर यह कार्रवाई की गई है।

### 128 मामलों में नोएडा प्राधिकरण ने दिया जवाब

नोएडा। समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में नोएडा प्राधिकरण में 900 करोड़ की अनियमितता के खेल को उजागर करने के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा (लोकल फंड ऑडिट) की टीम ग्रेटरनोएडा के जीबीयू में पहुंची। यहां नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से टीम की ओर से दर्ज कराई गई आपत्ति-यों के जवाब मांगे गए। इस दौरान कुल 128 प्रकरण सामने आए। ये सभी प्रकरण 2012 से 2016 तक के है। इसमें एक मामला 2006 से संबंधित है। इन 128 प्रकरणों में 80 प्रतिशत ग्रुप हाउसिंग व नियोजन से संबंधित है। दो प्रकरणों को समिति की ओर से ड्राप कर दिया गया। यानी अब 125 मामलों की फाइलों को खंगाला गया। इसमें यमुना और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के भी प्रकरण शामिल हुए। समिति के सामने नोएडा प्राधिकरण की ओर से कई प्रकरण में जवाब दिए गए। इसमें सिविल, जल , विद्युत , जन स्वास्थ्य विभाग , किसानों के मुआवजे समेत कई अन्य मामले है।

## नव वर्ष को लेकर आबकारी विभाग ने बनाई सात टीम

### क्लब-बार और रेस्टोरेंट पर रखेंगे नजर

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर नव वर्ष को लेकर आबकारी विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी करनी है। नव वर्ष को लेकर आबकारी विभाग ने कुल 7 टीम बनाई है। जो खिलाफ बार रेस्टोरेंट व अन्य स्थान पर नजर रखेंगे। कहीं से भी कोई व्यक्ति दूसरे राज्य की शराब लेकर लता है या दूसरे राज्य की शराब को परियों में इस्तेमाल किया जाएगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।।

नव वर्ष के जश्न की तैयारी शुरू हो चुकी है और लोग अपने-अपने तरीके से नववर्ष को सेलिब्रेट करेंगे ।ऐसे में गौतम बुद्ध नगर में आबकारी विभाग ने भी नव वर्ष को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली है।

नववर्ष पर किसी भी तरह की कोई भी शराब तस्करी ना हो और कहीं पर भी नियमों के विरुद्ध शराब का सेवन न किया जाए। इसको लेकर 7 टीमों का गठन किया गया है।

इन टीम में पुलिस ,आबकारी और प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम अपने-अपने क्षेत्र में केला बार और रेस्टोरेंट की नियमित रूप से चेकिंग करेगी।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि नव वर्ष के उपलक्ष में जो भी समारोह आयोजित किये जा रहे है। उसको लेकर आबकारी विभाग द्वारा सात विशेष टीमों का गठन किया गया है ।जिसमे जिलाधिकारी के आदेश से पुलिस, प्रशासन और आबकारी विभाग की टीम शामिल है। जो अपने-अपने क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चला रही है।

इस दौरान समारोह आयोजित करने वाले क्लब , और रेस्टोरेंट में भी चेकिंग की जा रही है। इस दौरान नियमित चेकिंग चलकर यह चेक किया जा रहा है कि वहां पर अवैध रूप से शराब का सेवन तो नहीं हो रहा है । वहां पर ध्यान रखा जा रहा है कि सभी नियमों का पालन किया जाए कोई भी व्यक्ति उत्तर प्रदेश के अलावा किसी अन्य राज्य की शराब का सेवन न करें।

# संपादकीय



## मछुआरों पर मंडराता खतरा

मछुआरे, जो समुद्र और अन्य जल स्त्रोतों के किनारों पर अपना जीवन बिताते हैं, वे छोटे बच्चों को लेकर एक गंभीर समस्या का सामना कर रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का 12वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन जून, 2022 में जिनेवा में संपन्न हुआ, जिसमें मत्स्य पालन सब्सिडी पर एक समझौते को मंजूरी के लिए सदस्यों के सामने प्रस्तुत किया गया। यह समझौता उन सब्सिडियों पर लागू होगा, जो समुद्री जंगली मछली पकड़ने और समुद्र में मछली पकड़ने से संबंधित गतिविधियों के लिए दी जाती हैं।

गौरतलब है कि डब्ल्यूटीओ में मत्स्य पालन सब्सिडी पर रोक लगाने का प्रस्ताव रखा गया था, क्योंकि दुनिया में अत्यधिक मछली पकड़ने के कारण समुद्री संसाधन तेजी से कम हो रहे हैं।

वास्तव में, यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का भी एक हिस्सा है, जिसमें प्रावधान है कि अवैध, असूचित और अनियमित मछली पकड़ने पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। लेकिन सवाल उठता है कि दुनिया में अत्यधिक मछली पकड़ने का दोषी कौन है?

क्या हमारे देश या अन्य विकासशील देशों के छोटे मछुआरे हैं, जिनकी मछली पकड़ने की क्षमता बहुत कम है, या विकसित देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां हैं, जो मशीनों से गहरे समुद्र में मछली पकड़ने का काम करती हैं।

इससे पहले एक मसौदा प्रस्तावित किया गया था, जिसमें कहा गया था कि मछली पकड़ने हेतु विकासशील देशों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी को सात साल के भीतर या 2030 से पहले समाप्त करना अनिवार्य होगा। भारत ने इसे मानने से इन्कार कर दिया था और कहा था कि विकसित देश भारत की तुलना में प्रति मछुआरे को 3,000 से 5,000 गुना अधिक सब्सिडी देते हैं। उल्लेखनीय है कि ओईसीडी मत्स्य पालन सब्सिडी अनुमान (2014-16) और एफएओ ईयरबुक, मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर सांख्यिकी, 2016 के आंकड़ों के अनुसार, डेनमार्क प्रति मछुआरे को 75,578 डॉलर, स्वीडन 65,979 डॉलर, न्यूजीलैंड 36,512 डॉलर, ब्रिटेन 2,146 डॉलर और भारत प्रति मछुआरे बमुश्किल 15 डॉलर की सब्सिडी देता है।

### छोटे मछुआरों की समस्या

**स्वास्थ्य समस्याएं :** छोटे मछुआरे अपने जीवन की प्रारंभिक स्टेज में ही स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करते हैं, जिसमें बीमारियों का कहर और पुनरावृत्ति की समस्याएं शामिल हैं।

**शिक्षा की कमी :** छोटे मछुआरे अक्सर शिक्षा की कमी का सामना करते हैं, जिससे उनका सामाजिक और आर्थिक सहयोग कम होता है।

**प्लास्टिक प्रदूषण :** प्लास्टिक प्रदूषण छोटे मछुआरों के लिए एक बड़ा खतरा है, जिससे उन्हें जीवन की प्रक्रिया में अधिक कठिनाई होती है।

**ओवरफिशिंग :** ओवरफिशिंग के कारण समुद्रों में मछुआरों की कमी हो रही है, जिससे छोटे मछुआरों को भी अपने आवास स्थानों की कमी हो रही है।

**जागरूकता और शिक्षा :** समुद्र सुरक्षा के लिए जनजागरूकता बढ़ाना और छोटे मछुआरों को शिक्षित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**प्रदूषण नियंत्रण :** प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए सामाजिक जागरूकता फैलाना और वैधानिक कदम उठाना आवश्यक है।

छोटे मछुआरों पर आने वाले खतरों को समझना और उनका समाधान निकालना हम सभी की जिम्मेदारी है।

स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, शिक्षा, और प्रदूषण कमी में हमारी भूमिका को समझकर हम छोटे मछुआरों की जीवन शैली को सुधारने में मदद कर सकते हैं।

## जिम्मेदार कौन

दिल्ली के नरेला में जिस फैक्टरी में लिफ्ट गिरने की घटना हुई, वहां एक अहम सवाल यही है कि दिल्ली में फिलहाल निर्माण कार्यों पर रोक का नियम लागू है, तब वहां फैक्टरी में मरम्मत का काम कैसे चल रहा था!

दिल्ली के नरेला इलाके में एक फैक्टरी की लिफ्ट के टूट कर तीस फुट की ऊंचाई से गिरने और उसमें एक मजदूर की मौत को फिर एक हादसा ही मान लिया जाएगा। मगर पिछले कुछ समय से दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट गिरने की जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे साफ है कि इसके पीछे लापरवाही और व्यापक भ्रष्टाचार है।

यह कैसे संभव हो पाता है कि ज्यादा ऊंचाई वाली इमारतों में आवाजाही की सुविधा के लिए लिफ्ट तो लगा दी जाती है, मगर उसके रखरखाव को लेकर इस कदर लापरवाही बरती जाती है कि किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हादसा होता है और नाहक ही लोगों की जान चली जाती है। नरेला में जिस फैक्टरी में लिफ्ट गिरने की घटना हुई, वहां एक अहम सवाल यही है कि दिल्ली में फिलहाल निर्माण कार्यों पर रोक का नियम लागू है, तब वहां फैक्टरी में मरम्मत का काम कैसे चल रहा था! फिर उस लिफ्ट के सहारे काम क्यों जारी रखा गया था, जो पहले ही कमजोर और टूट कर गिर जाने की हालत में पहुंच चुकी थी?

सच यह है कि पिछले कुछ समय से दिल्ली और नोएडा में बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट गिरने और उनमें लोगों की मौत की जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं, वे आमतौर पर व्यवस्थागत लापरवाही और लिफ्ट लगाने के दौरान उसकी खराब गुणवत्ता से समझौता करने वजह से हुई लगती हैं। सवाल है कि जिस वक्त किसी इमारत में लिफ्ट लगाई जाती है, तब इसकी पड़ताल करने में कोताही क्यों की जाती है कि लोगों के आने-जाने के लिहाज से यह पूरी तरह सुरक्षित है या नहीं?

कोई भी लिफ्ट अचानक नहीं गिरती है, बल्कि उसके उस हालत में पहुंचने की भूमिका पहले ही बन चुकी होती है। या तो इसका ध्यान नहीं रखा जाता कि लिफ्ट गुणवत्ता की कसौटी पर कितनी सुरक्षित है या फिर जिन इमारतों में इसे लगाया जाता है, उसके प्रबंधन इसकी जांच-परख करने की जरूरत नहीं समझते।

आमतौर पर बहुमंजिला इमारतों में घर लेने की इच्छा रखने वाले लोगों को वहां मौजूद सुविधाएं गिनाते हुए ऊपर की मंजिलों पर जाने के लिए सुरक्षित लिफ्ट पर खासतौर पर जोर दिया जाता है। ऐसा करके ऊंची कीमतों पर भी फ्लैट की बिक्री को आसान तो बना लिया जाता है, मगर उसमें लोगों के अपने घर में पहुंचने के लिए सुरक्षित आवाजाही और बेहतरीन गुणवत्ता वाली लिफ्ट लगाना सुनिश्चित नहीं किया जाता।

नतीजतन, कई बार लोग लिफ्ट को पूरी तरह दुरुस्त मान कर उसमें अपने घर या गंतव्य की ओर जा रहे होते हैं, मगर हादसे का शिकार हो जाते हैं। बीते हफ्ते ही नोएडा में एक इमारत की आठवीं मंजिल से एक लिफ्ट गिर गई, जिसमें कई लोग बुरी तरह घायल हो गए। पिछले कुछ महीनों के दौरान लगातार कई ऐसे हादसों में लोगों की मौत की वजह से ही हालत यह है कि बहुमंजिला सोसाइटियों में रहने वाले लोग अब लिफ्ट से आने-जाने के दौरान एक डर से गुजर रहे होते हैं कि कब यह टूट कर गिर जाए या बीच में ही बंद हो जाए।

उत्तर प्रदेश सरकार ने इस संबंध में एक सख्त कानून बनाने की बात कही है, मगर जरूरत इस बात की है कि हर स्तर पर सुरक्षित होने की कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही किसी इमारत में लिफ्ट लगाई जाए और उसके रखरखाव को लेकर कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाए। हादसे के बाद होने वाली जांच या कार्रवाई से नाहक जान गंवाने वाले लोगों का जीवन वापस नहीं लाया जा सकता।

# बीते वर्ष में भारत ने निर्माण की नई रेखाएं खींचीं



ललित गर्ग



बीते वर्ष में सकारात्मकता की नयी तस्वीरें सामने आयी। ज्यादातर बड़ी सकारात्मक खबरें आर्थिक उपलब्धियों और नये राजनीतिक समीकरणों से जुड़ी हैं। साल के अंत में हुए विधानसभा चुनावों, महिला सशक्तीकरण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, नए संसद भवन के उद्घाटन, हर क्षेत्र में स्वदेशी की शक्ति और संसदीय-राजनीति, सुप्रीम कोर्ट के कुछ बड़े फैसलों, चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन जैसी वैज्ञानिक उपलब्धियां निराशा से ज्यादा आशाभरी खबरों ने आजादी के अमृतकाल में वास्तविक रूप में अमृतमय होने के संकेत दिये हैं। भारत की दिशा एवं दशा बदल रही है। बीते वर्ष में राजनीति से लेकर सामाजिक, आर्थिक से लेकर खेल तक, सुरक्षा से लेकर सौहार्द तक अनेक सकारात्मक दृष्टिकोण ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास को बल दिया है। चीन के हैंगजाऊ में हुए एशियाई खेलों में कई प्रकार के रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने खेल की दुनिया में बड़ा कदम रखा। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है पदक तालिका में 'सौ से अधिक पदक' प्राप्त करना करना। यह उपलब्धि देश के आकार को देखते हुए पर्याप्त नहीं है, पर पिछले प्रदर्शनों से इसकी तुलना करें, तो बहुत बड़ी है। यह भारत के विकसित होते बदलते सामाजिक-आर्थिक स्तर को भी रेखांकित कर रही है। शेयर मार्केट तमाम कयासों को झुठलाते हुए उच्चस्तर पर बना हुआ है। जीडीपी में बढ़ोतरी हो रही है, साथ ही जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 20 माह के उच्चतम स्तर 616 अरब डॉलर हो गया है। 25 मार्च, 2022 के बाद का यह उच्चतम स्तर है।

आत्मनिर्भर बनने के संकल्प के पथ पर दौड़ रहे भारत ने हर क्षेत्र में स्वदेशी का लोहा मनवाया है। हमने युद्धपोत और हल्के लड़ाकू विमान से लेकर घातक ड्रोन तक बनाया है। देश में इस्तेमाल होने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल हम खुद बना रहे हैं। अपने बूत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर भारत ने पूरी दुनिया को चौंकाया है। 85 से अधिक देशों को भारत स्वदेशी हथियार, उपकरण, ड्रोन, कलपुर्जे निर्यात कर रहा है। रक्षा उत्पादों में हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। रक्षा उत्पादों के निर्यात में वर्ष 2013-14 की तुलना में 23 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। प्रसिद्ध लोकोक्ति है कि अपनी बुद्धि से साधु होना अच्छा, पराई बुद्धि से राजा होना अच्छा नहीं। लेकिन हम अपनी बुद्धि, कौशल एवं तकनीक से राजा बन रहे हैं।

वर्ष 2023 महिलाओं की दृष्टि से ऐतिहासिक रहा। खेल, राजनीति, विज्ञान, व्यापार जैसे क्षेत्रों में महिलाओं ने खूब नाम कमाए हैं। देश में सावित्री जिन्दल का नाम सबसे धनाढ्य महिलाओं में सामने आया, इसी तरह अनेक महिलाएं आर्थिक क्षेत्र में नये कीर्तिमान गढ़ रही है। इस वर्ष में महिला सशक्तीकरण का बिगुल तब बजा जब सितंबर माह में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का उद्घोष हुआ। संसद में केंद्र सरकार ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की घोषणा की, यह ऐतिहासिक निर्णय नारी-भविष्य की तस्वीर बदल देगा। वर्तमान में लोकसभा के कुल 543 सदस्य हैं। वर्तमान में मौजूद सदन में महिलाएं 82 हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी होने के बाद 181 महिला सांसद होगी। यह अंतर आंकड़ों भर का नहीं होगा अपितु यह अंतर एक सशक्त देश की तस्वीर उकेरेगा। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न के दाग 2023 के अध्याय को कलंकित करते हैं, परंतु राहत की बात यह है कि केंद्रीय गृहमंत्री ने हाल ही में न्याय प्रणाली में सुधार के लिए 'भारतीय न्याय संहिता 2023' सहित तीन विधेयक पेश किए। भारतीय न्याय संहिता 2023 सन् 1860 की पुरानी दंड संहिता की जगह लेगी। भारतीय न्याय संहिता 2023 की प्रमुख शक्तियों में से एक महिला के विरुद्ध अपराधों से संबंधित प्रावधानों को दी गई प्राथमिकता में निहित है। महिला उत्पीड़न पर कड़ी सजा का प्रावधान विश्वास दिलाता है कि महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों पर लगाम लगेगी। पिछले साल का अंत राहुल गांधी की 'भारत-जोड़ो यात्रा' के दिल्ली पड़ाव के साथ हुआ था और इस साल उस यात्रा का फलितार्थ था 26 प्रमुख विरोधी दलों ने 18 जुलाई को बेंगलुरु में 'नए गठबंधन इंडिया' की बुनियाद रखते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाना। राहुल गांधी के लोकसभा से अयोग्य घोषित होने और उनकी बहाली और संसद के शीत सत्र में 146 सांसदों के निलंबन ने संसदीय राजनीति से जुड़े कुछ गंभीर सवालों की ओर इशारा किया है।

हिंसा, आतंक एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने सांस्कृतिक एवं धार्मिक उत्थान एवं उन्नयन की अपूर्व परिवेश भी निर्मित किया गया, भारत के गौरव को पुन:स्थापित करने की अनूठी पहल हुई है। पांच सौ वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीराम नये वर्ष के प्रारंभ में टेंट से मंदिर में स्थापित होंगे। वाराणसी में विश्वनाथ धाम परिसर का लोकार्पण भारत की राजनीतिक सोच को एक नया आयाम एवं दृष्टि देने का विशिष्ट उपक्रम कहा जा सकता है। हमारे देश की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराएँ और आदर्श जीवन-मूल्य समृद्ध एवं सुदृढ़ रहे हैं, लेकिन पूर्व सरकारों ने उनके गौरव को राजनीतिक नजरिया देते हुए धूमिल किया है। लेकिन नये राजनीतिक सोच एवं सत्ता ने भारत को अपने सांस्कृतिक एवं धार्मिक वैभव से दुनिया को आकर्षित किया है, जो बीत वर्ष की सुखद घटनाएं कही जा सकती हैं। निश्चित रूप से काशी एवं अयोध्या राष्ट्रीयता का प्रतीक बनकर ये सशक्त भारत का आधार बनेगे। इससे न सिर्फ वहां जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी, बल्कि संकीर्ण दायरों में सिकुड़ते गए एक आस्था और सभ्यता के प्रतीक को भी गरिमा प्राप्त होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी, जिसे हटाए जाने का फैसला पूरी तरह संवैधानिक है। इस निर्णय ने अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के 5 अगस्त, 2019 के फैसले पर कानूनी मुहर लगा दी। वैश्विक राजनीति में भारत के हस्तक्षेप की दृष्टि से दिल्ली में हुए जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

काशी परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भव्य एवं शालीन तरीके से करते हुए प्रत्येक भारत को स्व-आस्था, स्व-संस्कृति एवं स्व-अस्तित्व का अहसास कराया है। भारत का सांस्कृतिक वैभव दुनिया में बेजोड़ रहा है, लेकिन तथाकथित राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते इस वैभव को दुनिया के सामने लाने की बजाय उसे विस्मृत करने की कुचेष्टाएं एवं षड़यंत्र लगातार होते रहे हैं। सुखद स्थिति है कि अब हमारी जागती आंखो से देखे गये स्वप्नों को आकार देने का विश्वास जागा है तो इससे जीवन मूल्यों एवं सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित करने एवं नया भारत निर्मित करने का माहौल एवं मंशा देखने को मिल रही है, जो नये वर्ष के लिये शुभ है, नये एवं समृद्ध भारत के अभ्युदय का द्योतक है।

बीते साल ने दु:ख एवं निराशा के दृश्य भी दिये हैं। हिमाचल प्रदेश की बाढ़, सिलक्यारा सुरंग, बालेश्वर (बालासोर) ट्रेन-दुर्घटना, मणिपुर की हिंसा और उसके दौरान वायरल हुए शर्मनाक वीडियो से जुड़ी निराशाओं को भी भुलाना नहीं चाहिए। गत 13 दिसंबर को संसद भवन हमले की सालगिरह पर शीतकालीन सत्र के दौरान कुछ लोग अंदर कूद गए और उन्होंने एक कैन से पीले रंग का धुआं छोड़ा। उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की सरेआम गोली मारकर हत्या की खबर ने इस साल काफी सुर्खियां बटोरी। अप्रैल के महीने में खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल को एक महीने तक लगातार पीछा करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

बीता वर्ष का हर दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई एवं जुझारू व्यक्तित्व एवं नीतियों के नाम रहा। उन्ही के कारण विश्व में भारत के लिये एक नया नजरिया विकसित हुआ। उनके नाम पर लड़े गये विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हुई। तीनों राज्यों में भाजपा की सफलता के पीछे अनेक कारण हैं। मजबूत नेतृत्व, संगठन-क्षमता, संसाधन, सांस्कृतिक आधार और कल्याणकारी योजनाएं वगैरह-वगैरह। 'जो आज तक नहीं हुआ वह आगे कभी नहीं होगा' इस बूढ़े तर्क से बचकर भारत में नया प्रण जगायें। बिना किसी को मिटाये निर्माण की नई रेखाएं खींचें। यही साहसी सफर शक्ति, समय और श्रम को नये वर्ष में सार्थकता देगा।

# दिशाहीन रूढिवादिता और अंधविश्वास की डगर

भारतीय समाज एक बहुभाषी, बहु सांस्कृतिक, बहुजातीय, बहु धार्मिक समाज है। एक नजर में इसकी प्रगाढ़ता और इसके विराट स्वरूप को समझना अत्यंत कठिन है। भारतीय समाज की गहरी और विशाल संरचना को, उसके विभिन्न आयामों को समझना हमारे लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी। हमारा समाज एक विशिष्ट और उत्कृष्ट समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और जीवनशैली में गुथा हुआ है। रोजमर्रा की जीवन शैली में भारतीय समाज की विशिष्ट पहचान दृष्टिगोचर होती है। यह समाज जहां अपनी पुरातन अंधविश्वासी रूढ़िवादिता की बेड़ियों में जकड़ा है, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक विकास के साथ अग्रसर होने की चाह में आगे बढ़ रहा है। भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता के विकास के बीच अंतर्द्वंद में फंसा हुआ है। एक और भारतीय समाज पश्चिम से प्रेरित होकर भौतिकता की चकाचौंध के पीछे भाग रहा है वहीं दूसरी तरफ अपनी पुरातन आध्यात्मिक परंपराओं का भी बखूबी निर्वाहन करने का प्रयास भी कर रहा है। किंतु समाज में यह अंतर्द्वंद बना हुआ है कि वह योग को अधिक महत्व दे अथवा भोग को, इससे इतर भारतीय समाज आश्चर्यजनक रूप से दोनों को अपनाते हुए आगे की ओर अग्रसर है। भारतीय महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषाएं लिख रहीं है वही देश में शिशु लिंगानुपात हर जनगणना में घटता जा रहा है। सामाजिक कुरीतियों में कमी तो आई है पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और यौन अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारे समाज में बेटियां नाम कमा कर माता-पिता का नाम रोशन तो तेजी से कर रही हैं पर भ्रूण हत्या की दरों में अनावश्यक तेजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। यही अंतर्विरोध ही समाज को चिंतनीय भी बना रहा है। सबसे ताजा खबरों में हरनाज संधु ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, और देश का नाम ऊंचा कर गौरव हासिल किया है।

भारतीय लड़कियों ने फैशन में एक नया मुकाम बनाया है आज आधुनिक पेंट, जींस पहन कर लड़कियां आगे बढ़ने को आतुर है। दूसरी तरफ खानपान में जहां भारतीय पारंपरिक व्यंजन डोसा, सांभर, इडली, पंजाबी ,मसालेदार भोजन ग्लोबल स्तर पर छा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हम पारंपरिक भोजन ही कर रहे हैं हमने पिज़्ज़ा, पास्ता, मैक्सिकन, इटालियन, चाइनीस और कॉन्टिनेंटल फूड को भी आमजन का खाद्य पदार्थ बनाया हुआ हैं। भारतीय समाज रूढ़िवादी संस्कारों को पूरी तरह निभाने का प्रयास कर रहा है दूसरी तरफ लिव इन रिलेशनशिप में युवक युवतियां महानगरों में बड़े आराम से जीवन जी रहे हैं।

रूढ़िवादिता तथा पश्चिम के खुले पन और उन्मुक्त होता का एक फ्यूजन तैयार हो रहा है। हमारा समाज आधुनिक अनश्वर को अपनाता है वहीं नवीन वैज्ञानिक पद्धति को भी अपना रहा है और नवयुग की ओर आकर्षित हो रहा है।

## हमें फकीरी का भी बोझा ढोने दो।।

अपने खून को कई रगों में बहनें दो,
कई जिस्मो में उसे जिन्दा रहने दो।

खुदा-खुदा करके जीती है दुनिया ,
मासूमियत को जिंदगी में सांस लेने दो।

रक्त,देह,नेत्र दान तो महान दान है,
अगले पल खुद को जिन्दा रहने दो।

दिलों में भोलापन जिंदा रहने दो,
रिश्तों को कुछ खुशनुमा रहने दो।।

कभी मुफलिसी में भी सांस लेकर देखिए , अंदाज अलग है जिंदगी का फना रहने दो ।।

संघर्ष से सदैव तपते इरादे और हौसले, खुद को विपरीत लहरों में नैय्या खेने दो।।

आजमा कर देखो इन हवाओं फिजाओं को, बेहतरीन नुस्खा खुशबुओं को बना रहने दो।

यह रिवाज ही है ऊँचा उठने का,
जरा अम्बर को और ऊंचा रहने दो।।

झुक जाना संस्कारों की इबादत है,
हमें फकीरी का भी बोझा ढोने दो।।

परवाह न करो गर इरादे साफ है,
सूफियाना जिंदगी का मजा लेने दो।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# चुनावी रणनीति का शिकार हुई संसद

अवधेश कुमार

संसद के शीतकालीन सत्र ने अपने माननीय सांसदों के निलंबन का रिकॉर्ड बना दिया। पूरा देश सांसदों के व्यवहार और निलंबन देखकर विस्मित था। दोनों सदनों को मिलाकर 146 सांसदों के निलंबन की कभी कल्पना नहीं की गई होगी। सत्र समाप्त होने के साथ आईएनडीआईए के सदस्यों ने पहले संसद से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला और बाद में जंतर-मंतर पर धरना दिया व विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को नाम दिया गया था, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ। ठीक विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर लोकतंत्र के अपहरण का आरोप लगाया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि दृश्य ऐसा था मानो विपक्षी सांसद अपने निलंबन करने के लिए गिड़गिड़ा रहे हों। इसमें सबसे चिंता का विषय सरकार और विपक्ष की लड़ाई का लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति बनाम विपक्ष में परिणत हो जाना है। प्रत्यक्ष तौर पर भले यह न दिखे पर सच्चाई यही है। अगर माननीय सांसद सर्वसम्मति से निर्धारित आचरण को तोड़ते हुए बेल में जाते हैं , तख्तियां दिखाते हैं, नारे लगाते हैं, आसन की ओर कागज फेंकते हैं तो यह सरकार का नहीं आसन यानी अध्यक्ष और सभापति का अपमान होता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच का पत्र व्यवहार देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी चिंताजनक है। धनकर ने खरगे और राकांपा प्रमुख शरद पवार को पत्र लिखकर कहा है कि स्वीकार नहीं की जाने वाली मांगों के जरिए सदन को पंगु बनाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लिखा है कि पीड़ा के साथ कह रहा हूं कि मेरे आग्रह और प्रयासों को सदन में स्वस्थ कामकाज के लिए आपका समर्थन नहीं मिला। अनुभवी नेता के तौर पर आप जानते हैं कि पीठासीन अधिकारी के साथ बातचीत उच्च प्राथमिकता होती है। सभापति के लिए इससे अधिक पीड़ादायी कुछ नहीं हो सकता है कि मुलाकात का आग्रह स्वीकार नहीं किया गया। यह संसदीय परंपरा के अनुरूप नहीं था। उनकी एक पंक्ति देखिए,- यह देखकर दुख हुआ कि कुशल राजनीतिज्ञ का दृष्टिकोण प्रदर्शित करने और उच्च सदन की गरिमा बनाए रखने के बजाय अनुभवी सदस्यों ने भी दलगत भावना से प्रेरित दृष्टिकोण अपनाया। दूसरी ओर खरगे ने अपने पत्र में इतनी बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन को भारत के संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के लिए हानिकारक बताते हुए कहा है कि वह इससे व्यथित और चिंतित हैं और निराशा व दुखी महसूस कर रहे हैं। उनकी पंक्ति देखिए , ङ्क मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर राज्यसभा के के नियम और प्रक्रियाओं से संबंधित नियमों के तहत कई नोटिस दाखिल किए गए थे। खेद का विषय है कि न तो इनको स्वीकार किया गया और न ही मुझे या विपक्षी दलों के किसी अन्य सदस्य को बोलने की अनुमति प्रदान की गई। इन पंक्तियों के बाद किसी को संदेश रह जाता है कि खरगे अंतत: किसे आरोपित कर रहे है?

संसद के दोनों सदन में अध्यक्ष व सभापति का निर्णय ही मान्य होता है। खरगे कह रहे हैं कि हमने आपको नोटिस दिया लेकिन आपने चर्चा नहीं करायी। वे उपराष्ट्रपति से मिलने की बात कर रहे हैं किंतु इसमें भी उन्होंने लिखा है कि आपसी सहमति से निर्धारित तिथि पर वह उनसे मामले पर चर्चा करें और उनकी चिताओं का निवारण करें। इस तरह की भाषा में लिखा गया पत्र ही बताता है कि स्थिति कितनी बिगड़ चुकी है। सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। मान कर चलिए कि इस संसद के अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे।

दो युवकों का दर्शक दीर्घा से कूदना और एक का जूते से प्लास्टिक कैन निकालकर पीला धुआं छोड़ना चिंताजनक घटना थी। इसे गंभीरता से लेकर सुरक्षा में ऐसे आवश्यक बदलाव करने चाहिए जिसे न दर्शक दीर्घा में आने वाले दुष्प्रभावित हो और न ही आगे से इस तरह के जोखिम की संभावना रहे। सभी माननीय सांसदों को ध्यान रखना चाहिए कि देश और दुनिया में ऐसी तस्वीर न बने कि भारत अपनी संसद की सुरक्षा करने में भी सक्षम नहीं है। कुछ विपक्षी सांसद कहने लगे कि कल कोई हथियार लेकर भी अंदर आ जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि संसद की सुरक्षा में हथियार लेकर जाने की गुंजाइश नहीं है। दोनों युवकों के दर्शक दीर्घा से कूदने, बेंच पर उछलने तथा धुआं छोड़ने के साथ सांसदों ने ही उनकी पिटाई की, मार्शल उन्हें पकड़ कर बाहर ले गए तथा सदन सुचारु रुप से चलने लगा। अचानक कुछ देर बाद हंगामा हो गया। देखते- देखते विपक्षी सांसदों के बेल में जाने, आसन पर कागज के टुकड़े फेंकने, महासचिव की कुर्सी तक जाकर हंगामा करने तथा तख्तियां लेकर नारे लगाने में परिणत हो गया। जब संसद ने सर्वसम्मति से तय किया है कि तख्तियां लेकर बेल में आने पर निलंबन ही होगा तो जाहिर है जाने वाले सबको पता था। सारे दृश्य स्पष्ट कर रहे हैं कि सांसदों ने जानबूझकर ऐसी स्थिति पैदा की जिनसे उनके निलंबन के अलावा आसन के पास दूसरा विकल्प न रहे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक्स पर लिखा भी कि वे पहली बार तख्ती लेकर बेल में गए और अपने निलंबन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। तो यह स्वयं को निलंबित कराने की ऐसी रणनीति थी जिसका दूसरा उदाहरण नहीं मिल सकता। निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र की शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि वाले आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। निलंबन पर गर्व महसूस करने और साथियों द्वारा महिमामंडित किए जाने का माहौल बनाया गया। विपक्ष की मांग थी कि सुरक्षा चूक पर गृह मंत्री बयान दें , जबकि लोकसभा अध्यक्ष ने स्वयं कहा कि संसद की सुरक्षा का दायित्व उनका है, इसलिए वे इस पर बयान देंगे। लोकसभा अध्यक्ष को बयान देने की स्थिति बनायी जानी चाहिए थी।

ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर सदन में चर्चा न की जा सके। किंतु इसके लिए दोनों पक्षों को अपने रुख में लचीलापन दिखाने की आवश्यकता थी। यह विषय सरकार की आक्रामक घेरेबंदी की बजाय सभी दलों के बीच विमर्श का था कि ऐसा क्यों हुआ और आगे इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। ऐसा क्यों हुआ?

विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए लगभग अस्तित्वहीन हो गया था तथा कांग्रेस के अहंवादी व्यवहार से इसके कई घटक दलों में नाराजगी थी। कांग्रेस को लगा कि यही स्थिति है जिसमें फिर विपक्ष को भाजपा विरोध पर एकजुट किया जा सकता है। भाजपा विरोध के नाम पर संसद में विपक्षी एकजुटता सबसे आसान रास्ता था और रणनीति के तहत ऐसा व्यवहार किया गया। आज एक तरफ सरकार और दूसरी ओर आईएनडीआईए है। विपक्ष व्यवहार से अपना निलंबन कराने पर तुला हो तो सरकार के लिए विधेयक पारित कराना ज्यादा आसान हो जाता है। यही इस सत्र में हुआ।

अंग्रेजों के समय का भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और अपराध न्याय प्रक्रिया को आमूल रूप से बदल दिया गया किंतु विपक्षी सदस्य इस पर चर्चा से वंचित रहे। बेशक , संसद चलाने की जिम्मेवारी सरकार की ज्यादा है किंतु विपक्ष की भी है। मल्लिकार्जुन खरगे ने जंतर-मंतर धरना में कहा कि देश में बेरोजगारी की स्थिति है तथा बेरोजगारों में गुस्सा है।

## शार्ट न्यूज

### शीशे की स्लाइड धंसने से छात्रा की मौत

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के माधोसिंह में गुरुवार को ट्रक से उतर रही शीशे की स्लाइड फिसल कर छात्रा के ऊपर गिर गई। जिससे गंभीर रूप से घायल 11वीं की छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के औराई थाना क्षेत्र के माधोसिंह में आज ट्रक से कांच की स्लाइड उतर रही थी। स्लाइड फिसल कर एक छात्रा के ऊपर गिर गयी जिससे छात्रा की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि माधोसिंह निवासी शेख कैसर जमाल की पुत्री शेख सना औराई काशीराज इंटर कालेज में कक्षा 11 की छात्रा है। दोपहर दो बजे छुट्टी होने पर साइकिल से वह अपने घर माधोसिंह आ रही थी। घर के बगल में उसके बड़े पिता (ताऊ) शेख जमाल की फर्नीचर की दुकान है। दुकान पर बिक्री के लिए आए शीशे की स्लाइड ट्रक से उतर रही थी। सना ट्रक के बगल में खड़ी होकर शीशा उतरता देखने लगी। इसी दौरान शीशे की एक स्लाइड खिसककर सना के ऊपर गिर गई। शीशा टूटने पर एक बड़ा हिस्सा उसके शरीर में धंस गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार के लोग आनन-फानन में उसे औराई के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए ले गए जहां शीशा निकालने के कुछ देर के बाद उसकी मौत हो गई।

### लखनऊ : बैंक मैनेजर ने सुसाइड किया

लखनऊ। लखनऊ में एचडीएफसी बैंक के एरिया मैनेजर प्रशांत शर्मा ने सुसाइड कर लिया। गोमतीनगर के विनयखंड में रहने वाले प्रशांत का शव बुधवार शाम घर की छत पर बने कमरे में लटकता हुआ मिला। गोमतीनगर थाने की पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बॉडी को नीचे उतारा। कमरे की तलाशी में 2 पन्ने का सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा था-अब मेरे लिए और दुख सहना मुमकिन नहीं है...अपनी जिंदगी जियो। मेरे जैसे इंसान के लिए जीवन बर्बाद करने की जरूरत नहीं। मैं इसके लायक नहीं। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इंस्पेक्टर दीपक पांडेय ने बताया कि विनयखंड-4 में रहने वाले प्रशांत शर्मा एचडीएफसी बैंक की हरदोई रोड ब्रांच में तैनात थे। बुधवार शाम ड्यूटी से घर लौटने के बाद मां अरुणा से चाय बनाने के लिए कहकर छत पर बने अपने कमरे में चले गए। कुछ देर बाद चाय के लिए परिजनों के बुलाने पर भी कोई जवाब नहीं आया। इस पर उन्होंने प्रशांत को फोन किया। फोन नहीं उठाने पर मां अरुणा छत पर गई तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने आवाज दी, लेकिन अंदर से कुछ आहट नहीं हुई।

### युवती से रेप करने वाला आरोपी अरेस्ट

बरेली। बरेली के आंवला में 20 साल की युवती से दरिंदगी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। युवक बस से भागने की फिराक में था। इससे पहले ही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे आंवला में बस अड्डे के पास से अरेस्ट कर लिया। युवती के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था। पिछले 2 दिन से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि भूरे पुत्र मुख्तयार खां निवासी ग्राम मुतकपुर थाना आंवला को रामनगर बस अड् ?डे से अरेस्ट किया है। यह घटना आंवला थाना क्षेत्र के एक गांव की है। जहां भूरे ने घर में अकेली पाकर युवती से जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट कर उसे धमकी दी। शिकायत करने पर आरोपी ने धमकी दी कि वह युवती को बदनाम कर देगा। बाद में आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। युवती के परिजनों ने आंवला थाने में आरोपी भूरे के खिलाफ रेप की धारा में केस दर्ज कराया। एसपी देहात ने बताया कि गुरुवार शाम को युवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### अमेठी में एक साथ चार दुकानों पर चोरी

अमेठी जिला। ठंड बढ़ते ही अमेठी में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। देर रात चोरों ने एक साथ चार दुकानों को निशाना बनाया।चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक दुकान, बैंक जन सेवा केंद्र, श्रृगार महल के साथ-साथ कपड़ों की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। यहां से लाखों के सामान की चोरी की गई है। एक साथ हुई चार दुकानों में चोरी की घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस जल्द ही घटना के खुलासे का दावा कर रही है। पूरा मामला अमेठी के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के वारिसगंज कस्बे का है। जहां देर रात पुलिस को चुनौती देते हुए चोरों ने चार दुकानों को एक साथ निशाना बनाया। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ितों ने पूरे मामले की शिकायत जगदीशपुर थाने में की। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के वारिसगंज कस्बे में हुई इतनी बड़ी घटना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने चोरी के कुछ घंटे बाद ही सभी दुकानों के सामानों को बरामद कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### ट्रेन से कटकर एलएलबी के छात्र की मौत

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के मलिकपुर कस्बे के पास ट्रेन से कटकर एक छात्र की मौत हो गई। छात्र की हथेली पर उसका नाम लिखा हुआ था। बताया गया कि वह एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था और गुरुवार को वह साइकिल लेकर घर से निकला था। गुरसहायगंज कोतवाली की समधन चौकी क्षेत्र के समगुरा बहादुरपुर कर रहने वाले विक्रम सिंह का 25 वर्षीय बेटा वरुण कुमार एलएलबी का छात्र है। गुरुवार को वह अपने घर से साइकिल लेकर निकल आया था। कुछ देर बाद मलिकपुर कस्बे के निकट वह ट्रेन की चपेट मे आ गया। जिससे उसकी मौके पर हो गई। हादसा देखकर वहां भीड़ लग गई। छात्र की हथेली पर उसका नाम लिखा था। जिससे उसकी पहचान वरुण कुमार के रूप में की गई। सूचना मिलते ही समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह घटनास्थल लर पहुंच गए। उन्होंने मामले की जानकारी छात्र के परिजनों को दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि वरुण घर के माहौल से परेशान था।

### कारोबारी ने खुद को गोली से उड़ाया

मेरठ। मेरठ में एक होटल के मालिक ने बाथरूम में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि कारोबारी ने सिर में अपने गोली मारी है। अभी तक परिवार ने कोई तहरीर नहीं दी है। पल्लवपुरम के फेस-2 स्थित ग्रेटर कॉलोनी के रहने वाले विजयपाल वर्मा (50) पुत्र स्वर्गीय राजेश प्रसाद वर्मा ने अपने मकान के बाथरूम में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। काफी देर तक जब विजय बाथरूम से बाहर नहीं निकले और अंदर से आवाज आई तो विजयपाल की पत्नी घबरा गई। पत्नी ने इसकी सूचना पल्लवपुरम पुलिस को दी। सीओ दौराला अभिषेक पटेल और पल्लवपुरम थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव घटनास्थल पर पहुंचे। इंस्पेक्टर जयप्रकाश यादव ने बताया कि विजयपाल वर्मा का परतापुर क्षेत्र में रॉयल के नाम से होटल है। वह रात में होटल से घर आए और सो गए। बाथरूम में जाकर आत्महत्या की है, बाकी मामले की अभी जांच की जा रही है। परिवार ने तहरीर से इनकार कर दिया है।

### किसान का पेड़ से लटकता मिला शव

उन्नाव। उन्नाव में एक किसान का आम के पेड़ से फांसी के फंदे से शव लटकता मिला है। उसके दोनों हाथ पैर रस्सी से बंधे मिले। शव मिलने की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किसान के शव को फंदे से उतारा। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीओ ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। कोतवाली क्षेत्र के छोटी पाही गांव के रहने वाले सुनील कुमार उर्फ झल्लर (48) बुधवार की देर शाम घर पर ही थे। खाना खाने के बाद सो गए। गुरुवार की सुबह घर के पीछे आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से उनका शव लटकता मिला। शव की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। परिजन भी मौके पर पहुंचे। उधर घटना की जानकारी बीघापुर पुलिस को मिली। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अखिलेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सुनील के शव को फंदे से नीचे उतारा। उसके हाथ और पैर रस्सी से बंधे मिले। मृतक के ससुर अरुण कुमार ने आरोप लगाया कि उसकी किसी से भी गांव में रंजिश नहीं थी।

# मिट्टी में मिल गये माफिया, 60 हजार पुलिस पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

## योगी राज में इस साल माफिया के मकड़जाल से पूरी तरह से मुक्त हुआ उत्तर प्रदेश

लखनऊ। वर्ष 2023 उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के मोर्चे पर काफी अहम साल साबित हुआ है। यूपी को माफिया, अपराध और भयमुक्त प्रदेश बनाने के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का ही परिणाम रहा कि दशकों तक राज्य में आतंक का पर्याय रहे छोटे-बड़े सभी माफिया डॉन और उनका आपराधिक साम्राज्य पूरी तरह से मिट्टी में मिल चुका है। प्रदेश में व्यापारियों से रंगदारी ओर महिलाओं से छेड़खानी करने वाले तत्व या तो सलाखों के पीछे पहुंचा दिये गये या पुलिस मुठभेड़ में ढेर किये जा चुके हैं। इसके अलावा यूपी पुलिस को मजबूत बनाने के लिए इस साल 60 हजार से अधिक कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

### नेस्तनाबूद हुए माफिया, शोहदों की आई शामत, उद्योगों का बना फेवरेट डेस्टिनेशन

2023 माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश के लिए जाना जाएगा। योगी सरकार की अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति ने प्रदेश के माफिया साम्राज्यों को नेस्तनाबूद कर दिया है। दशकों तक आतंक का पर्याय रहे यूपी के सबसे कुख्यात माफिया मुख्तार अंसारी को इस साल सबसे बड़ी चोट मिली है। माफिया मुख्तार को 2023 में एक के बाद एक 4 मामलों में सजा सुनाई गई है, जिसमें आजीवन कारावास जैसी अधिकतम सजा भी शामिल है। माफिया के आर्थिक 604 करोड़ से अधिक के साम्राज्य को भी पूरी तरह से मिट्टी में मिलाया जा चुका है। इसके अलावा प्रयागराज के अतीक गैंग का भी समूल विनाश हो चुका है। इन दोनों दुर्दांत माफिया के प्रयागराज और लखनऊ में स्थित अवैध कब्जों को मुक्त कराते हुए गरीबों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं। वहीं माफिया विजय मिश्रा, अनुपम दूबे, सऊद अख्तर, धर्मेन्द्र व संजय सिंघला जैसे बड़े माफिया को योगी राज में कानून के जरिए उनके



गुनाहों की सजा मिल चुकी है। बड़े माफिया के अलावा इलाकाई गुंडे-बदमाश और शोहदों के खिलाफ भी ताबड़तोड़ कार्रवाइयां हुई हैं। लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन होने के चलते देश और दुनिया की नामी कंपनियां अब यूपी में निवेश के लिए आ रही हैं और इसी साल फरवरी में आयोजित हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उत्तर प्रदेश को अबतक 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

### एनसीआरबी ने भी लगाई मुहर

एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों ने भी यूपी में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था पर मुहर लगा दी है। पूरे देश के क्राइम रेट 258.1 प्रतिशत के सापेक्ष यूपी में अपराध की दर 171.6 प्रतिशत है। दर्ज मुकदमों के आधार पर देश के अन्य राज्यों के मुकाबले यूपी 20वें स्थान पर है, जबकि उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला राज्य है। जो यह दर्शाता है कि कई राज्यों की तुलना में यूपी में अपराधिक घटनाओं में काफी कमी आई है। इसके अलावा महिला संबंधी अपराधों में सजा दिलाने में यूपी ने बड़े राज्यों में बाजी मारी है।

### टेक्नोलॉजी ने शहरों को बनाया सुरक्षित, पुलिस बल को किया गया मजबूत

सेफ सिटी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए योगी सरकार की ओर से युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। सेफ सिटी परियोजना के पहले चरण के तहत 17 नगर निगमों व गौतमबुद्ध नगर में इन्टीग्रेशन के लिए 21,968 कैमरों लगाए जा रहे हैं। इसमें से 15,732 को कण्ट्रोल रूम से इन्टीग्रेट किया जा चुका है। शहरों को पूरी तरह से सीसीटीवी सर्विलांस से ना सिर्फ अपराधों में कमी आ रही है बल्कि आपराधिक घटनाओं का खुलासा भी त्वरित गति से हो रहा है। इसके अलावा साइबर अपराध के मामलों को देखते हुए प्रदेश में 57 साइबर थानों की स्थापना भी एक नजीर बन गया है। यही नहीं प्रदेश में पुलिस के इकबाल को मजबूत करते हुए ना सिर्फ नई बैरकों का निर्माण हो रहा है बल्कि साल का अंत होते होते अबतक की सबसे बड़ी 60 हजार से अधिक कांस्टेबल भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

### प्रभावी पैरवी से अपराधियों को मिल रही गुनाहों की सजा

- अधिनस्थ न्यायालयों में कुल 1,52,594 मामलों में तथा सत्र न्यायालयों में 7,285 मामलों में अपराधियों को सजा कराई गई।
- पाक्सो एक्ट में 13 मामलों में मृत्युदंड, 291 मामलों आजीवन कारावास, 1101 मामलों में 10 साल की सजा, और 1334 मामलों में 10 साल से कम की सजा दिलाई गई है।
- पाक्सो एक्ट के अंतर्गत चार्जशीट दाखिल होने के एक माह के अंदर 34 मामलों में और दो माह से भी कम समय में 74 मामलों में सजा कराई गई है।
- महिलाओं और नाबालिगों के खिलाफ होने वाले विभिन्न अपराधों में 4312 मामलों में सजा कराई गई है।
- जिलों के टॉप 10 अपराधियों में 77 मामलों में 83 अपराधियों को प्रभावी पैरवी के जरिए दोषी सिद्ध कराया जा चुका है।
- यूपी के 32 जिलों में गैंगेस्टर एक्ट के तहत 5775 करोड़ से अधिक की संपत्तियां जब्त की गई हैं।

# मिट्टी की दीवार गिरने से 3 बच्चों की मौत

## 2 के दबे होने की आशंका, प्रशासन ने शुरू किया राहत और बचाव कार्य

**बहराइच।** बहराइच में गुरुवार को मिट्टी की दीवार गिरने से कई बच्चे उसके नीचे दब गए। जिसमें 3 बच्चों की मौके पर मौत हो गई। अभी 2 बच्चों के दबे होने की बात कही जा रही है। प्रशासन की ओर से बचाव राहत कार्य शुरू कर दिया गया है। घटना से गांव में सन्नाटा पसरा है। घटना रुपईडीहा थाना क्षेत्र की है।

रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम सलारपुर लक्ष्मनपुर गांव निवासी ग्रामीण वारिस अली का मकान मिट्टी का बना हुआ है। गुरुवार दोपहर में गांव निवासी मुख्तार (14) पुत्र शमशाद अली, अपने भाई अफ्तार अली (7), मरेजुद्दीन (6) पुत्र समरूद्दीन और ममेरा भाई दरगाह थाना क्षेत्र के गगन चक गांव निवासी



नसरुद्दीन (10) पुत्र नूरजादे व भाई इमामुद्दीन (2) खेल रहे थे। खेलते समय अचानक मिट्टी की पुरानी दीवार गिर गई। जिसके मलबे में सभी बच्चे दब गए।

जिससे मुख्तार, अफतार, और ममेरा भाई नसरुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इमामुद्दीन और मेराजुद्दीन घायल हो गए। उन्हें परिवार के लोगों ने बाबागंज अस्पताल में भर्ती कराया है। परिवार के लोग रोने बिलखने लगे।

सूचना मिलने पर एसडीएम अजीत परेस, प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। परिवार के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पंचनामा के बाद शवों को परिवार को सौंपा जा रहा है।

### झांसी : बुर्जुग की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के लहचूरा थानाक्षेत्र में आज एक बुर्जुग की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गयी। हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी ने ही पुलिस को फोन कर इस बारे में जानकारी दी। पुलिस के अनुसार लहचूरा थानाक्षेत्र के रूरा गांव में बृजलाल अहिरवार (75) की कुल्हाड़ी ने गला काटकर गांव के ही निवासी राकेश पुत्र आनंद सिंह ने कर दी है। राकेश ने हत्या को अंजाम देने के बाद पुलिस को फोन कर जानकारी दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राकेश को कुल्हाड़ी के साथ मौके से गिरफ्तार कर लिया और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनाम सहित अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक -शहर (एसपी-सिटी) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 2022 में मृतक ने आरोपी के खिलाफ किसी लड़की से संबंध होने की शिकायत की थी, जिसके बाद आरोपी गिरफ्तार हुआ था।

# आजमगढ़ में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में नौ लोग घायल

आजमगढ़ । उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में गुरुवार सुबह घना कोहरा छाये रहने से दो स्थानों पर चार वाहनों की टक्कर में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

पुलिस के अनुसार पहली घटना अतरौलिया थाना क्षेत्र के 233 राष्ट्रीय राजमार्ग के तेजापुर गांव के पास हुई। जिसमें आज सुबह घने कोहरे में पहले से खड़े पिकअप वाहन में आजमगढ़ से जा रही कार टकरा गई। इसमें कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें तीन की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया । सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अतरौलिया मौके पर पहुंच गया और सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के नाम सुनील मौर्य (36) ग्राम कटघर, आजमगढ़, जितेंद्र कनौजिया (32) ग्राम मनिकाडीह, आजमगढ़, सुधीर यादव (35) वर्ष ग्राम कटघर, आजमगढ, दीपचंद कनौजिया(52) वर्ष ग्राम भदीण जिला मऊ, धर्मेंद्र कनौजिया(33) ग्राम सरदार बापू, आजमगढ़ है ।

वहीं दूसरी घटना भी इसी थाना क्षेत्र के कटवा गांव के समीप हुई जहां कार्यदायीं संस्था दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के डंपर और सड़क कार्य में लगे टैंकर की कोहरे की वजह से जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें टैंकर चालक समेत चार लोग सवार थे, सभी घायल हो गए।

सड़क मरम्मत कार्य में लगा डंपर सड़क पर रुका था कि आज सुबह ही कोहरे की वजह से टैंकर चालक ने डंपर में पीछे से टक्कर मार दी।

सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंच गए और घायल चालक समेत अन्य लोगो को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

# इटावा में ईंट मारकर दिव्यांग की हत्या

इटावा। इटावा में शराब पीकर झगड़ा कर रहे एक युवक को उसके साथी ने ईंट मारकर हत्या कर दी। जिले के बकेवर इलाके के लखना में दिव्यांग अनिल कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने एक हत्यारोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। गैरइरादतन हत्या की यह वारदात शराब के नशे में अंजाम दी गई थी। ईंट से चेहरे को कुचल करके अनिल को मौत के घाट उतारा गया था। अनिल अपनी भांजी की रिंग सेरेमनी मे शामिल हुआ था उसके बाद शराब पीने के दरम्यान राहुल ने ईट मारकर अनिल की हत्या कर दी। पुलिस ने राहुल को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल भेज दिया है।

पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल ईंट भी बरामद कर की है। इटावा जिले के बकेवर इलाके के लखना में इंदिरा कालोनी में 3 दिन पूर्व दिव्यांग युवक की चेहरा कुचल कर हत्या कर दी गई। 30 वर्षीय अनिल कुमार जोकि सड़क दुर्घटना में दिव्यांग हो गया था। मृतक अपनी भांजी की रिंग सेरेमनी में शामिल होने घर के ही पास स्तिथ एक गेस्ट हाउस में गया था। दिव्यांग युवक का शव चाय की दुकान के अंदर पड़ा मिला था।

जहां से पुलिस ने शराब की बोतल और हत्या में इस्तेमाल ईंट भी बरामद की थी। पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले साथी युवक राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया युवक अनिल दोहरे जोकि एक हाथ से दिव्यांग है। उसकी हत्या का मामला सामने आया था। घटना में एक नामजद युवक राहुल को गिरफ्तार कर लिया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ ने आरोपी राहुल ने अपना जुर्म कबूल किया है उसने बताया अनिल शराब पीकर एक बाबा से लड़ रहा था।

### बहराइच पुलिस अधीक्षक ने थाना रुपईडीडा को किया आकस्मिक निरीक्षण

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले के पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने थाना रुपईडीहा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मय फोर्स गश्त किया गया। वर्मा ने थाना रुपईडीहा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा नवनिर्माणाधीन विवेचना कक्ष / बैरक के गुणवत्तापूर्ण निर्माण तथा थाना परिसर में साफ सफाई आदि का जायजा लिया गया। साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर आम जनमानस में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से मय फोर्स के गश्त किया गया तथा सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारीगण को सीमावर्ती क्षेत्र में सजग दृष्टि बनाए रखने एवं संदिग्ध व्यक्ति तथा वाहनों की सघन जांच करने के दिशा-निर्देश दिये गये ।इस अवसर पर थाना प्रभारी रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह मौजूद रहे।


# 2 बेटों के सामने पत्नी की गला रेतकर हत्या

## फिर पति ने कमरा बंद करके सुसाइड किया, सहारनपुर में मर्डर से पहले गेट पर करंट छोड़ा

सहारनपुर। सहारनपुर में रेप केस के आरोपी ने अपनी पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी। फिर खुद भी सुसाइड कर लिया। आरोपी पति 4 महीने पहले ही रेप केस में जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आया था। पति और पत्नी के बीच इन्हीं कारणों से झगड़े होते थे। बुधवार रात को आरोपी पत्नी को मौत के घाट उतारने के लिए पूरी प्लानिंग के साथ आया था। पहले उसने घर के बाहर लगे लोहे के गेट पर करंट छोड़ दिया, फिर छत के रास्ते घर के अंदर आ गया। यहां चाकू लेकर पत्नी का गला 2 बेटों के सामने ही रेत दिया। बेटे अपनी मां को बचा नहीं सके। बाद में खुद भी फंदे से लटक गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। ये मामला नागल थाना क्षेत्र का है।

### 8 दिन पहले झगड़ा हुआ, फिर देर रात घर में घुसा

सहारनपुर-मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे पर नागल ब्लाक के पास में आरोपी



सोमपाल (45) का मकान है। हत्यारोपी के दो बेटे हैं। बड़े बेटे का नाम सूरज (18) है। छोटे बेटे का नाम अनिकेत (17) है। हत्या आरोपी सोमपाल ने अपनी रिश्तेदारी में एक लड़की का रेप कर दिया था। बताया जा रहा है कि वह आपराधिक प्रवृत्ति का था। 4 महीने पहले वह जेल से जमानत पर बाहर आया था। जब वह घर पहुंचा तो उसकी पत्नी और बेटों ने उसे घर में आने से रोक दिया और घर से भगा दिया था। इसके बाद वह पंजाब में मजदूरी करने के लिए चला गया था। 8 दिन पहले भी वह घर में रहने के लिए आया था। लेकिन फिर से पत्नी और बेटों ने उसे भगा दिया था। रेप की घटना के बाद परिवार के लोग उसे एक्सेप्ट नहीं कर रहे थे।

बताया जा रहा है कि सोमपाल बुधवार सुबह 3 बजे छत के रास्ते घर में घुसा था। वह पहले से ही प्लानिंग करके आया था। अगर बच्चों ने उसे रोका तो वह वारदात को अंजाम देगा।

क्राइम सीन के मुताबिक सामने आया कि हत्या आरोपी सोमपाल ने घर के मुख्य दरवाजे पर तार लगाकर करंट छोड़ दिया था। ताकि, कोई बाहर का आदमी अंदर न आ सके। आरोपी सोमपाल अपनी पत्नी के कमरे में जब पहुंचा तो उसकी पत्नी तेज से चिल्लाने लगी। पास ही सो रहे उसके बेटे भी उठ गए। लेकिन तब तक सोमपाल ने अपनी पत्नी का गला रेत दिया था। बेटों ने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया। मगर तब तक देर हो चुकी थी। हत्या आरोपी के बेटे अपनी मां को संभालने में लग गए। तभी आरोपी दूसरे कमरे में गया और अंदर से कुंडी लगा ली। खुद को फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।

# 8 साल के बच्चे की ईंट से सिर कूंचकर हत्या

## घर के पीछे खंडहर में मिला शव, पैंट उतरी थी; खेलते समय हो गया था लापता

प्रयागराज। प्रयागराज में एक मासूम की सिर कूंचकर हत्या कर दी गई। उसका शव घर के पीछे तालाब के पास खंडहर में मिला। बच्चे की पैंट उतरी हुई थी। चेहरा बुरी तरह से किसी भारी चीज से कुचल दिया गया था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना के बड़ी हल्दी गांव में रहने वाले कामरान का 8 साल का बेटा तमीम उर्फ बाबू बुधवार शाम को घर के सामने खेलते-खेलते



अचानक गायब हो गया था। काफी खोजने के बाद जब उसकी कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने भी खोजबीन की, पर बच्चे का कहीं पता नहीं चल सका। रात होने के कारण सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया गया था। गुरुवार की सुबह तमीम का शव घर के पीछे स्थित तालाब के पास एक राहगीर ने देखा। परिवार और गांव वाले मौके पर पहुंचे। मासूम के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। परिजनों का आरोप है कि मासूम की हत्या की गई है।

### बुधवार को दर्ज हुई थी गुमशुदगी

औद्योगिक थाना क्षेत्र के इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर बच्चे के अपहरण का मुकदमा बुधवार रात को ही दर्ज कर लिया गया था। आज सुबह घर के पीछे तालाब के पास उसका शव मिला है। उसके सिर पर चोट के निशान हैं। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। गांव के दो संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। मामले की जांच पड़ताल चल रही है। तमीम के खालू (मौसा) अनीस ने बताया कि चार दिन से मेरे घर पर था। बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे ही अपने घर वापस आया था। इसके बाद शाम को 6 बजे के आस-पास वह घर के थोड़ी दूर खेलते हुए गायब हो गया था।

# कानपुर देहात पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार

कानपुर देहात। कानपुर देहात में लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की नाक में दम करने वाले दो बाइक सवार लुटेरों को शिवली पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से नकदी व चोरी की घटनाओं में इस्तेमाल की जाने वाली मोटरसाइकिल भी बरामद की है। बताते चलें कि शिवली में रामगंगा नहर पटरी पर देर रात करीब 12 बजे प्रतापपुर गांव के सामने नहर पुल पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बाइक सवार दो युवक आते दिखे। पुलिस टीम ने रुकने का प्रयास किया तो वह दोनों भागने लगे। पुलिस ने उन्हें घेराबंदी करके पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में दोनो ने अपना नाम अमन व अर्जुन बताया है। दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पांच दिसंबर की रात शाहपुर गांव के पास बाइक से घर जा रहे ग्राम बलुआपुर निवासी राजकुमार को रोककर नकदी और बैग छीन लिया था। इसके बाद आठ सितंबर व 16 सितंबर को मैथा रेलवे स्टेशन के पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी, पंखा तथा कूलर आदि चोरी करने की घटनाओं में शामिल थे। इसी तरह में कई घटनाओं को पहले भी अंजाम दे चुके हैं।

## शार्ट न्यूज

### एसबीआई और यूनियन बैंक देंगे अधिक ब्याज

नई दिल्ली। एसबीआई और यूनियन बैंक ने दो करोड़ रुपये से कम के फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दरों में 0.50 फीसदी तक इजाफा किया है। चुनिंदा अवधि के एफडी पर बढ़ाई गईं नई ?दरें 27 दिसंबर से लागू हो गई हैं। ?एसबीआई ने बताया, सात दिन से लेकर 45 दिन की अवधि के एफडी पर 0.50 फीसदी ज्यादा यानी 3.50 फीसदी ब्याज मिलेगा। 46 से 179 दिन वाले एफडी पर 0.25त्न ज्यादा ब्याज मिलेगा, जो 4.75 फीसदी होगा। दो से तीन साल की अवधि के एफडी पर सबसे ज्यादा सात फीसदी ब्याज मिलेगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बताया कि उसने एफडी पर 0.25 फीसदी तक ब्याज बढ़ाया है। बैंक के मुताबिक, सात दिन से 14 दिन की अवधि के जमा पर अब तीन फीसदी ब्याज मिलेगा। वहीं, 121 दिन से लेकर 180 दिन के जमा पर 4.4 फीसदी और एक साल के जमा पर 6.30 फीसदी का ब्याज मिलेगा। बैंक के ग्राहकों को 399 दिन के जमा पर सात फीसदी जबकि पांच साल से 10 साल की अवधि वाले जमा पर 6.70 फीसदी ब्याज मिलेगा। एसबीआई ?और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बताया कि दोनों वरिष्ठ नागरिकों को एफडी पर 0.50 फीसदी अधिक ब्याज देंगे।

### बीमा कंपनियों के खिलाफ 1.27 लाख शिकायतें

नई दिल्ली। बीमा उद्योग के खिलाफ वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 1.27 लाख शिकायतें मिलीं हैं। इसमें से 22 फीसदी यानी 26,107 शिकायतें गलत तरीके से पॉलिसी बेचने की रही हैं। हालांकि, 2021-22 की 1.55 लाख शिकायतों की तुलना में 28 हजार की कमी आई है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल शिकायतों में सरकारी कंपनियों के खिलाफ 81,494 और निजी कंपनियों के खिलाफ 45,884 शिकायतें मिलीं हैं। मिससेलिंग में सरकारी के खिलाफ 2,978 और निजी के खिलाफ 23,129 शिकायतें रही हैं। जीवन बीमा की तरह ही स्वास्थ्य बीमा में 66 फीसदी शिकायतें दावों के निपटान के मामले में मिलीं हैं। इस तरह की गलत बिक्री पर बीमा उद्योग ने सात लाख एजेंटों को नौकरी से निकाल भी दिया है। बीमा उद्योग में कुल 26.28 लाख एजेंट हैं। इसमें सरकारी कंपनी के 13.47 लाख और निजी के 12.80 लाख एजेंट हैं। पिछले वित्त वर्ष में 8.85 लाख नए एजेंट जुड़े, लेकिन सात लाख को निकाल भी दिया गया। कुल प्रीमियम में व्यक्तिगत एजेंटों का योगदान सबसे अधिक 52.76 फीसदी रहा है। 2022-23 में स्वास्थ्य बीमा में कुल 2.36 करोड़ दावों का निपटान किया गया।

### मजबूत हुई बैंकिंग प्रणाली और एनबीएफसी

नई दिल्ली। देश की बैंकिंग प्रणाली और एनबीएफसी क्षेत्र मजबूत बना हुआ है। इसकी प्रमुख वजह उच्च पूंजी अनुपात, मजबूत परिसंपत्ति गुणवत्ता और आय में शानदार वृद्धि है। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दोनों को अपनी संचालन व जोखिम प्रणाली प्रबंधन पर ध्यान देना होगा। भारतीय बैंकों की संपत्ति गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। 2018-19 में शुरू हुआ सुधार का यह सिलसिला 2022-23 में भी जारी रहा। इससे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के सकल एनपीए यानी फंसे कर्ज में कमी आई है। आरबीआई की बुधवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, संपत्ति गुणवत्ता में सुधार पर जोर से बैंकों का सकल एनपीए अनुपात 2023-24 की पहली छमाही यानी अप्रैल-सितंबर अवधि में घटकर 10 साल के निचले स्तर 3.2 फीसदी पर आ गया। मार्च, 2023 में यह 3.9 फीसदी था। इसी प्रकार, खुदरा और सेवा क्षेत्रों को कर्ज बढ़ने के साथ अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के एकीकृत बही-खाते में 2022-23 के दौरान 12.2 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह 9 साल में सबसे ज्यादा है। इस दौरान बैंकों में जमा की रफ्तार भी बढ़ी है। हालांकि, कर्ज वृद्धि की तुलना में यह कम है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी के मामले बढ़कर 14,483 पहुंच गए।

### फॉक्सकॉन ने बंगलूरू यूनिट में किया 55 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश

नई दिल्ली । ताइवान की फॉक्सकॉन ने बंगलूरू के फॉक्सकॉन प्रिसिजन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड में करीब 55.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। फॉक्सकॉन ने यह निवेश सिंगापुर स्थित अपनी सहायक कंपनी फॉक्सकॉन सिंगापुर पीटीई लिमिटेड के माध्यम से किया है। फॉक्सकॉन सिंगापुर ने 10 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से लगभग 46,08,76,736 शेयर खरीदे हैं, जिसकी कीमत लगभग 55.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर (460.87 करोड़ रुपये) है। जियो इन्फोकॉम मुंबई भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के साथ मिलकर भारत-जीपीटी कार्यक्रम लाने पर काम कर रही है। हालांकि, अभी जेनरेटिव एआई एवं विशाल भाषाई मॉडलों के साथ शुरुआती काम ही हुआ है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने आईआईटी के सालाना कार्यक्रम में कहा, रिलायंस जियो टेलीविजन के लिए एक ऑपरेटिंग सिस्टम भी लाने की योजना बना रही है। कंपनी के लिए विकास का इकोसिस्टम तैयार करना बहुत महत्वपूर्ण है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ व आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल को 276 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस मिला है। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को इसकी सूचना दी है। प्रूडेंशियल को 269.86 करोड़ और लोंबार्ड को 5.66 करोड़ का नोटिस मिला है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने कहा, उसे महाराष्ट्र प्राधिकरण से 2017-18 में कम भुगतान पर जीएसटी नोटिस मिला है।

### भारत-रूस व्यापार 50 अरब डॉलर से अधिक

मॉस्को । राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की। इस दौरान भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार में 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की उल्लेखनीय प्रगति पर चर्चा हुई। जयशंकर ने आगे विकास की संभावना और व्यापार संबंधों को अधिक टिकाऊ चरित्र देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा मैं हमारी प्रगति और व्यापार पर प्रकाश डालना चाहूंगा, जो कि 50 मिलियन अमरीकी डॉलर के कारोबार से अधिक है और हमारा मानना है कि यह कुछ ऐसा है, जिसकी क्षमता अब दिखाई देने लगी है। यह महत्वपूर्ण है कि हम इसे अधिक टिकाऊ चरित्र दें और हमने चर्चा की कि हमें यह कैसे करना चाहिए। इसके अलावा सहयोग के प्रमुख पहलुओं को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री ने कुडनकुलम परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करने पर प्रकाश डालते हुए परमाणु क्षेत्र पर चर्चा की। उन्होंने परमाणु ईंधन आपूर्ति पर एक महत्वपूर्ण समझौते को अंतिम रूप दिए जाने का खुलासा किया, जो परमाणु क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग में प्रगति का संकेत देता है। भारत-रूस व्यापार की सराहना करते हुए, जो अब तक के उच्चतम स्तर पर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत अगले साल जनवरी में फिर से शुरू होगी।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के नामांकन में 55 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार की प्रमुख प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कुल नामांकन में महिलाओं की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत तक हो गयी है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में अपर विकास आयुक्त डॉ. इशिता गांगुली त्रिपाठी ने हरियाणा के सोनीपत जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए जागरुकता अभियान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना 17 सितंबर को शुरू की गई थी और इसके कुल नामांकन में महिलाओं की भागीदारी 55 प्रतिशत है। उन्होंने सभी से आत्मनिर्भर बनने और अपना स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए इस योजना का लाभ उठाने का अनुरोध किया। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कारीगरों को 15000 रुपये तक के कीमत की टूल किट दी जाएगी और पांच प्रतिशत ब्याज पर बिना गारंटी के तीन लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ-साथ 500 रुपये प्रतिदिन का दैनिक भत्ता, मुफ्त कौशल प्रशिक्षण, विपणन सहायता, प्रमाण पत्र तथा कारीगर पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक जागरूकता कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान 10 स्टॉल लगाए गए।

# औद्योगिक और पर्यटन मानचित्र में दिखने लगी है बुंदेलखंड की हनक

## बुंदेलखंड में योगी सरकार ने बुंदेलखंड में मिशन मोड पर काम किया और बड़ी-बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी

लखनऊ। दशकों तक सरकारी उपेक्षा का दंश झेलने के बाद पिछले कुछ सालों से बुंदेलखंड में विकास की बयार दिखने लगी है जिसका प्रमाण है कि सूखा प्रभावित यह क्षेत्र देश के औद्योगिक एवं पर्यटन मानचित्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है।

वर्ष 2023 बुंदेलखंड में योगी सरकार ने बुंदेलखंड में मिशन मोड पर काम किया और बड़ी-बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी, जिसने कभी प्रदेश के सबसे पिछड़े इलाकों में एक माने जाने वाले इस क्षेत्र को अग्रणी स्थान पर लाने का काम किया। झांसी में नोएडा की तर्ज पर इंडस्ट्रियल सिटी बसाने के लिए बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) की स्थापना की गई तो वहीं दूसरी ओर ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के निर्माण को भी हरी झंडी मिली। पेयजल उपलब्धता के लिए चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के काम यहां पूर्ण होने की अवस्था में पहुंच गए तो डिफेंस कॉरिडोर में बीडीएल ने भूमिपूजन करने के साथ ही यूनिट के निर्माण का काम शुरू कर दिया। स्मार्ट सिटी झांसी की कई परियोजनाएं पूरी हुईं तो पर्यटन, कृषि, रोजगार, खेल आदि के क्षेत्र में इस एक वर्ष में कई बड़े निर्णय सरकार की ओर से लिए गए।

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में झांसी शहर के निकट 33 गांवों में विस्तारित बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के गठन को मंजूरी दी और सीईओ के पद पर नियुक्ति करने के साथ ही झांसी जिले में कार्यालय खोलने का प्रस्ताव भी आमंत्रित कर दिया। सीईओ ने झांसी पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया और जमीन अधिग्रहण का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। देश के कई बड़े औद्योगिक समूहों ने उत्तर प्रदेश सरकार से बीडा में जमीन आवंटन के लिए अपना प्रस्ताव दिया है। सरकार का यह कदम इस क्षेत्र में उद्योग और रोजगार के लिहाज से बड़ा परिवर्तनकारी निर्णय माना जा रहा है। योगी सरकार की योजना नोएडा की तर्ज पर यहां इंडस्ट्रियल सिटी बसाने की है, जो बुंदेलखंड के लिए एक नई संजीवनी का काम करेगा।

डिफेंस कॉरिडोर भी झांसी के लिए बड़ी उपलब्धि साबित हो रहा है। डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) की इकाई की स्थापना के लिए वर्ष 2021 में पीएम मोदी ने आधारशिला रखी थी। वर्ष 2023 में इसकी यूनिट के निर्माण के लिए भूमिपूजन के साथ ही स्थापना का



काम शुरू कर दिया गया। यूपी सरकार झांसी के गरौठा में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर करने में जुटी है। इस क्षेत्र में कई अन्य इकाइयों की स्थापना के लिए यूपी सरकार के सामने प्रस्ताव आए हैं। बड़ी-बड़ी डिफेंस कंपनियां यहां जब अपनी यूनिट स्थापित करेंगी तो रोजगार के इतने साधन उपलब्ध होंगे कि युवाओं को नौकरी के लिए बुंदेलखंड से बाहर जाने की जरूरत नहीं रह जाएगी।

ललितपुर जिले में पांच गांव में 1472 एकड़ क्षेत्रफल पर बल्क ड्रग पार्क के निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई। मास्टर प्लान और प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी के लिए यूपीसीडा ने काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में 300 एकड़ क्षेत्रफल में आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिहाज से डीपीआर तैयार किया जाना है। यूपी सरकार ललितपुर जिले को जेनरिक दवाओं के हब के रूप में विकसित करने की योजना पर भी काम कर रही है। इस पार्क को विकसित करने के लिए यूपी सरकार कई प्रतिष्ठित रिसर्च संस्थानों को नॉलेज पार्टनर बना रही है।

बुंदेलखंड के ऐतिहासिक स्थलों को एडॉप्ट ए हेरिटेज योजना के तहत विकसित करने के लिए सरकार ने कई स्थलों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए। देश के कई प्रतिष्ठित होटल समूहों ने इन स्थानों में अपनी दिलचस्पी दिखाई है और उम्मीद है कि बहुत जल्द इस स्थानों की तस्वीर बदलती दिखाई देगी। एडॉप्ट ए हेरिटेज योजना के माध्यम से झांसी के बरुआसागर किला, राम जानकी मंदिर गरौठा, पठामढ़ी का मंदिर गरौठा और बंजारी का मंदिर एवं बेर के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। इनके अलावा बुंदेलखंड के रॉक कट गुफाएं देवगढ़ ललितपुर, सुमेरगढ़ का प्राचीन मंदिर ललितपुर, सोमनाथ मंदिर मानिकपुर चित्रकूट, खाकरा मठ चरखारी महोबा, रणछोर मंदिर धोजरी ललितपुर, प्राचीन बैठक तालबेहट ललितपुर, चन्देली मंदिर करियारी हमीरपुर, शांतिनाथ मंदिर भरवारा महोबा, शिव मंदिर उल्दना कला ललितपुर, दशरथ घाटी चित्रकूट और खंडेह के मंदिर मौदहा हमीरपुर के लिए प्रस्ताव मंगाए गए।

बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल पहुंचाने का काम लगभग अंतिम अवस्था में है। महोबा में यह 98 प्रतिशत, झांसी में 97 प्रतिशत, चित्रकूट में 93 प्रतिशत, बांदा में 96 प्रतिशत, ललितपुर में 98 प्रतिशत, जालौन में 89 प्रतिशत और हमीरपुर में 89 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में भी पीने का साफ पेयजल पहुंचाने के लिए कई बड़ी योजनाओं पर तेज गति से काम हुआ और पेयजल संकट को दूर करने में काफी सफलता मिली है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन स्थानों पर पानी की उपलब्धता शुरू हो गयी है, उन स्थानों पर जन जीवन में परिवर्तन साफ़ तौर पर दिखाई दे रहा है।

झांसी में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण काम इस वर्ष पूर्ण किए गए। दिवंगत सीडीएस जनरल बिपिन रावत की स्मृति में झांसी किले की तलहटी में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बने पार्क का लोकार्पण भी इसी वर्ष किया गया। राजकीय पुस्तकालय के उच्चीकरण का काम पूरा हुआ, जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण किया। इसके साथ ही हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में बने ध्यानचंद म्यूजियम का भी काम इसी वर्ष पूरा हुआ और मुख्यमंत्री ने इसका लोकार्पण किया।

योगी सरकार बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र विकास को केंद्रित करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दे रही है। निरंतर सभी जिलों में बड़ी गौशालाओं का निर्माण, परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट सिटी और माइनिंग फंड के माध्यम से सुविधाओं का विकास, अस्पतालों में आधारभूत सुविधाओं की बढ़ोत्तरी, कृषि से संबंधित योजनाओं में कृषकों को सहायता, असहाय और कमजोर वर्गों के लोगों को आर्थिक सहायता सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने और उन पर नियमित निगरानी पर सरकार ध्यान केंद्रित कर रही है।

# सेंसेक्स-निफ्टी पहुंचे नये शिखर पर

**मुंबई ।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर नये शिखर पर पहुंच गये। बीएसई का तीस शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 371.95 अंक अर्थात 0.52 प्रतिशत की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम 72,410.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 123.95 अंक यानी 0.57 प्रतिशत उछलकर पहली बार 21778.70 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 36,528.19 अंक और स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 42,382.30 अंक पर रहा।



इस दौरान बीएसई में कुल 3920 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1815 में तेजी जबकि 1973 में गिरावट रही वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस तरह निफ्टी में 36 कंपनियां लाभ जबकि 13 नुकसान में रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में इंडस्ट्रियल्स और आईटी की 0.22 प्रतिशत तक बिकवाली को छोड़कर शेष 18 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.51, सीडी 0.41, ऊर्जा 2.18, एफएमसीजी 1.24, वित्तीय सेवाएं 0.37, हेल्थकेयर 0.92, दूरसंचार 0.84, यूटिलिटीज 0.85, ऑटो 0.84, बैंकिंग 0.42, कैपिटल गुड्स 0.25, कंज्यूमर डयूरेबल्स 0.29, धातु 1.60, तेल एवं गैस 2.45, पावर 0.95, रियल्टी 0.97, टेक 0.16 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.45 प्रतिशत चढ़ गये।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05, जर्मनी का डैक्स 0.04 और जापान का निक्केई 0.42 प्रतिशत गिर गया वहीं दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.60, हांगकांग का हैंगसेंग 2.52 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.38 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 224 अंक की तेजी के साथ 72,262.67 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 72,137.45 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 72,484.34 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 72,038.43 अंक के मुकाबले 0.52 प्रतिशत उछलकर 72,410.38 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 60 अंक चढ़कर 21,715.00 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,678.00 अंक के निचले जबकि 21,801.45 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,654.75 अंक की तुलना में 0.57 प्रतिशत मजबूत होकर 21,778.70 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.81, एनटीपीसी 2.68, पावरग्रिड 2.18, नेस्ले इंडिया 2.02, टाटा मोटर्स 1.84, आईटीसी 1.62, भारती एयरटेल 1.61, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.94, सन फार्मा 0.82, टाइटन 0.76, रिलायंस 0.75, टाटा स्टील 0.73, टेक महिंद्रा 0.46, एसबीआई 0.42, आईसीआईसीआई बैंक 0.36, मारुति 0.17, एचसीएल टेक 0.16, एचडीएफसी बैंक 0.14 और एक्सिस बैंक 0.13 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एलटी 0.72, विप्रो 0.37, अल्ट्रासिमको 0.29, एशियन पेंट 0.26, टीसीएस 0.26 और इंफ़ोसिस ने 0.22 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# बैंकों का एनपीए पिछले कई वर्षों के निचले स्तर पर पहुंचा

## आरबीआई ने अर्थव्यवस्था पर कही यह बात

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक टिप्पणी की है। आरबीआई ने कहा है कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद के बल पर भारतीय अर्थव्यवस्था और घरेलू वित्तीय प्रणाली लचीली बनी हुई है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़त की संभवना बनी हुई है। केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि बैंकों की शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) का अनुपात सितंबर 2023 के अंत में घटकर कई साल के निचले स्तर 0.8 प्रतिशत पर आ गया और देश की घरेलू वित्तीय प्रणाली लचीली बनी हुई है।

आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा है, सितंबर 2023 में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) क्षेत्र के लचीलापन में सुधार आया है। इनका सीआरएआर 27.6 प्रतिशत, जीएनपीए अनुपात 4.6 प्रतिशत और संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 2.9 प्रतिशत रहा है।

आरबीआई ने कहा है कि बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अनुपात भी कई साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। यह रिपोर्ट वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के वित्तीय स्थिरता और भारतीय वित्तीय प्रणाली के लचीलेपन के जोखिमों पर सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाती है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबीएस) का पूंजी से जोखिम भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) और सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) अनुपात सितंबर 2023 में क्रमशः 16.8 प्रतिशत और 13.7 प्रतिशत रहा।

### उड़द और तुअर दाल के लिए मुक्त आयात नीति की अवधि एक साल के लिए बढ़ी

नई दिल्ली। सरकार ने उड़द और तुअर दाल की मुक्त आयात नीति की अवधि को एक वर्ष के लिए यानी 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया है। गुरुवार 28 दिसंबर को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इससे पहले कुछ दिन पहले केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों- रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर घटी हुई आयात शुल्क व्यवस्था को मार्च 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया था। खाद्य तेलों के साथ ही मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट भी 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया था। सरकार की ओर से उठाए गए इन कदमों का उद्देश्य खाद्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना है। वित्त मंत्रालय की एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि घटी हुई ड्यूटी मार्च 2024 में समाप्त होने वाली थी, लेकिन अब मार्च 2025 तक जारी रहेगी। इससे पहले सरकार ने रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर मूल आयात शुल्क 17.5 प्रतिशत से घटाकर 12.5त्न कर दिया गया था। शुल्क में इस कटौती से इन तेलों की देश में आने की लागत कम हो जाएगी, जिससे घरेलू कीमतें कम होंगी और लोगों को राहत मिलेगी। बता दें कि नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 8.70 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 6.61 प्रतिशत थी।

# ईडी की चार्जशीट में प्रियंका गांधी का आया पहली बार नाम

## जमीन घोटाला केस में पति रॉबर्ट वाड्रा हैं आरोपी

नई दिल्ली।(पी एम ए) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन घोटाले आरोप में जो चार्जशीट दाखिल किया है उसमें प्रियंका गांधी का भी नाम शामिल है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के लिए नई मुसिबत खड़ी हो गई है। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन की खरीद से जुड़े मामले में चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में प्रियंका गांधी का भी जिक्र है। हालांकि उनको इस केस में आरोपी नहीं बनाया गया है। लेकिन उनके पति रॉबर्ट वाड्रा का नाम जरुर शामिल किया गया है।

बता दें कि ये पूरा मामला हरियाणा के फरीदाबाद में जमनी खरीद से यह जुड़ा हुआ है। जानकारी के मुताबिक साल 2005-2006 के बीच फरीदाबाद के अमीपुर गांव में एचएल पाहवा (थंपी के करीबी) प्रोपर्टी डीलर के जरिये रॉबर्ट वाड्रा ने करीब 40.8 एकड़ जमीन खरीदी थी, जिसे दिसंबर साल 2010 में पाहवा को ही वापस बेच दिया था। इसी तरह प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम पर भी इसी अमीपुर गांव में साल अप्रैल 2006 में खरीदी गई थी, जिसे फरवरी 2010 में पाहवा को ही वापस बेच दिया गया था। ईडी का कहना है कि वाड्रा और थम्पी के रिश्ते काफी लंबे हैं और दोनों एक जैसा व्यापार करने के अलावा भी कई काम मिलकर करते हैं। ये एक बड़ा मामला है, जो भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी से संबंधित है।

### रॉबर्ट वाड्रा पर लगा है आरोप

रॉबर्ट वाड्रा पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक नए मुकदमे में आरोप लगाए हैं, जिसमें उन्होंने लंदन में एक मकान के पुनर्निर्माण कराया और उसमे ठहरे। यह मकान कथित रूप से संजय भंडारी के खिलाफ धन शोधन मामले में अपराध से अर्जित आय का हिस्सा है। संजय भंडारी 2016 में ब्रिटेन भाग गया और ब्रिटेन सरकार ने ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के कानूनी अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए इस साल जनवरी में भारत में उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी।

इस मामले में वाड्रा का नाम पहली बार आया है और ईडी ने एक बयान में जारी करके इसे सार्वजनिक किया है। इस जांच का मुख्य उद्देश्य विदेश में कथित अघोषित संपत्ति रखने वाले व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन और कर चोरी के आरोपों की जांच करना है। ईडी ने बताया कि उसने इस मामले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रह रहे अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कारोबारी सी सी या चेरुवथुर चकुट्टी थंपी और ब्रिटेन के नागरिक सुमित चड्ढा के खिलाफ नया आरोपपत्र दाखिल किया है।

# मुकेश अंबानी ने नए साल से पहले साझा किया संदेश

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी ने नए साल के पहले अपना संदेश साझा किया है। अपने संदेश में उन्होंने डिजिटल डेटा प्लेटफॉर्म और एआई को मामले में कंपनी को मजबूत करने का आह्वान किया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा, अब से तीन दिन में हम 2023 को अलविदा कह देंगे और 2024 की शुरुआत करेंगे। रिलायंस परिवार के प्रमुख के रूप में, मैं आप सभी के साथ नए साल के लिए तीन प्रमुख संदेश साझा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, सबसे पहले, आइए हम डिजिटल डेटा प्लेटफॉर्म और एआई एडॉप्शन, टैलेंट एनरिचमेंट और इंस्टीट्यूशनल कल्चर में ग्लोबल लीडर्स के बीच रिलायंस की स्थिति को मजबूत करें।

दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान तेल शोधन परिसर से लेकर देश के सबसे बड़े मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर तक का व्यवसाय खड़ा करने वाले अरबपति मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड कभी भी आत्मसंतुष्ट नहीं होगा और दुनिया के शीर्ष 10 व्यापारिक समूहों में शामिल होगा।

समूह के संस्थापक धीरूभाई अंबानी के जन्मदिन रिलायंस फैमिली डे पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अंबानी ने कहा कि रिलायंस अब डिजिटल डेटा प्लेटफॉर्म और एआई अपनाने के मामले में ग्लोबल लीडर्स के बीच अपनी जगह मजबूत करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

अंबानी ने कहा, आज, व्यापार के लिए घरेलू और वैश्विक वातावरण बहुत तेजी से बदल रहा है। आत्मसंतोष के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, रिलायंस अतीत में भी कभी आत्मसंतुष्ट नहीं रहा और रिलायंस भविष्य में भी कभी आत्मसंतुष्ट नहीं होगा। उन्होंने कहा कि रिलायंस को लगातार इनोवेशन और रीइन्वेंशन के माध्यम से बाजार में अपनी जगह बनाने के लिए जाना जाता है। मुंबई में एक छोटी कपड़ा विनिर्माण इकाई के साथ शुरुआत करते हुए, रिलायंस ने अपना कारोबार बढ़ाया। इसने पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में (जो वस्त्रों के लिए फीडस्टॉक प्रदान करता है) में कदम रखा और देश का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया। इसके बाद इसने एक तेल रिफाइनरी स्थापित की और इसे देश में सबसे बड़ा और दुनिया के सबसे बड़ा एकल-स्थान तेल शोधन परिसर के रूप में विस्तारित किया।

2005 में, रिलायंस ने खुदरा क्षेत्र में प्रवेश किया और अब यह देश में किराने की दुकानों, हाइपरमार्केट और ऑनलाइन खुदरा बाजार का सबसे बड़ा ऑपरेटर है। 2016 में, इसने दूरसंचार सेवा जियो लॉन्च की, जो जल्द ही भारत में सबसे बड़ा ऑपरेटर और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ऑपरेटर बन गया।

### हमारे ऊपर जीएसटी की कोई देनदारी नहीं

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलिवरी फर्म जोमैटो लिमिटेड को डिलीवरी शुल्क वसूलने के मामले में 401.7 करोड़ रुपये की जीएसटी देनदारी का शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। हालांकि, जोमैटो ने जोर देकर कहा कि वह राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है, क्योंकि डिलीवरी चार्ज डिलीवरी पार्टनर्स की ओर से लिया जाता है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसे जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय, पुणे क्षेत्रीय इकाई से केंद्रीय माल व सेवा कर कानून, 2017 की धारा 74 (1) के तहत 26 दिसंबर, 2023 को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) मिला है। नोटिस में कंपनी को यह बताने को कहा गया है कि 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए ब्याज और जुर्माने के साथ 401.7 करोड़ रुपये की वसूली क्यों नहीं की जाए। हालांकि, जोमैटो ने जोर देकर कहा कि वह राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है, क्योंकि डिलीवरी पार्टनर्स की ओर से डिलीवरी चार्ज लिया जाता है। कंपनी ने इसकी वसूली नहीं है। कंपनी ने कहा है, एससीएन में जिस राशि का जिक्र किया गया है वह राशि भागीदारों की ओर से ग्राहकों से डिलीवरी शुल्क के रूप में एकत्र की गई राशि है। जोमैटो ने कहा कि उसका मानना है कि वह किसी भी कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है क्योंकि डिलीवरी चार्ज कंपनी द्वारा डिलीवरी भागीदारों की ओर से एकत्र किया जाता है।

# शार्ट न्यूज

## मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन को हराया, वोल्व्स-चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड को भी मिली जीत

लंदन। इंग्लैंड की फुटबॉल लीग प्रीमियर लीग का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। बुधवार को कई बेहतरीन मैच खेले गए। इनमें मैनचेस्टर सिटी, वोल्व्स, चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीत दर्ज की। ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर के बेहद खराब प्रदर्शन के बीच तीन मिनट और तीन सेकेंड में तीन गोल की मदद से वोल्व्स ने प्रीमियर लीग में रिकॉर्ड जीत दर्ज की, जबकि चेल्सी ने पेनल्टी मिलने के बाद अहम जीत दर्ज की। मैनचेस्टर सिटी ने विवादास्पद पेनल्टी के बाद एवर्टन को हरा दिया। चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच खेले गए मुकाबले में जमकर ड्रामा देखने को मिला। वीडियो एसिस्टेंट रेफरी के एक फैसले की वजह से चेल्सी के फैंस गुस्सा गए थे, लेकिन उसके कुछ मिनट बाद ही मिले पेनल्टी पर गोल ने फैंस को चीयर करने का मौका दे दिया। नोनी मदुएके ने 89वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर चेल्सी को 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत की बदौलत मॉरिशियो पोचेटिनो की चेल्सी के लिए 2023 के अंत में सकारात्मक नतीजे आए।

## सीआइएसएफ की अहबाब एफसी पर आसान जीत

नयी दिल्ली । डीएसए प्रीमियर लीग में गुरूवार को खेले गये मैच में सीआईएसएफ प्रोटेक्टर ने अहबाब एफसी को 3-1 से हरा दिया है। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में सीआईएसएफ के लिए जितेंद्र कुमार, प्लेयर ऑफ द मैच साहिल कुमार, और संतोष कुमार ने गोल दागे। प्रीमियर लीग की कमजोर टीमों में शामिल अहबाब ने पहले हाफ में बेहतर प्रदर्शन किया और चौथे ही मिनट में एजाज अहमद के गोल से बढ़त बना ली। लेकिन दूसरे हाफ में रक्षा पंक्ति की चूक से खेल बिगड़ गया। सीआइएसएफ के फारवर्ड ने कई आसान मौके गंवाए वरना हार का अंतर बड़ा हो सकता था। इस जीत के साथ ही सीआइएसएफ ने 10 मैचों में 16 अंक हो गये हैं। वहीं अहबाब के नौ मैचों में पांच अंक हैं। शुक्रवार को वाटिका एफसी और फ्रेंड्स यूनाइटेड के बीच मुकाबला खेला जायेगा।

## आईएसएल में केरला ब्लास्टर्स एफसी ने मोहन बागान सुपर जाइंट को हराया

कोलकाता। केरला ब्लास्टर्स एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में पहली बार मोहन बागान सुपर जायंट (एमबीएसजी) को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की है। युबा भारती क्रीरंगन में बुधवार रात खेले गये मुकाबले की शुरूआत में ही केरला ब्लास्टर्स एफसी के दिमित्रियोस डायमंटाकोस ने मोहन बागान सुपर जायंट पर नौवें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी थी। हालांकि इसके बाद दोनों टीमों की ओर गोल करने के प्रयास किये गये लेकिन दोनों टीमों को सफलता नहीं मिली। इस हार को लेकर मोहन बागान सुपर जाइंट के मुख्य कोच जुआन फेरांडो ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की थकान के कारण टीम को सामना करना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान टेस्ट के तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ लिफ्ट में फंसे

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान टेस्ट के दौरान अजीब परिस्थितियों में उस समय खेल में व्यवधान देखा गया जब तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ लंच के बाद लिफ्ट में फंस गए। यह वाक्या गुरुवार को उस समय हुआ जब लंच ब्रेक के बाद खिलाड़ी दूसरे सत्र की शुरुआत के लिए निर्धारित समय 1.25 बजे मैदान पर लौट आए। लेकिन दोनों मैदानी अंपायरों ने गेंद फेंकने की अनुमति नहीं दी क्योंकि इलिंगवर्थ ग्रैंडस्टैंड अपनी सीट पर नहीं पहुंच पाये थे। पता चला कि वे लिफ्ट में फंसे हुए है। मैच के प्रसारणकर्ता ने जब तीसरे अंपायर की सीट की ओर कैमरा घुमाया तो इलिंगवर्थ अपनी सीट पर नहीं थे। कुछ मिनटों के व्यवधान के बाद इलिंगवर्थ अपनी सीट पर पहुंचे तब जाकर खेल शुरु हुआ। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की सोशल मीडिया शाखा ने एक्स पर पोस्ट किया गया, खेल में देरी हो रही है क्योंकि तीसरा अंपायर लिफ्ट में फंस गया है।

## वापसी के लिए तैयार हैं नडाल और ओसाका

ब्रिसबेन। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल और नाओमी ओसाका रविवार से यहां शुरू होने वाले ब्रिसबेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी ओपन की पूर्व चैंपियन ओसाका मां बनने के बाद खेल में वापसी करेंगी और उन्होंने बुधवार को यहां अभ्यास सत्र में भाग लेकर तैयारी भी शुरू कर दी। ओसाका पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी और बाद में उन्होंने खुलासा किया था कि वह गर्भवती थी। नडाल भी चोट से उबरने के बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्हें ब्रिसबेन में विंबलडन फाइनलिस्ट माटेओ बेरेटिनी और 2020 के अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। महिला वर्ग के एकल में ओसाका के अलावा मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका, एलेना रयबाकिना, येलेना ओस्टापेंको, विक्टोरिया अजारेंका, सोफिया केनिन और सलोन स्टीफंस इस प्रतियोगिता में अपना भाग्य आजमाएंगे।

## राहुल आलोचनाओं से हो गए थे मेंटली डिस्टर्ब

साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में केएल राहुल ने 137 गेंदों में 101 रन की पारी खेली। राहुल का शतक ऐसे समय में आया, जब भारत के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, कैप्टन रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए। राहुल ने शतकीय पारी के बाद स्टार स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में सोशल मीडिया पर किए जाने वाली आलोचनाओं पर कहा, %जो लोग पहले मेरी आलोचना कर रहे थे, अब मेरी तारीफ कर रहे हैं। आपका प्रदर्शन ही सही मायने में ओलोचकों के लिए जवाब है। मैं सोशल मीडिया से दूर रहने लगा, इससे आप जितना दूर रहेंगे आप खुश रहेंगे। राहुल ने कहा, आप लोगों को बदल नहीं सकते। लोगों को कहने की आजादी है, लेकिन कुछ चीजें काफी दुख देने वाली होती है। अगर कोई कहता है कि सोशल मीडिया पर की जाने वाली बातों से फर्क नहीं पड़ता है, वह झूठ बोलता है। मैं अब पीछे देखता हूं कि तो लगता है कि इसे अलग नजरिए से भी देख सकता था। मैं उस समय मानसिक रूप से उस तरह की आलोचना सहने की स्थिति में नहीं था। मैं उस समय ये सोचता था कि मैं क्या कर रहा हूं, मैं क्यों इन चोटों से गुजर रहा हूं और कई लोग मेरी आलोचना क्यों कर हैं।

## प्रीमियर लीग में 12 सेकेंड में वोल्व्स के 2 गोल

**लंदन।** इंग्लैंड में खेले जा रहे फुटबॉल प्रीमियर लीग में बुधवार को वोल्व्स क्लब और ब्रेंटफोड के बीच हुए मैच में 3 मिनट 12 सेकेंड के अंदर 3 गोल हुए। वोल्व्स ने ब्रेंटफोर्ड को 4-1 से हराया। वहीं चेल्सी ने पेनल्टी मिलने के बाद क्रिस्टल पैलेस को 2-1 से और मैनचेस्टर सिटी ने विवादास्पद पेनल्टी के बाद एवर्टन को हरा दिया। बुधवार को खेले गए मैच में वोल्व्स ने ब्रेंटफोर्ड पर 4-1 की एकतरफा जीत हासिल की। वोल्व्स ने पहले हाफ में 12 सेकेंड के अंदर 2 गोल किया कर ब्रेंटफोर्ड के डिफेंस की पोल खोली दी। वोल्व्स के पहला गोल 13वें मिनट में मारियो लेमिना ने बेहतरीन गोल किया। इसके 12 सेकंड बाद ही ह्वांग ही चान ने गोल दाग स्कोर 2-0 कर दिया। वहीं ब्रेंटफोर्ड ने वापसी की कोशिश की और 16वें मिनट में ब्रेंट फोर्ड की ओर से योएन विसा ने गोल किया कर वापसी की कोशिश की। लेकिन उसके बाद फिर ब्रेंटफोर्ड के डिफेंस वोल्व्स के सामने विवश नजर आई। 28वें मिनट में ह्वांग ने एक और गोल दागा। वहीं, 79वें मिनट में जीनरिसनर बेलेगार्डे ने गोल दाग अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाई। वहीं चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच खेले गए मुकाबले में वीडियो एसिस्टेंट रेफरी के एक फैसले पर विवाद हुआ और चेल्सी के फैन्स इससे नाराज दिखे, लेकिन उसके कुछ मिनट बाद ही मिले पेनल्टी पर गोल ने फैन्स के गुस्सा को खत्म कर दिया।

# दक्षिण अफ्रीका के पहली पारी में 408 रन, 163 रनों की बढ़त

**सेंचुरियन।** डीन एल्गर 185 रन शतकीय, मार्को यानसन 84 रनों और डेविड बेडिंघम 56 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में तीसरे दिन मैच 408 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करते हुए 163 रन की बढ़त बना ली है।

दक्षिण अफ्रीका ने कल खराब रोशनी के कारण अंपायर्स ने दूसरे दिन के खेल रोके जाने के समय पांच विकेट पर 256 के स्कोर के आगे खेलना शुरु किया। तीसरे दिन भारत को पहली सफलता 95वें ओवर में शार्दुल ने डीन एल्गर को 185 रनों के स्कोर पर के एल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर दिलाई। इसके बाद अश्विन ने गेराल्ड कोएत्जी 19 रन को पवेलियन भेज दिया। जसप्रीत बुमराह ने लंच के बाद कगिसो रबाडा और नांद्रे बर्गर का विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को नौ विकेट पर 408 रनों के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान टेम्बा बावुमा बल्लेबाजी करने नहीं आए। मार्को यानसेन 84 रन बनाकर नाबाद रहे।

जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट झटके। मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले। वहीं शार्दुल ठाकुर, अश्विन और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल की 101 रनों की शतकीय पारी की बदौलत भारत दक्षिण के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के दूसरे दिन 245 रनों का सम्मानजक स्कोर खड़ा कर सका है।




भारत ने आज कल के आठ विकेट पर 208 रनों के स्कोर आगे खेलना शुरु किया। कोएत्जी ने सुबह के सत्र में मोहम्मद सिराज पांच रन को वेरेन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेजकर भारत को नौवां झटका दिया। इसके बाद राहुल ने कोएत्जी की गेंद पर छक्का लगाकर अपना आठवां टेस्ट शतक पूरा किया।

68वें ओवर में बर्गर ने के एल राहुल को 101 रन पर बोल्ड कर भारत की पहली पारी को 245 रनों के स्कोर पर समेट दिया।

इससे पहले कल सुपरस्पोर्ट पार्क में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और कगिसो रबाडा कहर ने दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय बल्लेबाजों को चैन नहीं लेने दिया। भारत को पहला झटका पांचवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा पांच रन के रूप में लगा। इसके 10वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। नंद्रे बर्गर की गेंद पर कायेल वेरेयेन ने उनका कैच लपका। बर्गर का पदार्पण टेस्ट में यह पहला विकेट था। शुभमन गिल आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। उन्होंने 12 गेंद पर दो रन बनाए। भारत को लंच के बाद चौथा झटका लगा। कगिसो रबाडा ने 27वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यर को 31 रन पर बोल्ड कर दिया। उनके बाद रविचंद्रन अश्विन आठ रन पर आउट हुए। उन्हें रबाडा ने एडेन मार्करम के हाथों कैच कराया। रबाडा ने शार्दुल ठाकुर 24 रन को आउट कर भारत को सातवां झटका दिया है। 55वें ओवर में जसप्रीत बुमराह एक रन को मार्को ने बोल्ड कर भारत आठवां विकेट गिराया। आज सिराज पांच रन पर नौवें विकेट के रूप मे आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने पांच विकेट लिये। नांद्रे बर्गर को तीन विकेट मिले तथा मार्को यानसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## आईओए ने डब्ल्यूएफआई के कामकाज के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति गठित की

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज के संचालन के लिए आज भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया है।

आईओए ने डब्लयूएफआई के कामकाज के लिए भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह बाजवा को तदर्थ समिति का अध्यक्ष, पूर्व हॉकी ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजुषा कंवर को इसका सदस्य नियुक्त किया।

तदर्थ समिति को डब्ल्यूएफआई के संचालन का कामकाज देखेगी। तदर्थ समिति खिलाड़ियों का चयन, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की प्रविष्टियां जमा करना, खेल गतिविधियों का आयोजन करना, बैंक खातों का संचालन, वेबसाइट का प्रबंधन और अन्य संबंधित जिम्मेदारियां संभालेगी। बाजवा डब्ल्यूएफआई के मामलों को चलाने और इसके चुनाव कराने के लिए अप्रैल में आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति के सदस्यों में भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि 21 दिसंबर को भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव हुए और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय ने अध्यक्ष पद का चुनाव जीता। इसके बाद पहलवान साक्षी मलिक ने जहां कुश्ती से संन्यास की घोषणा की। वहीं बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री सम्मान भी वापस लौटा दिया था। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और डब्ल्यूएफआई के अधिकारियों ने अपने स्वयं के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मनमाने फैसले किए और सुशासन के सिद्धांतों का भी उल्लंघन किया। जिसको देखते हुए खेल मंत्रालय ने कुश्ती संघ की नई बॉडी को निलंबित करते हुए खेल मंत्रालय ने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) तदर्थ समिति बनाने के निर्देश दिए थे।

## भारतीय फुटबॉल टीम के लिए शानदार रहा यह साल

नई दिल्ली। फुटबॉल दुनिया में सबसे लोकप्रिय और पसंद किया जाने वाला खेल है। क्रिकेट के प्रति जबरदस्त जुनून है वाले देश में समय के साथ फुटबॉल का क्रेज बढ़ रहा है। साल 2023 ने इसे आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय फुटबॉल टीम ने इस साल कई उतार-चढ़ाव देखें। उसने तीन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीतकर फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं।

भारत ने मार्च में ट्राई-नेशन इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताबी जीत के साथ साल 2023 की शुरुआत की। टीम ने इंफाल के खुमान लैंपक स्टेडियम में फाइनल में किर्गिस्तान के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल की। इस टूर्नामेंट में तीसरी टीम म्यांमार थी। भारत ने दोनों मैच जीते। फाइनल में डिफेंडर संदेश झिंगन ने 34वें मिनट में छह साल में अपना पहला गोल करके भारत को बढ़त दिला दी। कप्तान सुनील छेत्री ने 84वें मिनट में गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी।



पहले हाफ के अंत में अनिरुद्ध थापा के एक गोल की मदद से भारत ने शुरुआती मैच में म्यांमार को 1-0 से हरा दिया था।

भारत ने दोनों मैच जीते और टूर्नामेंट को अपने नाम किया। लालियानजुआला चांगटे को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि अनिरुद्ध शीर्ष गोल स्कोरर रहे।

### इंटरकॉन्टिनेंटल कप

सुनील छेत्री की अगुवाई वाली टीम ने फाइनल में लेबनान को हराकर भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2023 का खिताब जीता था। यह भारतीय टीम की लेबनान पर 47 साल में पहली और आठ मुकाबलों में दूसरी जीत थी। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला गया था जिसमें भारत, लेबनान, वानुअतु और मंगोलिया ने भाग लिया था। भारत ने मंगोलिया पर 2-0 की जीत के साथ अभियान की शुरुआत की और इसके बाद वानुअतु पर 1-0 की जीत दर्ज की।

भारतीय टीम ने सैफ चैंपियनशिप में सबसे सफल टीम के रूप में हिस्सा लिया। उसने 14 संस्करण में नौ बार खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु के श्री कांतीरावा स्टेडियम में फाइनल में रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में कुवैत को 5-4 से हराकर सुनील छेत्री की अगुवाई वाली टीम नौवीं बार विजयी हुई। टूर्नामेंट में दो ग्रुप में टीमों को रखा गया था। भारत को कुवैत, नेपाल और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया था।

भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 4-0 की बड़ी जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की, इसके बाद नेपाल के खिलाफ 2-0 की आसान जीत दर्ज की। भारत ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में कुवैत के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला। सेमीफाइनल मैच में भारत ने अतिरिक्त समय के बाद 0-0 से मैच समाप्त होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में लेबनान को 4-2 से हराया। भारत और कुवैत के बीच फाइनल मुकाबला भी पेनल्टी तक गया और भारत ने 5-4 से रोमांचक जीत हासिल की। सुनील छेत्री पांच गोल के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे।

# कतर ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की फांसी कैद में बदली

### कोर्ट में मौजूद थे भारतीय राजदूत; विदेश मंत्रालय बोला- अपने नागरिकों की रक्षा करते रहेंगे

नई दिल्ली। कतर में कथित तौर पर जासूसी के आरोपी 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों की फांसी की सजा पर वहां की अदालत ने रोक लगा दी है। अब सजा-ए-मौत की जगह इन भारतीयों को जेल में रहना होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है।

कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने फैसला गुरुवार को सुनाया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा- फैसले की डीटेल्स का इंतजार है। इसके बाद ही अगले कदम पर विचार किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान भारत के एम्बेसडर अदालत में मौजूद थे। उनके साथ सभी 8 परिवारों के सदस्य भी थे। भारत ने इसके लिए स्पेशल काउंसिल नियुक्त किए थे। हालांकि, फैसले की विस्तार से जानकारी अभी नहीं दी गई है।



### विदेश मंत्रालय बोला- फैसले की डीटेल्स का इंतजार

भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस बारे में लिखित बयान जारी किया गया है। इसमें सजा-ए-मौत को कैद में बदले जाने की जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक- कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने 'दाहरा ग्लोबल केस' में 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों की सजा में कमी कर दी है। फैसले की डीटेल्स का इंतजार है।

बयान के मुताबिक- कतर में हमारे एम्बेसडर और दूसरे अफसर आज अदालत में मौजूद थे। इसके अलावा सभी नौसैनिकों के परिजन भी वहां थे। हम अपने नागरिकों की हिफाजत के लिए शुरू से खड़े रहे हैं और आगे भी कॉन्स्यूलर एक्सेस समेत तमाम मदद दी जाएगी। इसके अलावा कतर एडमिनिस्ट्रेशन के साथ इस मुद्दे पर हम बातचीत जारी रखेंगे।

### इस कानूनी मामले को आसानी से समझिए...

अब इस मामले में चल रही अदालती कार्रवाई को बिल्कुल आसान तरीके से समझते हैं। कतर में 'कोर्ट ऑफ फर्स्ट इन्सटेंस' ने इन भारतीयों को सजा-ए-मौत का हुक्म दिया था। यह निचली अदालत होती है। फैसला भी गोपनीय रखा गया, इसे सिर्फ आरोपियों की लीगल टीम के साथ शेयर किया गया। इसके बाद भारत सरकार और इन नौसैनिकों के परिवारों ने निचली अदालत के फैसले को कोर्ट ऑफ अपील (हाईकोर्ट) में चैलेंज किया। गुरुवार को इसने ही सजा-ए-मौत को सिर्फ सजा में बदल दिया। हालांकि, सजा की मियाद क्या होगी, इसकी जानकारी आना बाकी है।

अब अगला कदम कतर की सर्वोच्च अदालत कोर्ट ऑफ कंसेशन है। इसे आप सुप्रीम कोर्ट भी कह सकते हैं। इसमें जेल काटने की सजा को भी चैलेंज किया जा सकता है। हो सकता है ये अदालत पूरी सजा ही माफ कर दे। बहरहाल, इसके अलावा कतर के नेशनल डे (18 दिसंबर) को यहां के अमीर कई आरोपियों की सजा माफ करते हैं। अगर सुप्रीम कोर्ट सजा माफ नहीं भी करती तो कतर के अमीर यानी चीफ रूलर शेख तमीम बिन हमाद अल थानी ऐसा कर सकते हैं।

# जंग में घायल रूसी सैनिक को मुआवजे में मिली सब्जियां

### रिपोर्ट में खुलासा- सरकार ने पैसों के बजाय गाजर-प्याज भेजी

एजेंसी

24 फरवरी 2022 को शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग अब भी जारी है। इस बीच इंडिपेंडेंट आउटलेट मोजेम ओब्यसनित ने दावा किया है कि जंग में घायल रूसी सैनिकों को मुआवजा में पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। रूस की सरकार ने एक सैनिक को मुआवजे के तौर पर सब्जियां दी है।

रिपोर्ट में कहा गया- 45 साल के ओलेग रयबकिन यूक्रेन के खिलाफ जंग में सितंबर 2022 को शामिल हुए। जून 2023 में वो घायल हो गए। उनके घुटने में चोट आई। लिवर और किडनी पर भी चोट का असर हुआ। रूसी सेना ने उसे लड़ने के लिए अनफिट घोषित कर दिया। इसके बाद उनके परिवार ने मुआवजे की मांग की। सरकार ने पैसों के बदले गाजर और प्याज की बोरियां भेज दीं।

### बिना सहारे चल नहीं पाता सैनिक

सैनिक ओलेग रयबकिन की पत्नी ने कहा- मेरे पति के घुटने में इतनी गहरी चोट है कि वो चल नहीं पाते। उनका पैर मुड़ता नहीं है। दर्द बना रहता है। इसे कम करने के लिए पेनकिलर्स देने पड़ते हैं। उन्हें चलने के लिए सहारे की जरूरत होती है। बिना सहारे वो ठीक से खड़े भी नहीं हो पाते। इलाज चल रहा है। पैसों की जरूरत है लेकिन सरकार मदद नहीं कर रही।

रिपोर्ट में कहा गया कि कई सैनिकों को मुआवजे के नाम पर सब्जियां भी नहीं मिलीं। ऐसे ही सैनिकों में से एक हैं खिजरी कुराजोव। खिजरी अक्टूबर में यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में घायल हो गए थे। उन्हें भी अनफिट घोषित किया गया। उन्होंने मुआवजे की मांग की, जो पूरी नहीं हुई। वो कोर्ट गए।

कोर्ट को दलील दी गई कि खिजरी को जो चोट लगी है वो यूक्रेनी हथियारों से नहीं लगी।

कोर्ट में कहा गया कि खिजरी अपने ही साथी के हमले से घायल हुए हैं इसलिए उन्हें जंग से जुड़ा मुआवजा नहीं मिलना चाहिए। कोर्ट ने खिजरी के खिलाफ फैसला सुनाया और उन्हें मुआवजा नहीं मिला।

## योल ने दुश्मनों के हमलों का माकूल जवाब देने का दिया आदेश

सोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने गुरुवार को सशस्त्र बलों को आदेश दिया कि दुश्मन के हमलों का जवाब माकूल जवाबी कार्रवाई करके दें और उसके बाद ही रिपोर्टिंग करें। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार योल ने फ्रंट-लाइन सेना इकाई का दौरा करने के दौरान कहा, उकसावे की स्थिति में मैं आपसे तुरंत जवाबी कार्रवाई करने और बाद में इसकी रिपोर्ट करने के लिए कहता हूं। योल कहा कि दुश्मन की उकसावे की इच्छा को कुचलने के लिए ऐसा उपाय आवश्यक था। उन्होंने विशेष रूप से उत्तर कोरिया की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह किसी भी समय उकसावे की कार्रवाई कर सकता है और वह दुनिया का एकमात्र देश है जो अपने संविधान के तहत पूर्वव्यापी परमाणु हमले और आक्रमण का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## वोट खरीदने के आरोप में पूर्व उप न्याय मंत्री गिरफ्तार

टोक्यो। जापान के पूर्व वरिष्ठ उप न्याय मंत्री मिटो काकीजावा को टोक्यो वार्ड के मेयर चुनाव में वोट खरीदने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियोजकों ने यह जानकारी दी। सत्तारुढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) से जुड़े 52 वर्षीय विधायक पर टोक्यो के कोटो वार्ड के अप्रैल मेयर चुनाव में यायोई किमुरा को जीतने में मदद करने के लिए लगभग 26 लाख येन (18 हजार अमेरिकी डॉलर) का इस्तेमाल करने का संदेह है। टोक्यो जिला लोक अभियोजक कार्यालय के अनुसार, यह भुगतान वोट खरीदने का प्रयास माना जाता है। यह पता चला है कि काकीज़ावा के कार्यालय ने विधायक के निर्देशानुसार कोटो वार्ड विधानसभा सदस्यों को नकद राशि दी, और किमुरा के चुनाव अभियान कर्मचारियों को पारिश्रमिक दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार काकीजावा ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि विधानसभा सदस्यों को भुगतान अप्रैल में हुए वार्ड विधानसभा चुनाव से पहले उनके पारंपरिक मध्य-अभियान योगदान थे और वोट खरीदने का उनका कोई इरादा नहीं था। किमुरा की टीम को अपने चुनाव अभियान के लिए भुगतान किए गए ऑनलाइन विज्ञापनों का उपयोग करने की सिफारिश करने की बात स्वीकार करने के बाद काकीज़ावा ने अक्टूबर में वरिष्ठ उप न्याय मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## यूक्रेन के लिए जारी आखिरी सैन्य सहायता

वाशिंगटन। अमेरिका ने यूक्रेन को लगभग 250 लाख करोड़ मूल्य की अमेरिकी सैन्य सहायता की एक और किश्त को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि नवीनतम पैकेज में वायु रक्षा, तोपखाने और छोटे हथियार गोला-बारूद और टैंक रोधी हथियार शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कांग्रेस (संसद) से नयी मंजूरी के बिना उपलब्ध आखिरी सहायता है। इस बीच यूक्रेन ने चेतावनी दी है कि यदि आगे पश्चिमी देशों से सहायता नहीं मिलती है, तो युद्ध प्रयास और उसके सार्वजनिक वित्त खतरे में पड़ जाएंगे। यूक्रेन युद्ध प्रयास को हालांकि अमेरिकी कांग्रेस में व्यापक समर्थन प्राप्त है, लेकिन आगे के हथियारों पर एक समझौते को रिपब्लिकन ने रोक दिया है। रिपब्लिकन इस बात पर जोर दे रहे हैं अमेरिकी-मेक्सिको सीमा पर सख्त सुरक्षा उपाय भी किसी भी सैन्य सहायता समझौते का हिस्सा होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि एक आपातकालीन व्यय उपाय प्रस्ताव, जिसके तहत यूक्रेन के लिए 5,000 करोड़ डॉलर और इज़रायल के लिए 1400 करोड़ डॉलर प्रदान करने की व्यस्था थी, इसी महीने की शुरुआत में सीनेट में गिर गया था क्योंकि रिपब्लिकन पार्टी के हर सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया।

## इराक में पीकेके आतंकवादियों ने अमेरिका निर्मित हथियारों का किया इस्तेमाल

अंकारा। उत्तरी इराक में तुर्किए सशस्त्र बलों द्वारा मार गिराये गये कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के आतंकवादियों के पास से अमेरिका निर्मित कार्बाइन एम 4 हथियार मिले है। पीकेके को तुर्किए में एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित किया गया है। तुर्किए के अखबार 'येनी सफाक' ने गुरुवार को बताया कि अक्टूबर में तुर्किए की इंटीरियर मिनिस्ट्री की इमारत पर हमला करने का प्रयास करने वाले आतंकवादियों द्वारा इन्ही हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। पीकेके आतंकवादियों के सशस्त्र हमले में शनिवार की रात उत्तरी इराक में छह तुर्किए के सैनिक मारे गए। इराक में तुर्किए के ऑपरेशन क्लॉ-लॉक के क्षेत्र में कुर्द आतंकवादियों के हमलों में बाद में दिन में छह और सैनिक मारे गए। इसके बाद तुर्किए को पीकेके के खिलाफ एक और ऑपरेशन शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा और रविवार सुबह तुर्किए के शीर्ष सैन्य कमांडर इराक से लगी सीमा पर पहुंचे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एम4 कार्बाइन कई देशों की सेनाओं द्वारा काम में ली जाती रही है और इनका इस्तेमाल पीकेके और इसकी सैन्य शाखा, कुर्द पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स द्वारा भी किया जाता है। पीकेके और तुर्किए के बीच सशस्त्र संघर्ष 1984 में शुरू हुआ और 2015 में फिर से शुरू हुआ। यह संगठन तुर्किए क्षेत्र सहित एक स्वतंत्र कुर्द राज्य के निर्माण की मांग करता है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# अयोध्या राम मंदिर में लगेंगे स्वर्णजड़ित 14 द्वार, महाराष्ट्र की लकड़ी और तमिलनाडु के कारीगर

**अयोध्या ।** (पी एम ए) राम मंदिर में लगने वाले दरवाजे तमिलनाडु के कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा है। इसमें कमल, मोर और अन्य पक्षियों के पारंपरिक भारतीय रूपांकनों को प्रदर्शित किया गया है।

500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर का काम लगभग पूरा हो चुका है। मंदिर में अब दरवाजे लगाने की तैयारी की जा रही है। राम मंदिर के भूतल में लगने वाले 14 खूबसूरत दरवाजों को हैदराबाद में अनुराधा टिम्बर्स इंटरनेशनल के निदेशक सरथ बाबू के निर्देशन में महाराष्ट्र से आई सागौन की लकड़ी से तैयार किया गया है और उन पर तांबे की परत चढ़ाई जा रही है, जिसके बाद इन्हें स्वर्ण जड़ित किया जाना है। इसके काम में कन्याकुमारी तमिलनाडु के कारीगर पीछले तीन महीने से जुटे हुए है।

### 8 फीट ऊंचे और 12 फीट चौड़े होंगे सोने से जड़ित दरवाजे

अनुराधा टिम्बर्स इंटरनेशनल के निदेशक सरथ बाबू ने बताया कि राम मंदिर गर्भ गृह के दरवाजे की ऊंचाई 8 फीट है और दरवाजे की चौड़ाई 12 फीट है और अन्य दरवाजे की ऊंचाई केवल 8 फीट है और दरवाजे की चौड़ाई एक दूसरे से अलग है जो 12 फीट से कम है। जरूरत पड़ने पर दरवाजा आधा बंद या पूरा खोला जा सकता है। दरवाजों को फाइनल टच देने के लिए दिल्ली भेजा गया है जहां इनकी कोटिंग होगी। इन दरवाजों पर वैभव प्रतीक गज ( हाथी),खूबसूरत विष्णु कमल, स्वागत की प्रणाम मुद्रा में देवी चित्र अंकित हैं।

### नागर शैली में बनाया जा रहे दरवाजे

तमिलनाडु के कारीगरों द्वारा बनाए जा रहे दरवाजे नागर शैली में डिजाइन किए गए है, जिसमें कमल, मोर और अन्य पक्षियों के पारंपरिक भारतीय रूपांकनों को प्रदर्शित किया जाएगा। नागर मंदिर वास्तुकला की उत्तर भारतीय शैली है जिसके बारे में कहा जाता है कि यह तीसरी शताब्दी ईस्वी में गुप्त काल में शुरू हुई और मुसलमानों के आगमन तक जारी रही। कंपनी ने बताया कि अब तक मुख्य मंदिर के 18 दरवाजे और मंदिर के चारों ओर 100 चौखटें बनाई जा चुकी हैं।

दरअसल, मंदिर उत्तर भारत की नागर शैली पर बनाया जा रहा है है. नागर शैली उत्तर भारतीय हिन्दू स्थापत्य कला की तीन में से एक शैली है. वास्तुशास्त्र के अनुसार नागर शैली के मंदिरों की पहचान आधार से लेकर सर्वोच्च अंश तक इसका चतुष्कोण होना है. खास बात यह है नागर शैली के मंदिरों में लोहे और सीमेंट का इस्तेमाल नहीं होता है. भुवनेश्वर में स्थित लिंगराज मंदिर नागर शैली का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। वहीं डिजाइन में मंदिर में प्रवेश के लिए चार अलग-अलग गेट सभी दिशाओं में बनाए गए हैं. सभी द्वार पर भारतीय संस्कृति की झांकियां भी मिलेंगी। साथ ही मंदिर में प्रदर्शनी, मेडिटेशन हॉल, धर्मशाला, रिसर्च सेंटर, स्टॉफ के रहने के लिए घर, राम भगवान पर रिसर्च और साहित्य के लिए लाइब्रेरी भी बनाई जाए।

# रेडियोलॉजिस्ट की पद रिक्त होने की वजह से धूल फांक रही है अल्ट्रासाउंड मशीन

**चंदौली।** (पीएमए) जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया में लगभग 2 साल से रिक्त चल रहे रेडियोलॉजिस्ट पद के वजह से अल्ट्रासाउंड मशीन धूल फांकती नजर आ रही है । जहां एक तरफ स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है वहीं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानने के लिए खुद स्वास्थ्य मंत्री( डिप्टी सीएम)बृजेश पाठक प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं ।

लेकिन जनपद चंदौली के अंतर्गत आने वाले जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया में इसका कोई असर नहीं दिख रहा है । आपको बताते चले कि तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जिला संयुक्त चिकित्सालय में परिवर्तित किया गया था । साथ ही मरीजों के सुविधाओं के लिए सौ सैया का बेड एवं इलाज से संबंधित मशीनों की व्यवस्था की गई । वर्तमान समय में जिला संयुक्त चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट के न होने से अल्ट्रासाउंड की सेवा बंद है । जिसके वजह से अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मरीजो को निजी डायग्नोस्टिक सेंटरो पर अधिक पैसा देकर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ता है । वही एक मरीज के परिजन ने बताया कि हम मजदूरी कर के अपना भरण पोषण करते हैं । मेरी पत्नी 4 महीने की गर्भवती है । जिसे डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड करने के लिए लिखा है । अस्पताल में अल्ट्रासाउंड ना होने की वजह से बाहर जब अल्ट्रासाउंड कराने गए तो ?500 मांग रहे हैं । 2 दिन की मजदूरी देकर मैंने अपने पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराया । आपको बताते चले कि गर्भस्थ शिशु की स्थिति को जानने के लिए अल्ट्रासाउंड करने के लिए डॉक्टर लिखते हैं । जिससे प्रसव के समय कोई कठिनाई न हो पाए । जहां एक तरफ सरकार गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाएं गिनवाने में लगी हैं तो वहीं दूसरी तरफ गरीबों को योजनाओं का फायदा ही नहीं मिल रहा है ।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

जब कुछ दिन पहले जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया के सीएमएस से इस संबंध में बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष से रेडियोलॉजिस्ट की पद रिक्त है । जिसकी वजह से जिला संयुक्त चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड सेवा बंद है । कागजी लिखा पढ़ी करके अधिकारियों को दे दिया गया है लेकिन अभी तक किसी रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं हो पाई है ।

# धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस का स्थापना दिवस

गोरखपुर। (पीएमए) घोष कम्पनी चौक स्थित जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं प्रशासन प्रभारी तौकीर आलम और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में अयोजित कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम कांग्रेस का झंडा रोहण क्रिया गया। अपने संबोधन में तौकीर आलम आशुतोष तिवारी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है 28 दिसंबर 1885 को 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय मुम्बई में हुई थी.इस मौके पर उपस्थित सैकड़ों कांग्रेसियों को तौकीर आलम, आशुतोष तिवारी के अतिरिक्त वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, राजेश तिवारी, राकेश यादव तेज नारायण श्रीवास्तव नवीन सिन्हा राकेश राम त्रिपाठी एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अंकित पाण्डेय टाईगर इत्यादि ने संबोधित किया।

इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित डॉक्टर भानु प्रताप सिंह. दिलीप निषाद.राजेंदर यादव.इकबाल अहमद खान. रविंद्र पासी.सुनील आदि बहुत से वरिष्ठ कांग्रेस जनऔर कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंर्तप्रांतीय युवकों को शादी का झांसा देकर लूटने वाली दुल्हन व उनके गैंग का पर्दाफाश

चंदौली। (पीएमए) गैर प्रांत के युवकों को शादी का झांसा देकर अपना शिकार बनाने वाली लुटेरी दुल्हन व उसके गैंग का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है । आपको बताते चले की 27 दिसंबर को सदर कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र मिला ।जिसमें लिखा हुआ था कि प्रार्थी संजय सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी मई तहसील नदवई जिला भरतपुर राजस्थान का निवासी है का शादी नहीं हुआ था को चंदौली निवासी सोनू द्वारा शादी के लिए बुलाया गया था । संजय सिंह अपने भाई भूपेंद्र व भाभी पूनम पत्नी ( सूरज) के साथ शादी के लिए चंदौली आया था । सोनू व उसके साथी राजू कृष्णा ने संजय की शादी सुमन सोनकर पुत्री बच्चन सोनकर निवासी शुजाबाद डोमरी थाना रामनगर ( वाराणसी ) के साथ भारत रेस्टोरेंट में कराया था ।26 दिसंबर को संजय सुमन को लेकर अपने गांव जा रहा था तभी रास्ते में सुमन सोनकर ने संजय के रू 12000 लेकर ( जो बैग में रखा हुआ था) भाग गई ।जब संजय ने सोनू को फोन किया तब उसे पता चला कि उसके साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी हुई है , मामले की जानकारी के बाद पुलिस टीम गठित कर गिरोह के तलाश में लग गई । पुलिस को लुटेरी दुल्हन व उसके गैंग को गिरफ्तार करने में तब कामयाबी मिली जब सकलडीहा तिराहा ओवर ब्रिज के पास कोतवाली सदर चेकिंग अभियान चला रही थी तभी संजय ने आकर बताया कि दुल्हन सुमन सोनकर व उसके साथी संजय राम, धर्मेंद्र राम, व ? अर्जुन राम चंदौली रेलवे स्टेशन के बगल में हाईवे के किनारे पोखरे पर मंदिर के पास खड़े हैं और कहीं भागने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे हैं । मैं उनकी निगरानी के लिए अपने भाई भूपेंद्र व अपने दूर के रिश्ते की भाभी पूनम कुमारी को छोड़कर आया हूं । आप जल्दी चलिए नहीं तो वह पकड़ से बाहर हो जाएंगे।

## अखिलेश यादव 6 जनवरी को बलिया आएगें

बलिया। (पीएमए) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगामी 6 जनवरी को दोपहर में बलिया आएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री 6 जनवरी को पार्टी के दिवंगत जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव एवं जिला सचिव रहे स्व. राजेन्द्र पाण्डेय के परिवार के सदस्य से मिलकर इस दुःख की घड़ी में उनके दर्द को साझा करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कार्यक्रम को लेकर आज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी, विधायक संग्राम सिंह यादव, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सनातन पाण्डेय, जिला प्रवक्ता सुशील पाण्डेय कान्हजीराजन कनौजिया,शशिकांत चतुर्वेदी, अनिल राय,बीरबल राम, राजेन्द्र यादव, अमित सिंह, विनय गोड आदि ने हेलीपैड बनने वाले स्थान पर जा कर देखा। तथा तैयारी प्रारम्भ किया।

# जिलाधिकारी ने कैंप कार्यालय से 'हैलो डॉक्टर दीदी' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

### बच्चों, गर्भवती व धात्री माताओं के पोषण स्वास्थ्य व स्वच्छता में सुधार लाने की विशेष पहल

**वाराणसी।** (पीएमए) जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कैंप कार्यालय पर बच्चों के पोषण स्वास्थ्य स्थिति व स्वच्छता में सुधार लाने के उद्देश्य से हैलो डॉक्टर दीदी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल भी उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कार्यकम के अंतर्गत 'इंटरएक्टिव वॉइस रिस्पाँस सिस्टम (आईवीआरएस)' के निर्धारित मोबाइल नंबर 07878781003 पर मिस्ड कॉल भी किया, जिसके माध्यम से उनके नंबर पर पोषण, स्वास्थ्य व स्वच्छता के संदेश दिए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) विभाग के संयुक्त प्रयास तथा हिंदुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड, द पावर ऑफ न्यूट्रिशन एंड कारगिल के सहयोग से शुरू किया गया। राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत ग्रुप एम के माध्यम से कुपोषण को दूर करने में यह कार्यक्रम बेहद अहम साबित होगा। उन्होंने कहा कि पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण और संक्रमण के बीच सीधा संबंध है। यदि बच्चा संक्रमण से पीड़ित है, तो वह कुपोषण की श्रेणी में आ सकता है। यदि बच्चा कुपोषित है, तो वह निश्चित रूप से किसी न किसी संक्रमण से ग्रसित होगा। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिये हाथ धोने की आसान सी आदत और बच्चों व माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार की जानकारी से उनमें कुपोषण तथा संक्रमण दोनों को कम किया जा सकता है।

पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता के लिए मिलेगा अनुकूल वातावरण ङ्क इस कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों की माताओं के बीच पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा जो हेलो डॉक्टर दीदी प्रोजेक्ट का प्रमुख उद्देश्य है। यह प्रोजेक्ट का वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के छह जनपद यथा गोंडा, जौनपुर, बरेली, रायबरेली, बदायूँ, और हमीरपुर में शुरू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट के तहत स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर सामुदायिक बैठक करके लक्षित लाभार्थियों को जागरूक किया जाएगा।

# रेलवे सुरक्षा बल बैरेक, बनारस स्थित डॉग कैनाल में ट्रेडमिल का संस्थापन

वाराणसी। (पीएमए) रेलवे सुरक्षा बल बैरेक, बनारस (मंडुवाडीह) स्थित श्वान शाखा डॉग स्क्वाड में उपलब्ध कुत्तों के प्रदर्शन में और अधिक व्यावसायिकता लाने एवं खोजी कुत्तों को दक्ष बनाने के उद्देश्य से दो अदद ट्रेडमिल संस्थापित किये गये है जिसकी लागत कुल 1,31,102/- रुपये हैं । बनारस स्टेशन पर विशिष्ट,अतिविशिष्ट एवं वी आई पी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा को चाक-चौबन्द रखने हेतु यह अनूठी पहल भारतीय रेलवे में पहली बार पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल द्वारा की गयी है । ट्रेडमिल स्थापना के अवसर वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक ने डॉग कैनाल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वाराणसी मंडल का यह केंद्र डॉग्स को भली भाँति प्रशिक्षित कर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर होने वाले विशिष्ट जनों के कार्यक्रम तथा वी आई पी मुवमेंट के समय सुरक्षा को चाक-चौबन्द रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने बताया की हालाँकि ट्रेडमिल नियमित रूप से कुत्तों को बाहर टहलाने का विकल्प नहीं है, लेकिन इसका उद्देश्य कुत्तों को पर्याप्त एरोबिक व्यायाम प्रदान करना, कुत्तों में व्यवहार संबंधी समस्याओं की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना और अन्य दुर्बल करने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाना है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल बैरक (मंडुवाडीह)बनारस की श्वान शाखा में श्वानों के व्यायाम एवं अभ्यास परिसर, प्रशिक्षण, भोजन एवं विश्राम कक्ष कैनल बाहर, स्ट्रल एरिया, पी.टी. / स्टूल एरिया, उपचार एवं औषधी कक्ष एवं अभ्यास स्थलों की भी व्यवस्था उपलब्ध है । इस डॉग कैनाल में डॉग्स के एन्टीरेबीज समेत अन्य टीकाकरण एवं साप्ताहिक पोषक खुराक का विवरण सुरक्षित रखा जाता है । इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल के डॉग हैंडलर श्री मुकेश कुमार, श्री रामसहारे तिवारी एवं श्री धनेश्वर टुडू ने अपने अपने डॉग्स की विशेषताओं के बारे में बताया। श्वान शाखा के उप निरीक्षक श्री सुधाकर तिवारी ने बताया की इन प्रशिक्षित डॉग्स को रेडिमेड डाग फूड (रॉयल कैनिन )लीवर टॉनिक, कैल्शियम, मल्टी विटामिन पशु डाक्टर के सलाह के अनुसार नियमित रूप से दिया जाता है।

## नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प में 150 प्रकरणों में की गई सुनवाई

वाराणसी । वी0डी0ए0 उपाध्यक्ष के निर्देश पर गुरुवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में संयुक्त सचिव के नेतृत्व में ''नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प'' का आयोजना किया गया। कैम्प में पांच जोन के सभी जोनल अधिकारी, अवर अभियन्ता एवं भवन लिपिक उपस्थित रहे। कैम्प के दौरान नियोजन अनुभाग की 14 मानचित्र आवेदनों में एन0ओ0सी0 जारी किया गया एवं आवास्ति-सीलिंग अनुभाग से 26 एन0ओ0सी0 जारी किया गया। कैम्प में कुल दो नये मानचित्र प्राप्त हुए। पहले से दाखिल किये गये कुल 13 मानचित्र स्वीकृत हुए, जिसमें कुल रू0 71,79,239 शमन शुल्क आरोपित किया गया। शमन शुल्क के मद में कुल रू0 13,36,301 प्राधिकरण में जमा कराया गया।* कैम्प में कुल 150 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गयी। कैम्प में कुल 136 लोग उपस्थित हुए। वाराणसी विकास प्राधिकरण में माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प आयोजित किया जायेगा, जिसमें समस्त आगन्तुक की समस्याओं का समुचित समाधान किया जायेगा।

# अयोध्या में 7 दिन तक चलेगा प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान

अयोध्या। (पीएमए) मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां काफी तेजी से चल रही हैं। अयोध्या में सात दिनों तक वृहद स्तर पर अनुष्ठान प्रक्रिया चलेगा, जिसकी शुरुआत 16 जनवरी से होगी।

22 जनवरी को श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर अयोध्या दौरा कर रहे हैं।

2 दिसंबर व 21 दिसंबर को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर राम मंदिर निर्माण कार्य का अपडेट ले रहे हैं।

इस कार्यक्रम में देश-विदेश से काफी संख्या में आगंतुक उपस्थित रहेंगे। ट्रस्ट द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सात दिवसीय अनुष्ठान कार्यक्रम में 16 जनवरी को मंदिर ट्रस्ट की ओर से नियुक्त यजमान द्वारा प्रायश्चित, सरयू नदी के तट पर दशविध स्नान, विष्णु पूजन और गोदान होगा। 17 जनवरी को रामलला की मूर्ति के साथ शोभायात्रा अयोध्या भ्रमण करेगी, मंगल कलश में सरयू का जल लेकर श्रद्धालु मंदिर पहुंचेंगे।

18 जनवरी को गणेश अंबिका पूजन, वरुण पूजन, मातृका पूजन, ब्राह्मण वरण, वास्तु पूजन आदि से विधिवत अनुष्ठान आरंभ होगा। 19 जनवरी को अग्नि स्थापना, नवग्रह स्थापना और हवन फिर 20 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह को सरयू के पवित्र जल से धोने के बाद वास्तु शांति और अन्नाधिवास होगा।

# प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन से धर्मनगरी में विकास के नए युग का सूत्रपात : मुख्यमंत्री योगी

अयोध्या। (पीएमए) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी अयोध्या आगमन को %अविस्मरणीय समारोह बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही व दयाशंकर सिंह तथा महापौर अयोध्या सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 की विदा वेला पर धर्मनगरी में प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में 'विकास के नए युग' को प्रारंभ करने वाली होगी। इस अवसर पर देश को न केवल एक नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उपहार मिलने जा रहा है, बल्कि अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार भी मिलेगा। प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो। पूरी अयोध्या राममय हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं। भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं। जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों की प्रस्तुतियां हों।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु अयोध्यावासी भी उत्सुक हैं। उन्हें यथोचित स्थान दें। साधु-संतगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया जाना है। उनसे संवाद बनाएं। यह रोड शो जनता के लिए है, ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। यह आयोजन अति महत्वपूर्ण है, इसके दृष्टिगत भारत सरकार के सहयोग से स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा में आसपास के जनपदों से डेढ़ से दो लाख आम नागरिकों के आने की संभावना के दृष्टिगत सभी तैयारियां और अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं जनसभा में आने वाले नागरिकों की आधारभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। भीड़ प्रबंधन पर फोकस करें।

उन्होंने कहा कि जनसभा स्थल एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर वाहनों की पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था हो और उन पार्किंगों के पास पर्याप्त जन सुविधाओं की भी व्यवस्था की जाए। चिकित्सकों की तैनाती करें। यह समारोह बड़ा है। बड़ी संख्या में जनभागीदारी होगी। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। एरियल सर्विलांस भी हो। वर्दीधारी सुरक्षाकर्मियों के अलावा सादी वर्दी में भी पुलिस की तैनाती की जाए। प्रधानमंत्री के सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन करायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निकटवर्ती जिलों के प्रशासन से संवाद कर यातायात प्रबंधन की रणनीति लागू करें। लखनऊ-गोरखपुर मार्ग पर कहीं जाम न लगे। डायवर्जन के बारे में समय से प्रचार-प्रसार करें। प्रधानमंत्री के रोड शो के रूट को आकर्षक ढंग से सजाएं।

## शार्ट न्यूज

### बनारस में दो दर्जन बकायेदारों की काटी बिजली

वाराणसी । (पीएमए) नगरीय विद्युत वितरण खंड द्वितीय चौकाघाट की तरफ से विभिन्न क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान जहां उपभोक्ताओं को ओटीएस की जानकारी दी गयी और बकायेदारों से बकाया जमा करने की अपील की गयी। वहीं, दो दर्जन बकायेदारों की बिजली भी काटी गयी। अधीक्षण अभियंता अनूप सक्सेना के नेतृत्व में पितरकुंडा, लल्लापुरा, हबीबपुरा, माताकुंड, नई सड़क, दालमंडी, बेनियाबाग आदि क्षेत्रों में बिजली चोरी के प्रकरण में राजस्व निर्धारण जमा न करने तथा बिजली बकाया अदा न करने के प्रकरण में उपभोक्ताओं को योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराने तथा अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक छूट का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान सिकंदर, मो. सलीम, शिराज अहमद, राजिया, विक्रम भारद्वाज, रेणु आदि उपभोक्ताओ ने तत्काल योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराकर धनराशि जमा कराकर छूट का लाभ प्राप्त किया। अभियान के दौरान इफ्तिखार खान, मिर्जा अनवारुल, सैयद दिलावर हुसैन, शादाब, चांद, गुड्डू, अब्दुल जिलानी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद दानिश, अनवर अली, उपेंद्र मौर्य, भानु प्रताप आदि सहित दो दर्जन उपभोक्ताओं का बिजली चोरी के प्रकरण तथा बकाए पर लाइन काटी गई। साथ ही अभियान में लगभग 10.31 लाख की राजस्व वसूली प्राप्त हुआ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम अंतर्गत विभिन्न योजनाओ की दी गई जानकारी

आजमगढ़ । शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अहिरौला के ग्राम पंचायत इशहाकपुर व करनपुर, अतरौलिया के ग्राम पंचायत लोहरा व तेजापुर, अजमतगढ़ के ग्राम पंचायत सिकरौरा, तरौका, डिघवनिया काजी व तुरकौली, बिलरियागंज के ग्राम पंचायत मिरिया रेहड़ा व श्रीनगर, हरैया के ग्राम पंचायत चिलबिली दान चिलबिली व सपहा पाठक, कोयलसा के ग्राम पंचायत भरौली टोडरपुर व ककरही, लालगंज के ग्राम पंचायत करिया गोपालपुर व रेवोसा, महराजगंज के ग्राम पंचायत भीलमपुर व सरदहा, मेंहनगर के ग्राम पंचायत दौलतपुर व बीरभानपुर, मुहम्मदपुर के ग्राम पंचायत इनाओ भार व बिसहम मिर्जापुर, पल्हनी के ग्राम पंचायत गौरडीह खालसा व मनिकाडीह,बनहरा व मेहमौनी में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

### बाबतपुर एयरपोर्ट से आठ उड़ानें निरस्त

वाराणसी। (पीएमए) कोहरा और ठंड से जनजीवन प्रभावित है। इसका असर हवाई यात्रा पर भी पड़ रहा है। कोहरा के चलते बाबतपुर एयरपोर्ट से आठ फ्लाइटें निरस्त हो गईं। इससे यात्रियों को काफी दिक्कत हुई। नाराज यात्रियों ने हंगामा किया। इंडिगो की सात और स्पाइस जेट की एक उड़ान निरस्त रही। अकासा एयरलाइंस का बंगलुरू का विमान लगभग 3 घंटे की देरी से पहुंचा। इंडिगो मुंबई का विमान तीन घंटे, एयर इंडिया एक्सप्रेस बंगलुरू का विमान आई एक्स 1622 दो घंटे, इंडिगो कोलकाता 6ई 822 दोघंटे, इंडिगो हैदराबाद का विमान 6ई 915 दो घंटे, एयर इंडिया का दिल्ली विमान एआई 406 लगभग पांच घंटे लेट रही। इंडिगो का विमान 6ई 2362 लगभग चार घंटे, स्पाइसजेट गिल्ली का विमान एसजी 2714 दो घंटे की देरी और एयर इंडिया एक्सप्रेस शारजाह का विमान आई एक्स 184 अपने निर्दारित समय शाम के पांच बजे से आठ घंटे की देरी से रात 1.30 बजे एयरपोर्ट पहुंचा। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से फ्लाइट प्रभावित हो रही हैं।

### फ़िल्म माँ भवानी से फिर से फ़िल्मी जगत में धमाका करने आ रहे हैं अभय सिन्हा , पंकज तिवारी व रजनीश मिश्रा




कहते हैं कि जब इंसान के मन मस्तिष्क में तनाव होता है तो कई बार उसे दवाओं से नहीं बल्कि संगीत की धुन से आराम मिलता है , इसे शायद म्यूज़िकल थेरेपी भी कहते हैं । कुछ इसी प्रकार के ही संगीत बनाने वाले जब आपके किसी फ़िल्मी प्रोजेक्ट को अपना सर्वस्व सौंप कर समर्पित हो जाएं तो फिर क्या कहना !भोजपुरी फ़िल्म इतिहास में पहली बार प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता अभय सिन्हा, सबसे बड़े संगीतकार सह निर्देशक रजनीश मिश्रा और जानी मानी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की तिकड़ी एक नए म्यूज़िकल फ़िल्म में फिर से एक साथ नज़र आयेंगे। अभय सिन्हा इस फ़िल्म को प्रेज़ेनटर हैं, जबकि इसके निर्माता हैं पंकज तिवारी । फ़िल्म की शूटिंग आज से मड आइलैंड के ममता बंगलों में शुरू हुई है । माँ भवानी इस फ़िल्म के टाइटल से ही ये अनुमान लगाया जा सकता है कि यह फ़िल्म अपने विषय में दैवीय शक्ति की उपासना कर रही है लेकिन वास्तव में इस फ़िल्म में क्या है यह तो सिर्फ़ अंदाज़ा ही लगाया जा सकता है। हाई बजट की इस फ़िल्म की सबसे खास बात यह है कि इसके हर सीक्वेंस को संगीत के माध्यम से पिरोया गया है और इसके गीत संगीत को भी विशेष तौर पर हर सीन शॉट के हिसाब से ढाला गया है ।

### अवैध वाहन चालकों पर चला एएसपी का हंटर

गोरखपुर । (पीएमए) सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकार कैंट मानुष पारीक का चला अवैध वाहनों के खिलाफ अभियान दर्जनों वाहन बिना नंबर पड़कर किया जप्त शहर में खनन माफियाओं द्वारा बिना नंबर के धडल्ले से बालू ईट का किया जा रहा सप्लाई कैंट थाना क्षेत्र के पैडलेगंज चौराहे के पास बिना नंबर पांच ट्रैक्टर दो डंपर 5 ट्रक ईट लदा एक स्विफ्ट डिजायर शराब पीकर चलते हुए पड़कर जप्त करने का कार्य किया सहायक पुलिस अधीक्षक के इस अभियान से अवैध तरीके से चल रहे बिना नंबर के खनन और ईट वाहन चालकों दहस्त का माहौल व्याप्त हो गया है पकड़े गए वाहन चालकों द्वारा सफेद पोश से अपने वाहनों को छुड़ाने का जुगाड़ लगा रहे हैं लेकिन सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध वाहनों को पकड़ने के बाद ही तुरंत वाहनों को जीडी में आमद कराने का कार्य किया जा रहा जिससे पकड़े गए वाहनों को किसी के कहने पर छोड़ने की नौबत ना आए सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकार कैंट मानुष पारीक ने कहा कि कैंट सर्कल में किसी भी तरीके का अवैध कार्य किसी भी कीमत पर नहीं होने पाएगा उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का कार्य किया जाएगा।

### राज्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर लोक संवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

गाजीपुर । (पीएमए)विकास खण्ड देवकली के ग्राम पंचायत श्रीगंज विकसित भारत संकल्प यात्रा /लोक संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उ0प्र0 डॉ0 दया शंकर मिश्र''दयालु जी'' ने दीप प्रज्वलित एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । मा0 मंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के माध्यम से जिन लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिला है, उनके साथ संवाद और जिन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उनका रजिस्ट्रेशन करके, उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।